# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, बुधवार 11 फरवरी 2026




## कैबिनेट ने लिया बड़ा फैसला

# मुख्यमंत्री ने 'बेटियों' के लिए खोले पेंशन के द्वार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

- महिला सशक्तिकरण के लिए मुख्यमंत्री का एक और फैसला
- पारिवारिक पेंशन के लिए अविवाहित, विधवा और तलाकशुदा बेटियों को भी दायरे में लिया गया

मप्र कैबिनेट ने मंगलवार को एक और बड़ा फैसला लिया है। इससे उन जरूरतमंदों को लाभ मिल सकेगा, जिन्हें कानूनन अभी तक पारिवारिक पेंशन का लाभ नहीं मिल पा रहा था। राज्य सरकार ने पहली बार पारिवारिक पेंशन के लिए अविवाहित, विधवा और तलाक़शुदा बेटियों को भी इसके दायरे में लिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का यह महज प्रशासनिक फ़ैसला नहीं है, बल्कि मानवीय संवेदनाओं के आधार पर फ़ैसला लिया गया है। एक ऐसे समय में जब पिता या माता का साया बेटियों के सिर से उठ जाता था और घर की रोज़ी-रोटी चलाने के लिए और कोई ज़रिया नहीं होता।

## पं. दीनदयाल उपाध्याय का पुण्य स्मरण

# एकात्म मानवदर्शन के प्रणेता और समर्थ भारत निर्माण के चिंतक

**वे चाहते थे कि विकास का लाभ अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे , तभी वह सच्चा विकास कहलाएगा। यही अंत्योदय का भाव**

व्यक्ति से समाज और समाज से राष्ट्र निर्माण का मार्ग दिखाने वाले , विलक्षण व्यक्तित्व के धनी , एकात्म मानव दर्शन और अंत्योदय के प्रणेता पं . दीनदयाल उपाध्याय के चरणों में कोटिशः नमन। पं . दीनदयाल जी का जीवन भारत राष्ट्र को दिशा देने वाला प्रकाश स्तंभ है। वे एक ऐसे ऋषि राजनेता थे जो समाज, संस्कृति और राष्ट्र के समग्र उत्थान के लिए समर्पित रहे। उन्होंने राजनीति को राष्ट्रधर्म की साधना का माध्यम माना। उनका स्पष्ट मत था कि स्वतंत्र भारत की यात्रा भारतीय दर्शन , संस्कृति और परंपरा के अनुरूप होनी चाहिए।



डॉ . मोहन यादव

सीएम का ब्लॉग

### उनका मत-कृषि सुदृढ़ होगी, तो किसानों की आय बढ़ेगी

पं . दीनदयाल जी ने आर्थिक विकास के लिए कृषि, उद्योग, परिवहन, व्यापार समाज, सुरक्षा एवं सेवा का एक स्पष्ट और व्यावहारिक क्रम बताया। इस क्रम में कृषि प्रधान देश भारत में खेती को प्रथम स्थान देने की आवश्यकता व्यक्त की। उनका मानना था यदि देश में कृषि सुदृढ़ होगी, तो किसानों की आय बढ़ेगी, ग्रामीण जीवन में स्थिरता आएगी और उद्योगों को कच्चा माल एवं श्रम दोनों सहज रूप से उपलब्ध होगा। इससे किसान, उपभोक्ता और समाज तीनों का संतुलन बना रहेगा।

### पीएम के संकल्प दीनदयाल जी के स्वप्निल भारत की ही साकार अभिव्यक्ति

हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत जिस विकास पथ पर अग्रसर है, उसके मूल में पं . दीनदयाल जी का चिंतन है। विरासत से विकास, आत्मनिर्भर भारत, वोकल फॉर लोकल और सबका साथ - सबका विकास, यह सभी एकात्म मानव दर्शन के आधुनिक रूप हैं। प्रधानमंत्री मोदी का संकल्प है कि वर्ष 2047, स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष तक भारत को विश्व की सर्वोच्च शक्ति के रूप में स्थापित किया जाए। यह संकल्प पं . दीनदयाल जी के स्वप्निल भारत की ही साकार अभिव्यक्ति है। प्रदेश के हर क्षेत्र की क्षमता, मेधा और दक्षता को अवसर प्रदान करने के लिए जहां रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का नवाचार किया गया, वहीं भोपाल में संपन्न हुई ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से स्थानीय उद्योगों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। निवेश के लिए हमने यूके, जर्मनी, जापान और दावोस आदि यात्राएं कीं और हैदराबाद, कोयंबटूर सहित मुंबई में रोड-शो के माध्यम से उद्योगपतियों को आमंत्रित किया।

## किताब पर संग्राम: लोकसभा स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस पेश, इस पर 118 सांसदों के हस्ताक्षर

# बिरला का लोकसभा में 'न' जाने का फैसला, 9 मार्च को प्रस्ताव पर चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विपक्ष ने मंगलवार को लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस पेश कर दिया। इसमें 118 सांसदों के हस्ताक्षर हैं। ओम बिरला अब लोकसभा नहीं जाएंगे। अविश्वास प्रस्ताव के गिरने के बाद ही वह स्पीकर की चेयर संभालेंगे। विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव पर सदन में 9 मार्च को चर्चा हो सकती है। 13 फरवरी को बजट सत्र के वर्तमान सेशन का आखिरी दिन है। इसके बाद 8 मार्च से सदन की कार्यवाही फिर से शुरू होगी। इससे पहले बजट सत्र के 10वें दिन संसद दो बार स्थगित हुई।

दोपहर 2 बजे से संसद की कार्यवाही शुरू हो सकी। शशि थरूर ने बजट पर चर्चा की शुरुआत की। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि दोपहर 1:14 बजे उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया। विपक्ष के सांसदों ने आरोप लगाया कि लोकसभा अध्यक्ष ने स्पष्ट तौर पर पक्षपाती व्यवहार किया और विपक्ष के नेताओं को बोलने की अनुमति नहीं दी। विपक्ष ने अविश्वास प्रस्ताव में चार घटनाओं का जिक्र किया गया है।

*कम से कम पचास सांसदों को खड़े होकर समर्थन दिखाना होगा। इसके बाद ही पीठासीन अधिकारी इस प्रस्ताव पर औपचारिक रूप से चर्चा की अनुमति दे सकता है*

### अविश्वास प्रस्ताव में चार घटनाओं का है जिक्र

**विपक्ष के सांसदों ने आरोप लगाया कि लोकसभा अध्यक्ष ने स्पष्ट तौर पर पक्षपाती व्यवहार किया और विपक्ष के नेताओं को बोलने की अनुमति नहीं दी**



रिजिजू ने ये वीडियो शेयर किया

### किरेन रिजिजू ने शेयर किया 4 फरवरी का वीडियो

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने मंगलवार को 4 फरवरी के लोकसभा के अंदर के दृश्यों का एक वीडियो शेयर किया है जिस दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भाषण होना था। किरेन रिजिजू ने वीडियो पोस्ट करते हुए एक्स पर लिखा कि यदि हमने सभी भाजपा सांसदों को न रोका होता और महिला सांसदों को कांग्रेस सांसदों का सामना करने दिया होता तो बहुत ही अजीब स्थिति उत्पन्न हो जाती।

### किताब विवाद पर राहुल गांधी बोले

# मुझे जनरल नरवणे पर पूरा भरोसा पूर्व आर्मी चीफ 'झूठ' नहीं बोलेंगे

राहुल गांधी ने मंगलवार को पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे के अप्रकाशित संस्मरण के कथित प्रसार को लेकर दिल्ली पुलिस द्वारा दर्ज की गई एफआईआर और इसके प्रकाशक पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया द्वारा जारी सफाई पर रिएक्शन दिया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने संसद के बाहर पत्रकारों से कहा-या तो नरवणे झूठ बोल रहे हैं या फिर पेंगुइन प्रकाशन कंपनी। मुझे नहीं लगता कि पूर्व सेना प्रमुख झूठ बोलेंगे। पेंगुइन का कहना है कि किताब प्रकाशित नहीं हुई है, लेकिन किताब अमेज़न पर उपलब्ध है। राहुल ने आगे कहा कि जनरल नरवणे ने ट्वीट किया है-प्लीज 2023 में मेरी किताब खरीदें। मैं पेंगुइन के बजाए नरवणे जी पर विश्वास करता हूं।



राहुल किताब दिखाते हुए

### नरवणे ने अनपब्लिश्ड किताब विवाद पर दी प्रतिक्रिया

जनरल नरवणे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पेंगुइन इंडिया के आधिकारिक बयान का स्क्रीनशॉट साझा किया और लिखा-यह किताब की मौजूदा स्थिति है। पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया ने कहा कि इस किताब के प्रकाशन का अधिकार केवल उनके पास है। कंपनी ने यह भी स्पष्ट किया कि किताब अभी प्रकाशन प्रक्रिया में नहीं गई है और पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया की ओर से इसकी कोई भी प्रति न प्रिंट में न डिजिटल या किसी अन्य रूप में जारी की गई है।



**यह कॉपीराइट का उल्लंघन** :-पेंगुइन पब्लिकेशन ने यह भी चेतावनी दी कि अगर किताब की कोई भी प्रति, पूरी या आंशिक रूप से, प्रिंट, पीडीएफ, डिजिटल या किसी अन्य फॉर्मेट में ऑनलाइन या ऑफलाइन किसी प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है, तो यह कॉपीराइट का उल्लंघन है। ऐसे किसी भी अवैध और अनधिकृत प्रसार को तुरंत रोका जाना चाहिए और इसके खिलाफ सभी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### 40 रुपए की नकली पिस्टल दिखाकर लूटे थे 80 लाख रु.

**नरसिंहपुर।** जिले में 3 फरवरी को होटल में हुई 80 लाख रुपए की कथित लूट अब पूरी तरह एक पटकथा ड्रामा साबित हो चुकी है। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपियों ने महज 40 रुपए की नकली पिस्टल दिखाकर लूट की कहानी रची थी। सभी आरोपी इस वक्त जेल में हैं। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी जल्द अमीर बनकर लग्जरी लाइफ जीना चाहते थे और गर्लफ्रेंड पर पैसा उड़ाने के सपने देख रहे थे। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के जरिए इस पूरे नाटक की परत-दर-परत सच्चाई उजागर कर दी। इस हाई-प्रोफाइल लूट कांड का मुख्य आरोपी होटल कुसुम वैली का मैनेजर चंद्रेश रजक है। उसके साथ राकेश शुक्ला, अखिलेश महदेले, अनुज वाल्मीकि और मोनू उर्फ टुईया वंशकार को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। इसके अलावा दो नाबालिग भी इस साजिश में शामिल पाए गए हैं, जिनके खिलाफ किशोर न्याय अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। नरसिंहपुर में तत्कालीन वित्त मंत्री अजय नारायण मुश्रान के नाम पर बने पार्क के पास स्थित होटल कुसुम वैली में 24 जनवरी की शाम करीब सात बजे एक अहम दृश्य देखने को मिला।

### यूटीएस एप होगा बंद, रेल वन एप लेगा उसकी जगह

**नई दिल्ली।** हर रोज रेल यात्रा के लिए टिकट बुकिंग के लिए उपयोग में आने वाला रेलवे का यूटीएस एप 1 मार्च से बंद होने जा रहा है। रेलवे ने यात्रियों के लिए जारी संदेश में कहा है कि इसके बाद रेल वन एप ही टिकट बुकिंग और यात्री सेवाओं के लिए एकमात्र, एकीकृत और आधिकारिक मोबाइल प्लेटफॉर्म होगा। रेलवे ने यात्रियों से आग्रह किया है कि वे जल्दी से जल्दी रेल वन एप पर शिफ्ट कर लें, ताकि उनकी सेवाओं में कोई बाधा न आए। हालांकि, रेलवे ने यह सुनिश्चित किया है कि यूटीएस एप में मौजूद आर-वैलेट बैलेंस पूरी तरह सुरक्षित रहेगा। यह बैलेंस न तो खोएगा और न ही खत्म होगा और इसे रेल वन एप पर आसानी से इस्तेमाल किया जा सकेगा।







जबलपुर, बुधवार 11 फरवरी 2026 ■ फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष-9 ■ वर्ष : 20, अंक : 283 ■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 * मौसम अधि. 26 न्यून. 12 haribhoomi.com

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


अस्पताल में विलाप करती महिलाएं

**कलश बांटते वक्त हुआ हादसा**

बदइंतजामी के चलते महिलाओं को कुचलते निकली भीड़

# डबरा में नवग्रह मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा में भगदड़, 1 महिला की मौत, 8 घायल हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डबरा

ग्वालियर जिले के डबरा में नवग्रह मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में कलश यात्रा शुरू होने से पहले भगदड़ मच गई। इसमें 70 वर्षीय महिला रति साहू की मौत हो गई। बच्ची समेत 8 लोग घायल हो गए हैं। इनमें से एक की हालत गंभीर है। ग्वालियर रेफर किया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक भगदड़ तब मची जब कलश यात्रा से पहले कलश बांटे जा रहे थे। इसी दौरान पुलिसकर्मियों ने अचानक स्टेडियम का गेट खोल दिया, जिससे भीड़ बेकाबू हो गई। महिलाएं एक दूसरे पर गिर गईं। मृतक महिला की बहू ने बताया कि पुलिसकर्मियों की लापरवाही से हादसा हुआ। भीड़ को कंट्रोल नहीं किया गया। इसी वजह से सास रति साहू को भीड़ कुचलते निकल गई। घायल सास को अस्पताल लेकर गए, तो डॉक्टर्स ने लापरवाही बरती। यहां ऑक्सीजन के लिए मेरी सास 30 मिनट तक तड़पती रही। नवग्रह शक्तिपीठ प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत दोपहर 1 बजे कलश यात्रा प्रस्तावित थी। इसके लिए महिलाओं को सुबह 11 बजे स्टेडियम पहुंचने को कहा गया था, लेकिन सुबह 9 बजे से ही महिलाएं बड़ी संख्या में ग्राउंड पर जुटने लगी थीं। भीड़ बढ़ती रही, लेकिन एंट्री गेट और अंदरूनी व्यवस्था के लिए पर्याप्त नियंत्रण नहीं किया गया। दावा है कि कलश यात्रा के लिए 1000 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी, लेकिन भगदड़ के वक्त लोगों को 2 पुलिसकर्मी ही बचाते दिख रहे हैं। हादसे के बाद स्टेडियम ग्राउंड में हर तरफ महिलाओं की चप्पलें, टूटी चूड़ियां और बिखरा सामान पड़ा मिला।

**पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा थे कार्यक्रम के आयोजक**


ग्वालियर कलेक्टर रुचिका चौहान घायलों से मिलने पहुंचीं

### हादसे के कारणों की जांच की जा रही: डीआईजी अमित

ग्वालियर कलेक्टर रुचिका चौहान ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना। उन्होंने बताया कि कलश लेने की जल्दी के कारण भीड़ बढ़ी और भगदड़ मची। वहीं डीआईजी अमित सांघी ने कहा कि मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### शरद पवार की सेहत में सुधार पीएम मोदी ने जाना हाल



**नई दिल्ली।** एनसीपी (एसपी) प्रमुख शरद पवार की सेहत में अब पहले से सुधार आया है। सोमवार को उन्हें सीने में जकड़न की शिकायत के बाद पुणे के रूबी हॉल क्लिनिक में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों के अनुसार उनकी हालत स्थिर है और सभी वाइटल पैरामीटर सामान्य हैं। ऐसे में आज यानी मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शरद पवार से फोन पर बात की और उनकी स्वास्थ्य स्थिति के बारे में जानकारी ली।

### प्रेमानंद महाराज के दर्शन का बदला सिस्टम



**मथुरा।** चर्चित संत प्रेमानंद महाराज के संग एकांतिक वार्तालाप और एकांतिक दर्शन की इच्छा भक्तों की पूरी होने वाली है। अब महाराज जी के राधा केली कुंज आश्रम में एकांतिक वार्तालाप की व्यवस्था बदल गई है और आश्रम प्रशासन द्वारा नया टोकन सिस्टम लागू किया गया है। श्रद्धालुओं को अब दिन में लाइन लगानी होगी। इसके बाद शाम के समय हाथ पर टोकन नंबर लिखकर दिया जाएगा।

### फिल्म 'घूसखोर पंडत' का बदलेगा नाम



**नई दिल्ली।** मनोज बाजपेयी अभिनीत फिल्म 'घूसखोर पंडत' के शीर्षक को लेकर उठे विवाद के बीच नेटफ्लिक्स इंडिया ने दिल्ली हाई कोर्ट को बताया है कि फिल्म का नाम बदला जाएगा। यह मामला फिल्म के आपत्तिजनक और मानहानिकारक शीर्षक को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान सामने आया। नेटफ्लिक्स की ओर से बताया गया है कि चिंताओं को देखते हुए फिल्म का नाम बदलने का फैसला किया है।

**सरकार अब सीधे प्लेटफॉर्म्स को जवाबदेह बना रही**

**इन नियमों का सीधा असर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स और डिजिटल कंपनियों पर पड़ेगा**

# एआई से बने वीडियो अब नहीं बचेंगे, सरकार लाई सख्त नियम, 3 घंटे में हटेगा फेक कंटेंट

*एआई से बना गैरकानूनी या आपत्तिजनक कंटेंट शेयर करने पर आईटी एक्ट, नए क्रिमिनल कानून, पॉक्सो और दूसरे कानूनों के तहत कार्रवाई हो सकती है*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सोशल मीडिया पर इन दिनों आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जेनरेटेड वीडियोज की बाढ़ सी आई है। असली क्या है और नकली क्या है ये समझ पाना काफी मुश्किल हो रहा है। ऐसे सरकार की तरफ इस पर शिकंजा कसने के लिए नया नियम आ गया है। सरकार ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से बने कंटेंट को लेकर नए नियम नोटिफाई कर दिए हैं। इन नियमों का सीधा असर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स और डिजिटल कंपनियों पर पड़ेगा। अब इंटरनेट पर जो भी कंटेंट एआई टूल्स से बनेगा, उसे साफ तौर पर लेबल करना जरूरी होगा। ये बदलाव 20 फरवरी 2026 से लागू होंगे। सबसे बड़ा बदलाव यह है कि अब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को एआई से बने गलत या गैरकानूनी कंटेंट को तीन घंटे के अंदर हटाना होगा। पहले यह समय सीमा 36 घंटे थी। मतलब अगर किसी प्लेटफॉर्म को पता चलता है कि कोई डीपफेक वीडियो, फर्जी डॉक्यूमेंट या भड़काऊ एआई कंटेंट फैल रहा है, तो उसे तुरंत एक्शन लेना होगा। सरकार का मानना है कि देरी से हटाने पर नुकसान फैल चुका होता है। पिछले कुछ समय में डीपफेक वीडियो, फर्जी तस्वीरें और नकली ऑडियो तेजी से फैलते दिखे हैं। आम यूजर के लिए असली और नकली में फर्क करना मुश्किल हो गया है।

**नए नियमों में एक और अहम बात है-पहचान और लेबलिंग**



फाइल फोटो

***हर तीन महीने में यूजर्स को नियमों की जानकारी देनी होगी***

***एक डिजिटल पहचान या मेटाडेटा जोड़ना होगा जिसे हटाया न जा सके***

### अब सिंथेटिक कंटेंट की परिभाषा साफ

सरकार ने अब सिंथेटिक कंटेंट की साफ परिभाषा दी है। इसका मतलब ऐसे ऑडियो, वीडियो, फोटो या विजुअल्स से है जो कंप्यूटर या एल्गोरिदम से बनाए गए हों और देखने में बिल्कुल असली लगें। यानी, ऐसा कंटेंट जो किसी इंसान या घटना को इस तरह दिखाए कि लोग उसे सच मान लें।

### कोई भी एआई कंटेंट बिना पहचान के घूमता न रहे

सरकार ने यह भी तय किया है कि सोशल मीडिया कंपनियों को हर तीन महीने में यूजर्स को नियमों की जानकारी देनी होगी। यूजर्स को साफ बताया जाएगा।

### बढ़ेगी सोशल मीडिया कंपनियों की जिम्मेदारी

अब सोशल मीडिया कंपनियों की जिम्मेदारी भी बढ़ गई है। यूजर जब कोई पोस्ट डालेगा, तो उसे बताना होगा कि कंटेंट एआई से बना है या नहीं? प्लेटफॉर्म को यह सिर्फ भरोसे पर नहीं छोड़ना है। कंपनियों को टेक्निकल तरीके से यह भी चेक करना होगा कि यूजर सच बोल रहा है या नहीं? अगर प्लेटफॉर्म नियमों का पालन नहीं करता, तो उसकी कानूनी सुरक्षा खत्म हो सकती है। यानी सरकार अब सीधे प्लेटफॉर्म्स को जवाबदेह बना रही है। इन बदलावों में पुराने कानूनों से जुड़ा एक अपडेट भी है। नए नियमों में इंडियन पीनल कोड की जगह नए आपराधिक कानून का जिक्र किया गया है। यानी, डिजिटल नियमों को भी देश के नए कानूनी ढांचे के साथ जोड़ा गया है। सरकार का कहना है कि इन नियमों से फर्जी खबरें, डीपफेक और भ्रामक प्रोपेगैंडा फैलाने पर रोक लगेगी।

**मथुरा में एक ही परिवार के 5 लोगों की हत्या**

# 3 मासूम बच्चों का गला दबाया, पत्नी को मारा... फिर खुद करंट लगाकर दी जान


मृतक परिवार के पांचों सदस्य, मनीष जाटव एवं पत्नी सीमा सहित बच्चे

**घर से 5 अर्थी निकलने से हड़कंप मच गया**

एजेंसी ▶▶ मथुरा

मथुरा से मंगलवार को एक चौंकाने वाला मामला सामने आया। यहां एक पूरे परिवार के लोगों के शव मिलने से हड़कंप मच गया। परिवार में कुल 5 लोग थे। पहले ये जानकारी सामने आई थी कि सभी ने सुसाइड किया है लेकिन बाद में ये जानकारी मिली कि गृहस्वामी ने सबसे पहले अपने 3 मासूम बच्चों की गला दबाकर हत्या की, फिर पत्नी के सिर पर वार कर उसे मारा और फिर खुद को करंट लगाकर जान दे दी।

### यह है मामला?

खप्परपुर निवासी 35 वर्षीय मनीष जाटव, उनकी पत्नी 32 वर्षीय सीमा, पांच वर्षीय बेटी हनी, चार वर्षीय प्रियांशी और दो वर्ष के बेटे पंकज का शव सुबह के घर के अंदर पड़ा मिला। जब काफी देर तक दरवाजा नहीं खुला तो पड़ोस में रह रहे मनीष के भाई पीछे की दीवार फांदकर अंदर पहुंचे। खिड़की से देखा तो कमरे में पांचों लोगों के शव पड़े थे।

**सतना में तेज रफ्तार कार का कहर**

# पैदल जा रहीं दो बच्चियों को मारी टक्कर, मौके पर ही दोनों की मौत

**एक तीसरी तो दूसरी थी 5वीं की छात्रा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सतना

सिंहपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार की सुबह दो परिवारों के लिए काल बनकर आई है। यहां पहाड़ीखेरा-कालिंजर स्टेट हाइवे पर एक तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे चल रही दो मासूम बच्चियों को इतनी जोरदार टक्कर मारी कि दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया है। दोनों बच्चियां अपने घर से पास की दुकान पर नाश्ते के लिए टोस्ट खरीदने गई थीं। हादसा सिंहपुर के दसमा मील के पास हुआ। हादसे के बाद कार चालक वाहन लेकर नागौद की




तरफ भाग निकला। मृतक बच्चियों की पहचान सोनम दहायत और मोनवी दहायत के रूप में हुई है। दोनों दसमा मील, सिंहपुर की रहने वाली थीं। सोनम कक्षा 5वीं की छात्रा थी। तो वही मोनवी डंडियां प्राथमिक विद्यालय में कक्षा 3 की छात्रा थी। पुलिस ने आरोपी चालक की तलाश कर रही है। पुलिस टोल प्लाजा और रास्ते में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि भागने वाले वाहन को ट्रैक किया जा सके।

**इंदौर में मौत का आंकड़ा 35 पहुंचा**

# दो साल की मासूम रिया सहित बुजुर्ग ने तोड़ा दम

**लोगों में गुस्सा बढ़ा स्थायी समाधान की मांग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पानी से हो रही मौतों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार रात 75 वर्षीय शालिग्राम ठाकुर ने दम तोड़ दिया, जबकि मंगलवार सुबह दो साल की मासूम रिया की भी मौत हो गई। गंदे पानी से उपजे संक्रमण की वजह से इंदौर में अब तक कुल 35 लोगों की जान जा चुकी है, जिससे क्षेत्र में दहशत और गुस्से का माहौल बना हुआ है। परिजनों के अनुसार शालिग्राम ठाकुर को 2 जनवरी को उल्टी-दस्त की शिकायत के बाद शेल्बी


रिया (मृतक) शालिग्राम ठाकुर

अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालत में सुधार न होने पर उन्हें बॉम्बे हॉस्पिटल रेफर किया गया, जहां वे लंबे समय तक वेंटिलेटर पर रहे। करीब 12 दिन पहले अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद उनकी स्थिति फिर बिगड़ गई और सोमवार रात उनका निधन हो गया। वहीं, सूरज प्रजापति की दो साल की बेटी रिया की मंगलवार सुबह करीब 4:30 बजे मौत हो गई।




## प्रदेश में अभी तेज ठंड नहीं, दो डिग्री तक और बढ़ेगा पारा

**13, 14 और 15 फरवरी को तापमान में गिरावट होगी और ठंड का असर बढ़ जाएगा**

# पहाड़ों पर जब बर्फ पिघलेगी तो प्रदेश में सर्द हवाएं फिर से ठिठुरन बढ़ाएंगी

*फरवरी में मौसम में उतार-चढ़ाव का दौर देखने को मिलेगा, फिर तापमान में बढ़त शुरू हो जाएगी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में अगले 2 दिन तेज ठंड का असर नहीं होगा। इससे तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक बढ़त होगी। पहाड़ों से जब साइक्लोनिक सकुर्लेशन आगे बढ़ जाएगा और बर्फ पिघलेगी तो प्रदेश में सर्द हवाएं फिर से ठिठुरन बढ़ाएंगी। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार पूरे फरवरी महीने मौसम में उतार-चढ़ाव का दौर देखने को मिलेगा।

इसके बाद तापमान में बढ़त शुरू हो जाएगी। इस सिस्टम से प्रदेश में बारिश होने के आसार नहीं हैं। मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण-पश्चिम राजस्थान के ऊपर एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन एक्टिव है।



### बारिश का अनुमान

वहीं, पहाड़ों में बर्फबारी और बारिश होने का अनुमान है। इस वजह से प्रदेश में अगले 2 दिन तक तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। भोपाल, इंदौर, उज्जैन सहित प्रदेश के अधिकांश हिस्से में मंगलवार को दिन में मध्यम धूप खिली रही। इससे अधिकतम तापमान में मामूली बढ़त रही। शाम से हवाओं ठंडक घुली जिससे देर रात से सुबह ठंड का असर बरकरार रहा।

### 5 शहरों में रात का पारा 8 डिग्री के नीचे

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार सिस्टम गुजरने और बर्फ पिघलने के बाद मौसम में फिर से बदलाव देखने को मिलेगा। 13, 14 और 15 फरवरी को तापमान में गिरावट होगी और ठंड का असर बढ़ जाएगा। उत्तर से ठंडी हवाओं का असर भी देखने को मिलेगा। मंगलवार रात में प्रदेश के 13 शहरों में रात का तापमान 10 डिग्री के नीचे रहा। इनमें से 5 शहरों में न्यूनतम तापमान 5 से 8 डिग्री बीच रहा।

# बालाघाट के जवानों के आत्मबल ने नक्सल समस्या को खत्म करके दिखाया: डॉ. यादव

### बालाघाट की अमर जवान ज्योति नक्सल मुक्त अभियान का स्मारक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को बालाघाट पहुंचे। यहां पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें सलामी दी गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस दौरान आईएसओ मानकों के अनुसार तैयार बालाघाट जिले के 32 पुलिस स्टेशनों और अन्य शासकीय कार्यालयों का रिमोट से लोकार्पण किया, इससे संबंधित प्रमाण पत्र भी मंच से प्रदान किए गए। इस अवसर पर पुलिस जवानों ने 'वो बांके अलबेले- जो वापस न लौटे- इस मिट्टी के बेटे' गीत की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नक्सल संस्मरण पुस्तक का विमोचन किया।

### सीएम ने रिमोट से किया 31 पुलिस स्टेशनों और अन्य शासकीय कार्यालयों का लोकार्पण


बालाघाट में उद्बोधन देते सीएम।

### बेहद दुखद थी कावरे की हत्या

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह खेद का विषय है कि बालाघाट में पूर्व में तत्कालीन सरकार के मंत्री लिखीराम कावरे की सरेआम हत्या कर दी गई थी। हमारे लिए यह बड़ी चुनौती थी, क्योंकि मध्यप्रदेश की 836 किलोमीटर लंबी सीमा छत्तीसगढ़ से लगती है। मध्यप्रदेश ने 38 पुलिस जवान और 27 आम नागरिक को खोया है। बाबा महाकाल के आशीर्वाद से राज्य सरकार ने नक्सलवादियों को जड़ से खत्म करने में सफलता प्राप्त की है।*

### इन जवानों को मिली पदोन्नति

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पदोन्नति पाने वाले जवानों में उप निरीक्षक से निरीक्षक के पद पर विपिन चंद्र खलको, इंदर सिंह विदूरी, शुभम प्रताप सिंह तोमर, रत्नेश मीणा, नवदेश श्रीवास्तव को सहायक उप निरीक्षक से उप निरीक्षक मुनेन्द्र सिंह, प्रधान आरक्षक से सहायक उप निरीक्षक के पद पर रूद्रीचंद जखमोला, अनिल सिंह भदौरिया, मत्ते सिंह मरावी, उज्जवल घोरमारे, मनोज कुमार यादव, देवेंद्र धुर्वे, रवेन्द्र कुशवाह, हरेन्द्र सिंह, प्रदीप गोसाई, विनोद कुमार मर्सकोले, उमेश कुमार पटेल, विकाश कुमार राजपूत, मुकेश सगर, विवेक परस्ते, राघवेन्द्र सिंह गुर्जर, आशीष रजक, शिवहरी मरावी, प्रवीण धुर्वे, टीकाराम ढकाल, प्रवीण कुमार, असित यादव, रामआशीष यादव, संदीप शर्मा, लोकपाल धाकड़, कृष्णा श्रेष्ठ, जितेन्द्र सिंह पटेल और वीर सिंह को पदोन्नत किया गया। शकरचंद सरयाम, सुनील परियार, चन्द्रकांत पांडेय, सत्यम द्विवेदी, सुनील यादव, देवराज कलमें, सुरेन्द्र सिंह मार्को, सुशील उईके, रामलाल भील, उमेश चन्द्र दुबे, संतोष कुमार मरावी, प्रदीप कुमार परते, राजा मालवीय, विशाल कुमार सिंह, दीपक पवार, कन्हैया मरकाम, सुनील सिंह कुशवाह, मुलायम सिंह, वरूण देव सिंह चाहर, मुनीष कुमार द्विवेदी, नीलेश, महेन्द्र सिंह, रवि कुमार यादव, छठु यादव, सलेश कुमार द्विवेदी, संजू शर्मा एवं जिला पुलिस बल के नरेन्द्र सोनवे को भी आरक्षक से प्रधान आरक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया है।

---

### मुख्य सचिव ने की विस के बजट सत्र की तैयारियों के साथ शासकीय योजनाओं और सुशासन की समीक्षा

# केंद्रीय बजट के अनुरूप परियोजनाओं और योजनाओं के प्रस्ताव भारत सरकार को भेजें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिवों से साफ कर दिया कि वे अपने अपने विभाग की योजनाएं बनाकर सीधे केंद्रीय मंत्रियों के जरिए ज्यादा से ज्यादा फंड लेने की कोशिश करें। उन्होंने कहा कि अभी भी काफी केंद्रीय फंड बकाया है। जब तक दिल्ली जाकर पैसा नहीं मांगेंगे, तब तक कुछ भी मिलने वाला नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि सभी अधिकारी बारी बारी से पूरी तैयारी के साथ दिल्ली जाकर काम करें।

दरअसल, मुख्य सचिव विभाग अध्यक्षों सहित अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिव से अपेक्षा की है कि वे केंद्रीय बजट के प्रावधानों के अनुरूप परियोजनाएं और योजनाएं तैयार कर भारत सरकार को भेजें इससे मध्यप्रदेश के प्राथमिकता क्षेत्र को अत्यधिक लाभ मिल सके। उन्होंने मंत्रालय में सोमवार को बैठक में मप्र विधान सभा के बजट सत्र की तैयारियों, वर्तमान वित्तीय वर्ष के लक्ष्यों की पूर्ति, सुशासन के बिंदुओं सहित मंत्रि-परिषद के निर्णयों के पालन की समीक्षा की। उन्होंने विधानसभा के आगामी बजट सत्र की तैयारियों की समीक्षा कर निर्देश दिए कि पिछले सत्रों के शून्यकाल सूचनाओं सहित अपूर्ण उत्तर वाले प्रश्न, आश्वासन और लोक लेखा समिति की अनुशंसाओं के लंबित मामले यथाशीघ्र पूर्ण करें। उन्होंने विभागीय परामर्शदात्री समितियों की बैठक करने के साथ ही विधानसभा को विभागीय प्रशासकीय प्रतिवेदन उपलब्ध करवाने के लिए कहा है।

**बैठक में मप्र विधान सभा के बजट सत्र की तैयारियों, वर्तमान वित्तीय वर्ष के लक्ष्यों की पूर्ति, सुशासन के बिंदुओं सहित मंत्रि-परिषद के निर्णयों के पालन की समीक्षा की**


अफसरों की बैठक लेते मुख्य सचिव।

### यथाशीघ्र प्रस्ताव भारत सरकार को भेजें

मुख्य सचिव ने बताया कि नॉलेज और एजुकेशन सिटी, मेडिकल हब, नाइपर, फार्मास्युटिकल रिसर्च सेंटर, स्कूल और कॉलेजों के लैब, सी मार्ट, हॉस्टल, स्किल डेवलपमेंट, पशुपालन और एमएसएमई ग्रोथ फंड जैसे अनेक क्षेत्रों में केंद्र सरकार ने बजट में प्रावधान किए हैं। मुख्य सचिव श्री जैन ने सलाह दी कि अधिकारी माह में कम से कम एक बार केंद्र में उनके विभाग से संबंधित ज्वाइंट सेकेट्री बात अवश्य करें। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि इस वित्त वर्ष की प्रगतिरत सामान्य योजनाओं में लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण करें। उन्होंने निर्देश दिए कि भारत सरकार से संबंधित ऐसी लंबित परियोजनाओं और योजनाओं को उनके संज्ञान में लाएं जिनमें समन्वय की आवश्यकता है।

### सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

मुख्य सचिव ने कहा कि आमजन की सेवाओं और सुविधाएं राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। उन्होंने कहा कि रजिस्ट्री के बाद और अविवादित नामांतरण समय सीमा में होना ही चाहिए। जैन लोकसेवा गारंटी अधिनियम में अधिसूचित सेवाओं में नागरिकों के आवेदन समय सीमा में निराकृत करने के निर्देश दिए।

### वार्षिक पूंजीगत खर्चों की समीक्षा

मुख्य सचिव जैन ने कहा कि आर्थिक ग्रोथ में पूंजीगत खर्चों का अहम योगदान होता है। अपर मुख्य सचिव वित्त मनीष रस्तोगी ने बताया कि अन्य वर्षों की तुलना में इस वित्त वर्ष में पूंजीगत खर्चों में वार्षिक लक्ष्यों की पूर्ति बेहतर है। मुख्य सचिव ने ऐसे विभाग जिनमें अभी भी राशि उपलब्ध है, उनसे कहा है कि इस वित्त वर्ष की शेष अवधि के लिए साप्ताहिक प्लान बनाकर वास्तविक व्यय सुनिश्चित करें।

### केंद्रीय बजट प्रस्ताव पर विमर्श

मुख्य सचिव ने निर्देशित किया कि हाल में आए केंद्र सरकार के बजट के प्रावधानों के अनुरूप मप्र में सिटी इकोनॉमिक रीजन, डेडीकेटेड केमिकल और पेट्रोकेमिकल पार्क और मेगा टेक्सटाइल पार्क सहित अन्य परियोजनाओं के प्रस्ताव तैयार करे। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के दिशा निर्देशों को भी समाहित कर यथाशीघ्र प्रस्ताव भेजे जाए।

---

### पंजीयन के वक्त आधार नंबर का वेरीफिकेशन अनिवार्य

# पांच एकड़ से अधिक जमीन पर मोहन सरकार कराएगी सत्यापन

*फोटो पहचान पत्रों का समुचित परीक्षण कर रिकॉर्ड रखा जाएगा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने के लिए किसानों को पंजीयन तभी मिलेगा, जब उनके भू-अभिलेख में दर्ज नाम का मिलान आधार कार्ड में दर्ज नाम से होगा। पंजीयन के दौरान आधार नंबर का वेरीफिकेशन अनिवार्य कर दिया गया है। आधार सत्यापन आधार से लिंक मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी या बायोमेट्रिक डिवाइस के माध्यम से किया जाएगा।

इसके साथ ही यदि किसी किसान ने पिछले वर्ष की तुलना में 50 प्रतिशत अधिक रकबे से गेहूं बेचने के लिए पंजीयन कराया है या उसके पास पांच एकड़ से अधिक भूमि है, तो सरकार द्वारा उसका अतिरिक्त सत्यापन भी कराया जाएगा। समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने किसानों का पंजीयन शुरू कर दिया है। किसानों को लाइन में लगने से राहत देने के लिए इस बार ऑनलाइन पंजीयन की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।


फाइल फोटो।

### इन दस्तावेजों का सत्यापन अनिवार्य

किसानों के पंजीयन के दौरान भूमिधर, सिकमी, बटाईदार, अनुबंध, कोटवार एवं वन पट्टाधारी किसानों के दस्तावेजों के साथ आधार कार्ड एवं अन्य फोटो पहचान पत्रों का समुचित परीक्षण कर रिकॉर्ड रखा जाएगा। सिकमी, बटाईदार, कोटवार एवं वन पट्टाधारी किसानों का पंजीयन केवल सहकारी समितियों और सहकारी विपणन संघों के माध्यम से होगा। इन किसानों का 100 प्रतिशत सत्यापन वन विभाग और राजस्व विभाग द्वारा किया जाएगा।

### मुफ्त और सशुल्क दोनों विकल्प

**मुफ्त पंजीयन:** ग्राम पंचायत कार्यालय, जनपद पंचायत, तहसील कार्यालयों के सुविधा केंद्र, सहकारी समितियां एवं सहकारी विपणन संस्थाएं
**सशुल्क पंजीयन (50 रुपए):** एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर (केसीसी), लोक सेवा केंद्र और निजी साइबर कैफे।

### बैंक खाते को लेकर सख्ती

पंजीयन के समय किसान को बैंक खाता नंबर और आईएफएससी कोड देना अनिवार्य होगा। जनधन, अक्रियाशील, संयुक्त खाते तथा फिनो, एयरटेल, पेटीएम बैंक के खाते मान्य नहीं होंगे। आधार से लिंक बैंक खाते का सत्यापन 1 रुपए के ट्रांजेक्शन के जरिए ई-उपार्जन पोर्टल व जेआईटी पोर्टल से किया जाएगा।

---

### खूंखार नक्सली कमांडर चलपती के साथ रहे चार सरेंडर नक्सलियों ने भी रचाई शादी

**मुख्यमंत्री साय ने सभी को नवदांपत्य जीवन की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं**

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 6 हजार 414 जोड़ों का विवाह संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में 'मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना' के तहत मंगलवार को 6 हजार 414 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। छह हजार से ज्यादा जोड़ों ने एक दूजे का हाथ थामा। सभी ने नवदांपत्य जीवन में प्रवेश किया। 'मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना' के तहत प्रदेश में गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड बना है। सभी जोड़ों ने अपने नए जीवन की शुरुआत कर एक नया रिकॉर्ड बनाया है। इस विवाह की सबसे बड़ी खासियत ये रही कि इसमें खूंखार नक्सली कमांडर चलपती के साथ रहे चार सरेंडर नक्सलियों ने भी शादी रचाई। प्रदेश के सीएम विष्णुदेव साय की मौजूदगी में सभी जोड़ों ने एक दूसरे का हाथ थामा। सीएम साय ने सभी को नवदांपत्य जीवन की बधाई और शुभकामनाएं दी। उनके उज्जल भविष्य की कामना की।

### प्रदेश के कई जिलों में हुआ आयोजन

बता दें कि यह आयोजन प्रदेश में कई जिलों में हुआ। इन जिलों में रायपुर, कवर्धा, जगदलपुर, बलौदाबाजार-भाटापारा, धमतरी, दुर्ग, महासमुंद, राजनांदगांव आदि जिले शामिल हैं। कुल मिलाकर सामूहिक विवाह का आंकड़ा 6 हजार 414 है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़कर नव विवाहित जोड़ों को अपना आशीर्वाद प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह योजना गरीब माता-पिता के लिए एक बहुत बड़ा सहारा है। उन्होंने पुरानी यादों को साझा करते हुए बताया कि पूर्व में निर्धन परिवारों को बेटियों के सम्मानजनक विवाह के लिए अपनी संपत्ति तक गिरवी रखनी पड़ती थी, लेकिन तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन ने 2005 में इस जिम्मेदारी को उठाया। उन्होंने यह भी कहा कि वर्ष 2005 में मात्र 5 हजार रुपये की सहायता राशि से शुरू हुई यह योजना आज 50 हजार रुपये तक पहुँच चुकी है, जो गरीब परिवारों के सशक्तिकरण का प्रतीक है।

---

### शाह की अध्यक्षता में नई दिल्ली में होगी समीक्षा

# सहकारिता में नवाचार-उपलब्धियों का प्रजेंटेशन तैयार करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने मप्र सहकारिता विभाग में किए गए नवाचार एवं उपलब्धियों से संबंधित प्रजेंटेशन तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि केन्द्र सरकार की ओर से चाही गई बिन्दुवार जानकारी तैयार की जाए। जानकारी पूर्णतः अद्यतन हो, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये।

मंत्री सारंग सोमवार को मंत्रालय में सहकारिता विभाग की समीक्षा कर रहे थे। बैठक केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में 17 फरवरी को नई दिल्ली में होने वाले प्रस्तावित सम्मेलन के परिप्रेक्ष्य में आयोजित की गई थी। मंत्री सारंग ने कहा कि प्रजेंटेशन में सहकारिता विभाग की विशेषताएं एवं उपलब्धियों सहित सीपीपीपी मॉडल, चीता बीज और नवाचारों का भी समावेश किया जाए। अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष में किए गए सर्वोत्तम कार्यों की जानकारी भी दी जाए। उन्होंने कहा कि डेयरी क्षेत्र में सर्कुलेरिटी एवं सस्टेनेबिलिटी का भी समावेश किया जाए। सहकारिता में सहकार अभियान के तहत दुग्ध, मत्स्य सहित अन्य सहकारी संस्थाओं तथा उनके सदस्यों के खातों की संख्या दर्शाई जाए। प्रचार-प्रसार की दृष्टि से किए गए प्रयासों को भी बताएं। प्रजेंटेशन को अद्यतन जानकारी के साथ आकर्षक बनाया जाये और कम्पाइल प्रजेंटेशन तैयार कर शीघ्र प्रस्तुत करें।

मंत्री सारंग ने कहा कि पेक्स का बहुउद्देश्यीकरण, राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस, राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम की योजनाएं एवं सहकारिता क्षेत्र को लाभ, वित्तीय सहायता आदि का समावेश किया जाए।

---

### निगम मुख्यालय के बाहर की गई थी बैरिकेटिंग

# गोमांस-पानी के मुद्दे पर कांग्रेसियों ने घेरा निगम मुख्यालय, की नारेबाजी


प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर में गोमांस और पानी के मामले को लेकर सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निगम मुख्यालय का घेराव कर नारेबाजी की। पर्याप्त पुलिस बल और सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों के बीच कार्यकर्ता बैरिकेड्स फांदकर परिसर में कूद गए और जमकर नारेबाजी की। कार्यकर्ता गोमांस मामले को लेकर महापौर और एमआईसी सदस्यों से इस्तीफा देने की मांग कर रहे थे। इस दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच मामूली धक्का-मुक्की भी हुई। निगम प्रशासन को ज्ञापन देने के बाद कार्यकताओं ने परिसर में महापौर सहित एमआईसी सदस्यों के रावणरूपी पुतले का दहन किया। कांग्रेस कार्यकर्ता महापौर का 11 सिर वाला कटआउट लेकर पहुंचे थे।कांग्रेस नेता रविंद्र साहू झूमरवाला के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे जुलूस के रूप में नारेबाजी करते हुए निगम मुख्यालय पहुंचे।

---

### पुलिस ने किया आरोपी बेटी को गिरफ्तार

# बेटी ने हंसिए से हमला कर पिता का उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

हरदी बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम रलिया के लिममुंडा बस्ती में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक बेटी ने अपने ही पिता की हत्या कर दी। इस घटना से पूरे गांव में हड़कंप मच गया है। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने तत्काल आरोपी बेटी को गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 55 वर्षीय अशोक कुमार केवट अपने परिवार के साथ रलिया में रहते थे। पिछले आठ वर्षों से उनकी पत्नी और तीन बेटियां कोरबा के आदिले चौक में अलग रह रही थीं। बेटियां निजी कंपनी में काम करती हैं और एक पढ़ाई कर रही है। सोमवार को अशोक केवट की पत्नी और तीनों बेटियां किसी काम से रलिया गांव आई हुई थीं। एक बेटी का जाति प्रमाण पत्र बनवाना था, जिसके कारण वो वहीं रुकी हुई थीं। सोमवार की देर रात, बड़ी बेटी गीता केवट (27 वर्ष) और पिता अशोक केवट के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि गीता ने घर में रखे हंसिये से पिता के गले पर वार कर दिया।

### अन्य बेटियों सहित अलग रहती है मृतक की पत्नी

मृतक अशोक केवट के भाई संतोष कुमार ने बताया कि हत्या के बाद गीता बाहर आई और उसने कहा कि पिताजी को मार डाला है, जाकर देख लो। अंदर जाने पर अशोक खून से लथपथ मिले और उनकी मौत हो चुकी थी। बताया जा रहा है कि अशोक केवट आदतन शराबी थे और उनकी हरकतों से परेशान होकर पत्नी और बच्चे उनसे अलग रहते थे। मृतक अशोक अक्सर अपनी मां और बेटी के चरित्र पर भी सवाल उठाते थे, जिससे वो परेशान थीं। अशोक राजमिस्त्री का काम करते थे और अकेले ही जीवन यापन कर रहे थे। आरोपी बेटी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है। हत्या के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस विस्तृत जांच कर रही है।

---

### मंथन पर फैसला, अलग-अलग भूमिका अदा करेंगे

# अब कांग्रेस का लीडर एडजस्टमेंट प्लान- 3 हजार से अधिक नेताओं को मिलेगी जिला ब्लॉक और ग्राम के प्रभारी के तौर पर जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश में कांग्रेस की तीन दिन चली बैठकों के बाद संगठन को लेकर एक नया फार्मूला सामने आया है। चुनाव से पहले कांग्रेस ने अब नेताओं के पुनर्वास की तैयारी भी शुरू कर दी है। संगठन को और मजबूत करने के लिए करीब 3000 से अधिक नेताओं के एडजस्टमेंट का प्लान बनाया गया है। ये नेता अलग-अलग भूमिकाओं में पार्टी के लिए काम करेंगे।

मध्य प्रदेश में लगातार तीन दिन तक कांग्रेस की बैठकों का दौर चला। प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और संगठन के कई वरिष्ठ नेताओं के साथ मंथन हुआ। इन बैठकों में यह फैसला लिया गया कि संगठन को मजबूत करने के लिए ज्यादा से ज्यादा नेताओं को जिम्मेदारी दी जाएगी। खास तौर पर वे नेता, जिन्हें कार्यकारिणी में जगह नहीं मिल पाने की वजह से पार्टी में हाशिये पर माना जा रहा था, अब उन्हें ब्लॉक, मंडल और सेक्टर प्रभारी बनाया जाएगा। कांग्रेस का मानना है कि इससे संगठन की निगरानी व्यवस्था मजबूत होगी और जमीनी स्तर पर सक्रियता बढ़ेगी। नेताओं की नियुक्ति के साथ-साथ जिला कार्यकारिणी को लेकर भी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से दिशा-निर्देश मिले हैं। इसके तहत छोटे जिलों में 31 सदस्यीय और बड़े जिलों में 51 सदस्यीय कार्यकारिणी बनाई जाएगी, यानी अब सीमित और चुनी हुई टीम पर फोकस रहेगा।

### बदलाव पर आमने-सामने कांग्रेस बीजेपी

प्रदेश संगठन महामंत्री संजय कामले का कहना है कि चुनाव से पहले कांग्रेस एक बड़ी रणनीति पर काम कर रही है और संगठन स्तर पर जिम्मेदारियां तय की जा रही



फाइल फोटो।

### संगठन पर मेहनत कर रहे

नेताओं का एडजस्टमेंट कांग्रेस के लिए हमेशा से एक बड़ी चुनौती रहा है। अनुशासनहीनता और गुटबाजी पार्टी की पुरानी समस्या मानी जाती रही है। अब देखना होगा कि संगठन में किया जा रहा ये बदलाव कांग्रेस को कितनी मजबूती देता है। हालांकि, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी जिस तरह लगातार मध्य प्रदेश में मेहनत कर रहे हैं, उससे संगठन को लेकर एक नई उम्मीद जरूर जगी है। नेताओं के एडजस्टमेंट पर मंथन, जिला और ब्लॉक अध्यक्षों को हाईकमान के निर्देशों का पालन, जंबो कार्यकारिणी में कटौती, केवल सक्रिय कार्यकर्ताओं को मौका दिया जाएगा।

---

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने अर्पित की श्रद्धांजलि


श्रद्धांजलि अर्पित करते हेमंत।

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने सोमवार को पार्टी के प्रदेश सह प्रभारी एवं विधायक सतीश उपाध्याय के बड़े भाई अवधेश उपाध्याय के दुःखद निधन पर नई दिल्ली स्थित उनके निवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने शोक संवेदना व्यक्त कर शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया।

### भले ही वैधानिक प्रावधान उपलब्ध नहीं लेकिन महाधिवक्ता यह सुनिश्चित करें

## महाधिवक्ता कार्यालय में आरक्षित वर्ग व महिलाओं को प्रतिनिधित्व दें : सुप्रीम कोर्ट

हरिभूमि जबलपुर।

सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक महत्वपूर्ण आदेश में मध्य प्रदेश के महाधिवक्ता कार्यालय में शासकीय अधिवक्ताओं की टीम में आरक्षित वर्ग व महिलाओं को समुचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने को कहा है। जस्टिस एमएम सुंदरेश व जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की खंडपीठ ने



साफ किया है कि इस संबंध में वैधानिक प्रावधान उपलब्ध नहीं है, लेकिन महाधिवक्ता यह सुनिश्चित करें कि वंचित समुदाय और महिलाओं को उचित प्रतिनिधित्व मिले। इस मत के साथ सुप्रीम कोर्ट ने मप्र में सरकारी वकीलों की नियुक्ति में ओबीसी व अन्य आरक्षित वर्ग को आरक्षण देने की मांग वाली याचिका का अंतिम निराकरण कर दिया। दरअसल, एडवोकेट्स वेलफेयर एसोसिएशन, जबलपुर ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर आरोप लगाया था कि महाधिवक्ता कार्यालय में हालिया नियुक्तियों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और ओबीसी वर्ग के अधिवक्ताओं का पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया है। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर, वरुण ठाकुर व विनायक प्रसाद शाह ने दलील दी कि हाल की नियुक्तियों में एक भी एसटी अधिवक्ता का चयन नहीं हुआ और एससी वर्ग से भी बहुत कम अधिवक्ताओं को स्थान मिला। यह भी कहा गया कि सरकारी वकीलों की नियुक्ति का दीर्घकालिक प्रभाव पड़ता है, क्योंकि ऐसे वकीलों पर आगे चलकर न्यायाधीश पद के लिए विचार किया जाता है। इस पर न्यायमूर्ति सुंदरेश ने सवाल उठाया कि क्या ऐसी नियुक्तियों में आरक्षण को अधिकार के रूप में लागू किया जा सकता है। उन्होंने कहा-क्या हम विधि लिपिक के लिए भी आरक्षण दे सकते हैं, जो महाधिवक्ता अपनी टीम अपने साथ लाते हैं। न्यायमूर्ति कोटिश्वर सिंह ने यह भी कहा कि महाधिवक्ता बदलने पर अक्सर सरकारी वकील भी बदल जाते हैं। वहीं राज्य सरकार की ओर से दलील दी गई कि सुप्रीम कोर्ट, हाई कोर्ट और अन्य अदालतों में राज्य का प्रतिनिधित्व करने के लिए महाधिवक्ता को अपनी टीम नियुक्त करने का विशेषाधिकार है और इन नियुक्तियों पर वैधानिक आरक्षण नियम लागू नहीं होते।

22 लाख 45 हजार रुपये के घोटाले में हाईकोर्ट ने दिया आदेश

## एसपी दो माह में न्यायालय के समक्ष पेश करें चालान

मंडला पुलिस के द्वारा दो साल पूर्व दर्ज किए गए अपराध में न्यायालय के समक्ष चालान पेश नहीं किए जाने को चुनौती देते हुए मप्र हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। याचिका की सुनवाई करते हुए जस्टिस बीपी शर्मा की सिंगल बेंच ने पुलिस अधीक्षक, मंडला को संबंधित आपराधिक प्रकरण में 60 दिनों के अंदर न्यायालय के समक्ष चालान पेश करने का आदेश दिया। दरअसल, मंडला जिले की जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्राम पिंडरई के सरपंच संदीप मरकाम की ओर से दायर याचिका में कहा गया था कि उप सरपंच आलोक तिवारी व अन्य के द्वारा 22 लाख 45 हजार रुपये का घोटाला किए जाने के संबंध में सितंबर, 2023 में नैनपुर थाने में प्रकरण दर्ज किया गया था। आरोपियों के अग्रिम जमानत का आवेदन हाई कोर्ट ने निरस्त कर दिया था। सर्वोच्च न्यायालय ने जनवरी, 2024 में आरोपियों को अग्रिम जमानत का लाभ इस शर्त के साथ प्रदान किया था कि ट्रायल व जांच में सहयोग करने पर उनके खिलाफ कोई सख्त कार्यवाही न की जाए।याचिका में कहा गया कि उक्त आपराधिक प्रकरण में निर्धारित समय सीमा के अंदर चालान पेश नहीं किया गया। पुलिस अधिकारियों को चालान पेश करने के लिए अभ्यावेदन दिया गया था। इसके बावजूद भी नैनपुर पुलिस द्वारा आपराधिक प्रकरण में चालान पेश नहीं किया जा रहा है। जिसके खिलाफ उक्त याचिका दायर की गई।

पंचायत सचिव को हटाने का मामला

## हाई कोर्ट ने एसडीओ को वापस भेजा मामला

हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति मनिंदर सिंह भट्टी की एकलपीठ ने पंचायत सचिव को हटाने के मामले को दोबारा एसडीओ अजयगढ़ को भेज दिया है। कोर्ट ने कहा है कि एसडीओ सभी पक्षों को सुनवाई का अवसर देते हुए पुनर्विचार कर अंतिम निर्णय पारित करें। अंतरिम राहत के तौर पर एसडीओ का निर्णय आने तक याचिकाकर्ता पद पर बना रहेगा। याचिकाकर्ता पन्ना निवासी संतोष कुमार शुक्ला की ओर से अधिवक्ता निशांत मिश्रा व मनीष रजक ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता ग्राम पंचायत मोहाना में पंचायत सचिव के पद पर पदस्थ था। सरपंच के आदेश पर ग्राम पंचायत ने प्रस्ताव पारित कर 2004 में उसे पद से हटा दिया गया। इसके बाद एसडीओ ने याचिकाकर्ता की अपील स्वीकार कर सरपंच द्वारा पारित सेवामुक्ति का आदेश निरस्त कर दिया था। सरपंच ने उस आदेश के खिलाफ कलेक्टर के समक्ष अपील की। कलेक्टर ने एसडीओ के आदेश को निरस्त कर दिया। इसलिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई। दलील दी गई कि एसडीओ ने आदेश पारित करने के दौरान शिकायतकर्ता सरपंच को सुनवाई का अवसर नहीं दिया था। हाई कोर्ट ने सभी आदेश निरस्त कर मामले को पुनः एसडीओ को भेज दिया।

## शासकीय स्कूल व तालाब की जमीन में अतिक्रमण पर हाईकोर्ट ने किया जवाब तलब

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा व न्यायमूर्ति विनय सराफ की युगलपीठ ने जिला प्रशासन मैहर से पूछा है कि शासकीय स्कूल व तालाब की जमीन पर अतिक्रमण क्यों काबिज हैं। कोर्ट ने कलेक्टर मैहर निवाड़ी, एसडीओ, तहसीलदार, नायब तहसीलदार व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। जनहित याचिकाकर्ता सतना निवासी सेवानिवृत्त शासकीय शिक्षक परमेश्वर दीन पांडे की ओर से अधिवक्ता केके पांडे ने दलील दी कि ग्राम लतागांव, तहसील मैहर, जिला सतना स्थित शासकीय मिडिल स्कूल परिसर एवं उससे लगे तालाब की भूमि पर हुए अतिक्रमण काबिज हैं। दलील दी गई कि खसरा नंबर 1770, 1771 एवं 1773 की शासकीय भूमि पर असामाजिक तत्वों द्वारा अवैध झोपड़ियां व दुकानें बना ली हैं। यहां शराब सेवन, नशीले पदार्थों की बिक्री एवं अन्य आपत्तिजनक गतिविधियां संचालित हो रही हैं। इससे स्कूल का वातावरण दूषित हो रहा है तथा ग्रामीणों को तालाब के पानी के उपयोग से वंचित किया जा रहा है। विशेष रूप से महिलाएं एवं स्कूली बच्चे प्रभावित हो रहे हैं। याचिकाकर्ता ने राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों को कई बार शिकायतें की, कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। लिहाजा, हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई।

## रादुविवि ने शैक्षणिक सहयोग के लिए आईसीएआई से किया एमओयू

**जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय ने इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) के साथ वाणिज्य स्नातकों के लिए एक समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू.) पर हस्ताक्षर किये। इस संबंध में कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा ने बताया कि यह पहली बार है जब रादुविवि और आईसीएआई के बीच छात्रहितों को लेकर यह कदम उठाया गया है। यह एमओयू दोनों संस्थानों ने अकादमिक, अनुसंधान और प्रशिक्षण के क्षेत्र में ज्ञान प्रदान करने और कौशल उन्नयन के लिए परस्पर सहयोग के लिए किया है। यह समझौता ज्ञापन दोनों प्रतिष्ठित संस्थानों के बीच शैक्षणिक सहयोग के लिए किया गया है।

## सीएमएचओ डॉ मिश्रा के खिलाफ शिकायत का मानव अधिकार आयोग ने लिया संज्ञान

**जबलपुर।** जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर संजय मिश्रा के खिलाफ एक शिकायत पर संज्ञान लेते हुए मानव अधिकार आयोग ने आयुक्त लोक स्वास्थ्य को मामले की जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने कहा है। दरअसल समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव आशीष मिश्रा द्वारा मानव अधिकार आयोग में शिकायत की गई थी कि सीएमएचओ डॉक्टर संजय मिश्रा ने अपनी सेवा पुस्तिका में और पेंशन पपत्रों में दर्ज पहली पत्नी तृप्ति मिश्रा और दिव्यांग पुत्र जान्हवी मिश्रा का नाम अवैध रुप से हटाकर, दूसरी पत्नी और उसके पुत्र को पेंशन संबंधी व अपनी चल-अचल संपत्ति का अधिकार देकर वैधानिक पात्रों को अधिकारों से वंचित कर दिया, जो मानव अधिकारों का उल्लंघन है। मानव अधिकार आयोग ने प्रकरण क्रमांक 439-जबलपुर-2026 में इस शिकायत पर संज्ञान लेकर आयुक्त लोक स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया है कि पूरे मामले की जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाए।

## रंगदारी वसूलने किसान व बस ड्राईवर के साथ मारपीट

**जबलपुर।** बेलबाग और शहपुरा थाना क्षेत्रों में शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने की बात पर बदमाशों ने एक किसान व एक बस ड्राइवर के साथ मारपीट कर दी। बेलबाग पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार तुलसी मोहल्ला बेलबाग निवासी 25 वर्षीय विशाल कोरी गत शाम 4 बजे अपने घर के सामने खड़ा था तभी पड़ोसी दीपक कोरी ने शराब पीने के लिए 500 रुपए की मांग कर उसके साथ गालीगलौज व मारपीट कर कंधे पर चोटे पहुंचा दी। इसी तरह शहपुरा में चेरीताल राजीवनगर निवासी 35 वर्षीय बस ड्राइवर सतीश मिश्रा गत शाम लगभग 5 बजे बस क्रमांक एमपी 20 पीए 1266 में सवारी भरकर शहपुरा आ रहा था। शाम लगभग 6.40 बजे शहपुरा में सिंघई हार्डवेयर के सामने सवारियां उतार रहा था उसी समय रमखिरिया निवासी धर्मेन्द्र सिंह राजपूत एवं अमित सिंह राजपूत दोनों उसके साथ गाली गलौज करते हुये शराब पीने के लिये पैसों की मांग करते हुए मारपीट कर दी जिसे उसके सीना एवं गले में अंदरूनी चोटें आयी है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## मॉडीफाई साइलेंसर बाइक का वीडियो वायरल करने पर काटा चालान

**जबलपुर।** सोशल मीडिया की लोकप्रियता का इस्तेमाल जहां पब्लिसिटी के लिए किया जा रहा है वहीं अपराधी इस प्लेटफार्म का इस्तेमाल अराजक गतिविधियों को अंजाम देने में भी कर रहे हैं। गत कुछ दिनों से मॉडीफाई साइलेसर वाली एक मोटर साइकिल चलाने का वीडियो लोगों के बीच वायरल हो रहा था। बेलबाग पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर साईबर सेल की मदद से आरोपी मोटर साइकिल चालक की पतासाजी कर उसे पकड़कर मॉडीफाई साइलेसर निकलवाकर बाईक चालक से एक हजार समन शुल्क वसूला। बेलबाग पुलिस ने बताया कि पुलिस अधीक्षक ने सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट, शस्त्र प्रदर्शन, वाहनों पर स्टंट के वीडियो डालने वालों के खिलाफ सख्ती के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में एक युवक ने मॉडीफाई साइंलेसर वाली मोटर साइकिल का वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड किया



था पुलिस ने मोटर साइकिल चालक की पहचान व्यौहार बाग बेलबाग निवासी विश्व मोह अर्खेल के रूप में कर आरोपी की पतसाजी कर उसे पकड़ा उसकी मोटर साइकिल क्रमांक एमपी 20 जेड बी 7760 में लगा मॉडीफाई साईलेसर निकलवाया और मोटर साइकिल चालक विश्वमोहन अर्खेल से 1 हजार रूपए समन शुल्क वसूला।

## ई-चलान का डर दिखा कर एक लाख 86 हजार ठगे

**जबलपुर।** गोरखपुर थानान्तर्गत दशमेश द्वार के समीप अज्ञात जालसाज ने एक व्यक्ति को आरटीओ अधिकारी बनकर चालान काटने का डर दिखाकर ई-चालान की फाईल वाटअप पर भेजकर उसका मोबाईल हैक कर अलग-अलग खातों से एक लाख 86 हजार रूपए ट्रांसपर करा लिये। गोरखपुर पुलिस ने बताया कि दशमेश द्वार मदनमहल निवासी महेश पाण्डेय के मोबाईल फोन पर गत 25 जनवरी को दोपहर लगभग 12.44 बजे किसी अज्ञात ने वाट्अप काल कर स्वयं को आरटीओ अधिकारी बताकर चालान काटने का भय दिखाकर ई-चालान भरने उसके मोबाईल पर वाट्सअप के माध्यम से एपीके फाईल भेजी। उक्त फाईल पर जैसे ही महेश ने क्लिक किया तो उसके एफडी खाते व बचत खाते से एक लाख 79 हजार व 6 हजार 579 रूपए निकल गये। इस तरह आरोपी ने ऑनलाईन ठगी कर अपने खाते में एक लाख 86 हजार रूपए ट्रांसपर करा लिये थे अज्ञात जालसाज पर मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।



## सप्ताह भर से लापता युवक का नहीं लगा सुराग

**जबलपुर।** जबलपुर देहात थाना चरगवां के ग्राम कोटावारी से एक 25 वर्षीय युवक लगभग एक सप्ताह पूर्व से लापता है परंतु अब तक उसका कोई पता नहीं चला है। लापता युवक के परिजन लगातार उनकी तलाश में जुटे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम कोटावारी निवासी 25 वर्षीय रोहित मेहरा मंगलवार, 3 फरवरी को अपने घर से यह कहकर निकला था कि वह बरगी स्थित एलएंडटी कंपनी जा रहा है। हालांकि, वह न तो कंपनी पहुंचा और न ही शाम तक घर वापस लौटा। जब देर रात तक रोहित का कोई संपर्क नहीं हुआ, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन उसका मोबाइल बंद मिला और कार्यस्थल पर भी उसके न पहुंचने की पुष्टि हुई। लापता युवक के परिवार ने स्थानीय पुलिस को मामले की सूचना दी है लेकिन एक सप्ताह का समय बीत जाने पर भी कोई ठोस सुराग हाथ न लगने से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## सड़क हादसे में घायल की मौत

**जबलपुर।** खमरिया थानान्तर्गत कल रात लगभग साढे नो बजे उमरिया मोड़ के समीप टेंट का काम करने वाला एक युवक अपनी सौतेले पिता व मां के साथ जा रहा था तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए पिता पुत्र को टक्कर मार दी। घटना में घायलों को स्थानीय जनों की मदद से ईलाज के लिए रांझी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डाक्टर ने चैक कर घायल युवक को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पंचनामा कार्यवाही कर शव को पोस्टमॉटम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर जांच में लिया गया। खमरिया पुलिस ने बताया कि कल सड़क हादसे में घायल एक व्यक्ति की मौत होने की सूचना पर रांझी अस्पताल पहुंची पुलिस को पूरानी बस्ती रांझी निवासी नारायण चौधरी ने बताया कि अशोक टेंट हाउस में वेटर का काम करता है। अशोक टेंट हाउस का काम दक्ष होटल के पीछे लगा था। जहां काम करने के लिए नारायण चौधरी अपनी पत्नी विद्या बाई व सौतेले बेटे व अनिल के साथ आया था कल रात लगभग साढे नौ बजे नारायण चौधरी व अनिल गुटखा लेने उमारिया मोड़ की ओर जा रहे थे तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने पिता पुत्र को टक्कर मार दी।

**वाहन हड़पने से लेकर फर्जी एक्सीडेंट तक, पुराने आरोपों में घिरे अमित खरे पर फिर गंभीर शिकंजा**

## स्मार्ट सिटी अस्पताल की आड़ में चिटलरी का जाल!

*स्मार्ट सिटी अस्पताल के संचालक कुख्यात चिटलर अमित खरे के खिलाफ एक बार फिर गंभीर आरोप सामने आए हैं। इस बार मामला भोले-भाले ग्रामीण को मरीज दिखाने के बहाने बुलाकर उसकी वैन हड़पने, फर्जी सड़क दुर्घटना रचने और बीमा धोखाधड़ी में फंसाने की साजिश से जुड़ा है।*

हरिभूमि, जबलपुर।

पीड़ित शिवलाल मल्लाह, निवासी ग्राम बिलपठार, ने पूरे मामले को लेकर पुलिस अधिकारियों को लिखित शिकायत सौंपी है, जिसमें संगठित गिरोह की कार्यप्रणाली उजागर होने का दावा किया गया है। समाजवादी पार्टी के आशीष मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय को लिखित शिकायत में पीड़ित ने आरोप लगाया गया कि उसके परिचित अमित खरे ने उसे स्मार्ट सिटी अस्पताल में मरीज देखने के बहाने अपनी वैन (MP20 BA 6728) सहित बुलाया। इसके बाद कुंडम ले जाकर योजनाबद्ध तरीके से वाहन अपने कब्जे में ले लिया गया। आरोप है कि इसके बाद जानबूझकर वाहन का एक्सीडेंट कराया गया और शिवलाल पर दबाव बनाया गया कि वह पुलिस को झूठी सूचना देकर दुर्घटना अपने नाम पर दर्ज कराए। जब उसने इनकार किया तो उसे धमकाया गया।

### छह माह से पीड़ित की वैन खड़ी

सूत्रों के अनुसार, एक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर की सतर्कता के चलते फर्जी एफआईआर दर्ज नहीं हो सकी, जिससे आरोपियों की योजना विफल हो गई। इसके बावजूद बीते छह माह से पीड़ित की वैन अवैध रूप से रोकी गई है, जो वर्तमान में कुंडम थाने में खड़ी है। वाहन छुड़वाने के लिए पीड़ित लगातार थाने और अधिकारियों के चक्कर काट रहा है, लेकिन अब तक उसे न्याय नहीं मिल सका।

### पूर्व में भी लग चुके गम्भीर आरोप

गौरतलब है कि अमित खरे पर इससे पूर्व भी चिटलरी बीमा धोखाधड़ी और संदिग्ध दुर्घटनाओं से जुड़े कई संगीन आरोप सामने आ चुके हैं। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि खरे और उसके सहयोगी ग्रामीणों को लालच देकर उनके वाहनों का इस्तेमाल फर्जी एक्सीडेंट, बीमा क्लेम और अवैध लाभ के लिए करते हैं। अस्पताल और प्रभावशाली संपर्कों की आड़ में यह गिरोह लंबे समय से सक्रिय होने का दावा किया जा रहा है।

### निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच की मांग

पीड़ित ने मांग की है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, चिटलरी में संलिप्त सभी लोगों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज हो तथा उसका वाहन तत्काल सुपुर्द किया जाए। यह मामला न केवल एक व्यक्ति की पीड़ा को उजागर करता है, बल्कि जिले में सक्रिय उन कथित गिरोहों पर भी सवाल खड़े करता है, जो स्वास्थ्य संस्थानों और रसूख का सहारा लेकर आम नागरिकों को शिकार बना रहे हैं।

## भिक्षु मुक्त शहर बनाने चलाया जा रहा दीनबंधु अभियान




**जबलपुर।** भिक्षु मुक्त शहर बनाने तथा निराश्रित एवं अक्षम लोगों के पुनर्वास हेतु विजन जबलपुर द्वारा एक वर्षीय दीनबंधु अभियान चलाया जा रहा हैं। इसी कड़ी में विजन जबलपुर के सभी सदस्यों के द्वारा, नगर निगम, जिला प्रशासन एवं पुलिस एवं जागरूक नागरिकों के सहयोग से चलाए जा रहे दीनबंधु अभियान के तहत सोमवार को बिरसा मुंडा चौक आधार ताल में जागरूकता अभियान चलाया गया। सभी लोगों ने एकत्रित होकर आम लोगों से आह्वान किया गया कि सभी को मिलकर भिक्षु रहित शहर बनाना हैं। लोगों को जागरूक किया गया कि छोटे बच्चे, वृद्धजन जो भीख मांगते हैं, उन्हें भिक्षा के रूप में नकद पैसे न दें। उन्हें कपड़े दें, भोजन करवाएं, उनके पुनर्वास के लिए प्रयास करें। बताया गया कि सभी नागरिकों के सहयोग से ही यह अभियान सफल की ओर अग्रसर हो रहा है। विजन जबलपुर के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह एवं सचिव सी एस राजपूत के साथ संस्था के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## रेल्वे स्टेशन के बाहर मृत मिला अज्ञात युवक

**जबलपुर।** मदनमहल रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक के बाहर मंगलवार को एक अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव मिलने की सूचना मिलते ही मदनमहल पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मदनमहल प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर पदस्थ सफाई कर्मचारी राकेश कुडाला ने पुलिस को सूचना दी कि स्टेशन के बाहर एक युवक मृत अवस्था में पड़ा है। मृतक की उम्र करीब 30 वर्ष के आसपास बताई जा रही है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल अस्पताल रवाना कर दिया है। फिलहाल युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई और उसकी पहचान क्या है, इसका पता नहीं चल सका है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में युवक की शिनाख्त के प्रयास कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो पाएगा, जिसके आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# डीएन जैन बोर्डिंग के परिसर में नवीन मंदिर का हुआ शिलान्यास

## मुनि श्री प्रमाण सागर महाराज का संघ का मंगल विहार

जबलपुर। डी.एन. जैन बोर्डिंग जबलपुर का हृदय स्थल तथा पूरी समाज की श्रद्धा का बड़ा केन्द्र है, वर्तमान में यहां पर जिनालय तो है, लेकिन जिस भव्य स्वरुप के साथ यह जिनालय होंना चाहिये उस अनुरुप नहीं है, सभी लोगों की भावना थी कि यहां अति भव्य जिनालय बने लेकिन वह नहीं बन पा रहा था गुरुदेव के सामने तथा पिछले प्रवास में इसकी चर्चा भी आई लेकिन यह बात टलती गई,यह तो श्रीसिद्धचक्र महामंडल विधान का पुण्य फलीभूत हुआ और समापन की बेला में इस मंदिर निर्माण की बात सामने आई और संस्कारधानी से जाते जाते इस भव्य जिनालय का विधिवत शिलान्यास हो गया। उपरोक्त उदगार मुनि श्री प्रमाणसागर महाराज ने प्रातःप्रवचन सभा में व्यक्त किये।

उन्होंने इस मंदिर के स्वरूप की चर्चा करते हुये कहा कि जब यह भव्य जिनालय बनकर तैयार होगा तो ऐसा लगेगा कि मानो आसमान में चांद निकल आया हो उन्होंने कहा कि मेंने आर्कीटेक्ट के साथ पूरे परिसर को देखा एवं बास्तु की दृष्टि से यह जिनालय दक्षिण दिशा में भारी होगा जिससे इस मंदिर की ऊर्जा पूरे शहर को प्राप्त होगी उन्होंने संपूर्ण सिंघई परिवार को आशीर्वाद देते हुये कहा कि यह आपके पूर्वजों द्वारा दिये गये



संस्कारों का ही प्रभाव है कि आज आप लोगों ने मंदिर निर्माण में बहूत बड़ा योगदान दिया मुनि श्री ने सिंघई परिवार को मूल बेदी का आशीर्वाद देते हुये कहा कि सात फुट उतंग मूलनायक भगवान आदिनाथ स्वामी की प्रतिमा विराजमान होगी साथ ही साथ वर्तमान के मूलनायक आदिनाथ भगवान की प्रतिमा भी विराजमान की जाऐगी। बगल में एक प्रतिमा तथा मंदिर का शिखर बनाने की जिम्मेदारी छोटेलाल ने ली है। इस प्रकार से नीचे की मंजिल में कुल तीन बेदीयां होंगी तथा दूसरी मंजिल पर एक बेदी एवं चारों और चौवीस तीर्थकरों की चौवीस बेदीयां तथा सफेद संगमरमर से निर्मित इस मंदिर में 25 शिखर से सुसज्जित यह मंदिर अपनी भव्यता को प्रकट करेगा जो कि संस्कारधानी जबलपुर की भव्यता को और अधिक भव्य बनायेगा इसके साथ ही श्री आदिनाथ सेवासमिति द्वारा भव्य संतनिवास बनाने की जिम्मेदारी अपने ऊपर ली जिसकी स्वीकृति ट्रस्ट कमेटी ने प्रदान की मुनि श्री ने मंदिर निर्माण में सभी पुण्यार्जकों को अपना आशीर्वाद प्रदान करते हुये कहा कि मंदिर निर्माण तीन वर्षों में पूर्ण कर लोगे तो आपको विशेष अवार्ड मिलेगा कार्यक्रम में मुनि श्री संघान सागर सहित आर्यिका तपोमति माताजी का संघ एवं समस्त क्षुल्लक उपस्थित थे बा. ब. अशोक भैया तथा अभय भैया ने सभी मांगलिक क्रियायें संपन्न कराई संचालन अमित पड़रिया ने किया। मुनिसंघ के प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी एवं सुवोध जैन कामरेड ने बताया मंदिर नव निर्माण हेतु शिलान्यास की समस्त औपचारिकता पूर्ण करने के उपरांत मुनिसंघ का मंगल विहार 9 कि. मी आगे रांजी की ओर हुआ तो उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने अश्रुपूरित नेत्रों से मुनिसंघ को विदाई दी। आज सांयकालीन शंकासमाधान रांजी में ही संपन्न होगा। मुनि संघ के लगभग एक माह का प्रवास एक अमिट छाप छोड़ गया प्रत्येक दिन किसी त्योहार से कम नहीं था।

# गायत्री परिवार ने आयोजित किया बाल संस्कार शाला कार्यक्रम

जबलपुर। अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में स्थानीय मेडिकल कॉलेज रोड स्थित किड्स कैंप वेलफेयर स्कूल, जबलपुर में विगत दिवस बाल संस्कार शाला का गरिमामय कार्यक्रम विधिवत संपन्न हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केन्द्रीय मानवाधिकार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष (वरिष्ठ नागरिक प्रकोष्ठ) डॉ.अरुण मिश्रा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाला की प्राचार्या वंदना जैन ने की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में गायत्री परिवार की वरिष्ठ कार्यकर्ती व समाज सेविका सरोज विश्वकर्मा, दीपांशु शुक्ला,वॉइस आफ प्रज्ञा की गायिका दीप्ति मिश्रा,तथा बाल संस्कारशाला की संयोजिका स्नेहलता सांवरे थी। कार्यक्रम के प्रथम चरण में अतिथि गणों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात वाइस आफ प्रज्ञा की गायिका दीप्ति मिश्रा ने प्रज्ञा गीत



के सुमधुर भजन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में बाल संस्कारशाला की संयोजिका स्नेहलता सांवरे ने बच्चों के साथ गायत्री मंत्र का उच्चारण कर कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए छात्र-छात्राओं को व्यक्तित्व परिष्कार, के सूत्र पढ़ने की कला जीवन जीने की कला स्वस्थ रहने की कला, प्रार्थना,योग आदि विधाओं के गुर सिखाए। छात्रों को गायत्री मंत्र एवं उससे होने वाले लाभ से अवगत कराया। गायत्री परिवार की वरिष्ठ कार्यकर्ती सरोज विश्वकर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस गरिमामय कार्यक्रम में शाला की प्राचार्या वंदना जैन,अर्चना विश्वकर्मा, प्रतिभा अवस्थी,पूजा साहू, हेमलता विश्वकर्मा,रजनी गर्ग, प्रभा गढेवाल,सरला रजक के साथ ही बच्चों के अभिभावकों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# न्यायालय के हस्तक्षेप से टली विद्युत व्यवधान की आशंका

## एमपी ट्रांसको के 132 केवी सबस्टेशन के आसपास बढ़ रहा अतिक्रमण

हरिभूमि जबलपुर।

न्यायालय ने एमपी ट्रांसको के 132 केवी सबस्टेशन बड़ोदा (श्योपुर) के आसपास भूमि पर किए जा रहे अतिक्रमण एवं सबस्टेशन से सटे तालाब के अनधिकृत विस्तार पर रोक लगाते हुए अतिक्रमणकारी को तत्काल सभी गतिविधियां बंद करने के निर्देश दिए हैं। न्यायालय ने स्पष्ट रुप से आदेशित किया है कि किसी भी अवैधानिक कार्य से जिले के लगभग 40 प्रतिशत क्षेत्र को बिजली आपूर्ति करने वाले इस महत्वपूर्ण सबस्टेशन को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि अतिक्रमण के



कारण सबस्टेशन की फेंसिंग एवं सिविल फाउंडेशन कमजोर होने लगी थी, जिससे बड़े क्षेत्र में विद्युत व्यवधान की गंभीर आशंका उत्पन्न हो गई थी।

एमपी ट्रांसको द्वारा न्यायालय में मामला प्रस्तुत किए जाने पर कंपनी को राहत मिली और न्यायालय के हस्तक्षेप से संभावित विद्युत संकट समय रहते टाल दिया गया।

## मिलिट्री अस्पताल में पीडियाट्रिक क्रेच लिटिल फ्रेंड्स नन्हें मीत उद्घाटित

जबलपुर। सैन्य परिवारों के कल्याण और बच्चों की भलाई की दिशा में एक महतवपूर्ण पहल के अंतर्गत, श्रीमती हरप्रीत कौर, जोनल अध्यक्षा परिवार कल्याण संगठन, मध्य भारत एरिया द्वारा मिलिट्री हॉस्पिटल, जबलपुर में पीडियाट्रिक क्रेच "लिटिल फ्रेंड्स - नन्हें मीत का उद्घाटन किया गया। इस दौरान उनके साथ सैन्य अस्पताल के फैमिली वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन की अध्यक्षा श्रीमती पल्लवी शर्मा भी साथ रही। यह सुविधा सैन्य कर्मियों के शिशुओं एवं छोटे बच्चों के लिए सुरक्षित, संरक्षित और अनुकूल माहौल देने के लिए शुरू की गई है। इस क्रेच का उद्देश्य अस्पताल परिसर के अंदर देखरेख, उम्र के हिसाब से गतिविधियां और एक साफ-सुथरा माहौल देकर सैन्य परिवारों के कल्याण को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर सैन्य अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, नर्सिंग स्टाफ और परिवार जन भी उपस्थित रहें। श्रीमती हरप्रीत कौर ने प्रारंभिक बाल देखभाल एवं विकास के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सैन्य परिवारों और उनके बच्चों के कल्याण हेतु मध्य भारत एरिया के परिवार कल्याण संगठन की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की सुविधाएं, बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु सहयोगी वातावरण उपलब्ध करवाने में सहायक सिद्ध होती है। नव-स्थापित बाल चिकित्सा क्रेच को छोटे बच्चों के लिए आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है तथा इसका संचालन सैन्य अस्पताल, जबलपुर के चिकित्सा विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में प्रशिक्षित देखभाल कर्मियों द्वारा किया जाएगा।

# एनडीवीएसयू में एनसीसी कैडेट्स सम्मानित

जबलपुर। नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय (एनडीवीएसयू), जबलपुर के अंतर्गत पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर द्वारा 1 एमपी रिमाउंट एवं वेटरनरी स्क्वाड्रन एनसीसी, जबलपुर के एनसीसी कैडेट्स के सम्मान में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इन कैडेट्स ने रिपब्लिक डे कैंप (आरडीसी) 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर यूनिट का नाम रोशन किया। इस अवसर पर अंडर ऑफिसर वसुंधरा दुबे ने ड्रेसाज प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक, जबकि सार्जेंट शौनक दांडेकर ने टेंट पेगिंग में रजत पदक तथा शो जंपिंग में कांस्य पदक प्राप्त किया। इस सफल दल का नेतृत्व सीनियर अंडर ऑफिसर भरत वसुनिया ने किया। इसके अतिरिक्त, 1 एमपी रिमाउंट एवं वेटरनरी स्क्वाड्रन एनसीसी को उसके कमांडिंग ऑफिसर कर्नल विवेक मिश्रा के सक्षम नेतृत्व में सर्वश्रेष्ठ रिमाउंट एवं वेटरनरी यूनिट के रूप में सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के पश्चात एएनओ डॉ. अपूर्वा मिश्रा के लेफ्टिनेंट पद पर कमीशन प्राप्त करने के उपलक्ष्य में पिपिंग



सेरेमनी आयोजित की गई, जो महाविद्यालय एवं एनसीसी यूनिट के लिए गर्व का क्षण रहा। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में पधारे कुलपति डॉ. मंदीप शर्मा ने संबोधित करते हुए कैडेट्स को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई दी तथा उन्हें शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ राष्ट्र सेवा के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर रितेश बहल ने एनसीसी के मूल सिद्धांतों—अनुशासन, नेतृत्व एवं राष्ट्र सेवा—पर प्रकाश डालते हुए कैडेट्स को प्रेरणादायी संदेश दिया। इस गरिमामय समारोह में डीन डॉ. आर. के. शर्मा, सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. ए. बी. श्रीवास्तव, एएनओ डॉ. रणधीर सिंह, निदेशक विस्तार डॉ. सुनील नायक, निदेशक जैव प्रौद्योगिकी डॉ. मोहन सिंह, सहित महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापकों एवं संकाय सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिससे कार्यक्रम की शोभा और बढ़ी।

# व्हीएफजे में हुई नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक

## बड़ी संख्या में सदस्य कार्यालयों के अधिकारी-कर्मचारी हुए शामिल

जबलपुर। व्हीकल फैक्ट्री जबलपुर में मंगलवार को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (क्रमांक 3) की प्रथम छमाही बैठक का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि राजभाषा विभाग, भारत सरकार द्वारा जबलपुर में नगर राजभाषा समिति (क्रमांक 3) का गठन हाल ही में किया गया है और इसकी अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक, व्हीएफजे को सौंपी है। नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (क्रमांक 3) में जबलपुर में स्थित 31 केंद्रीय कार्यालयों को शामिल किया गया है। आज इन सभी कार्यालयों के विभागाध्यक्ष एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत में सचिव नराकास श्रीमती श्वेता जोहरी गुप्ता उप महाप्रबंधक ने सचिव का प्रतिवेदन पढ़ा और सभी आगंतुक अतिथियों का अभिनंदन किया। उन्होंने विभिन्न सदस्य कार्यालयों द्वारा भेजी गए रिपोर्ट पर अपने विचार संक्षेप में



व्यक्त किया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में श्रीमती रमा दीक्षित, अनुभाग प्रमुख राजभाषा द्वारा सभी सदस्य कार्यालयों से प्राप्त राजभाषा तिमाही प्रगति रिपोर्ट पर व्यापक समीक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत की और सभी सदस्य कार्यालयों के उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों को भारत सरकार, राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित किए गए लक्ष्य के अनुसार हिंदी में कामकाज करने की अपील की। बैठक में सीक्यूए, ओएफवी के नियंत्रक श्री एस पी डेकाटे ने अपने कार्यालय में राजभाषा के प्रगामी प्रयोग हेतु किए जा रहे कार्यों के संबंध में अपने विचार रखे और व्हीएफजे को नराकास समिति की उत्कृष्ट बैठक के आयोजन हेतु अपनी शुभकामनाएं दी। इसी प्रकार आयुध निर्माणी खमरिया से जयप्रकाश सिंह, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी ने राजभाषा के प्रगामी प्रयोग को लेकर अपने सुझाव दिए।

बैठक में अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में नराकास (क्रमांक 3) के अध्यक्ष प्रवीण कुमार ने उपस्थित सभी सदस्य कार्यालय के विभागाध्यक्षों और अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारी का अभिनंदन किया और सभी से भारत सरकार, राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित किए गए लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कार्य करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि सभी सदस्य कार्यालय राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए काम कर रहे हैं पर हमें और अधिक कामकाज हिंदी में करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हमारा कार्यालय 'क' क्षेत्र में आता है, इसलिए हमारा कर्तव्य है कि हम अपना अधिकाधिक कामकाज हिंदी में ही संपन्न करें। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन शैलेंद्र सिंह, विभागीय अधिकारी राजभाषा ने दिया। राष्ट्रगान के साथ बैठक का समापन हुआ। बैठक में विभिन्न सदस्य कार्यालयों से आए विभागध्यक्ष एवं अन्य अधिकारियों कर्मचारियों के अलावा व्हीएफजे से सुबी सैमुअल, गोलू झरिया, अजय अवस्थी, अजय कश्यप, प्रशांत अहिरवार आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मोहन कुमार साहू, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी राजभाषा ने किया।

## रेल मजदूर संघ का धरना प्रदर्शन स्थगित

जबलपुर। रेलवे मजदूर संघ द्वारा आज 11 फरवरी बुधवार को खिलाड़ियों की मांगों को लेकर आयोजित धरना प्रदर्शन एवं घेराव रेल प्रबंधन से चर्चा के बाद स्थिगित कर दिया है। संघ प्रवक्ता सतीश कुमार ने बताया कि प्रशासन के प्रस्ताव पर चार सदस्यीय संघ प्रतिनिधियो ने संयुक्त महामंत्री संदीप श्रोती के नेतृत्व में प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी एस.डी. पाटीदार, प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक कुशाल सिंह, प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक एम.के. गुप्ता के साथ रेल खिलाड़ियो की ज्वलंत मांगो के प्रमुखता से रखा जिस पर रेल प्रशासन मांगो को सुलझाने की सहमति बनी।

# वीयू-आईसीएआर प्रायोजित मत्स्य पालन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

जबलपुर। नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ. मंदीप शर्मा के कुशल मार्गदर्शन एवं विश्वविद्यालय विस्तार शिक्षण के संचालक डॉ सुनील नायक तथा मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय, जबलपुरअधिष्ठाता डॉ शशिकांत महाजन के नेतृत्व में भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद् नई दिल्ली द्वारा वित्त पोषित अनुसूचित जाति उपयोजना के तहत दिनांक 10 फरवरी 2026 को मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय द्वारा ग्राम बम्हनी जबलपुर में महाविद्यालय की विस्तार सेवाओं के अंतर्गत अनुसूचित जाति के मत्स्य कृषकों एवं महिलाओं को एक दिवसीय मत्स्य पालन को बढ़ावा देने हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मत्स्य पालकों को वैज्ञानिक एवं आधुनिक मत्स्य पालन तकनीकों से अवगत कराना, उत्पादन बढ़ाना तथा मत्स्य पालन को लाभकारी व्यवसाय के रूप में विकसित करना रहा। इस अवसर पर प्रशिक्षण संयोजक डॉ सोना दुबे ने तालाब की संग्रहण पूर्व तैयारी, गुणवत्तायुक्त मत्स्य बीज का



चयन, संतुलित आहार प्रबंधन, प्रबंधन, जैव-सुरक्षा उपायों एवं टिकाऊ मत्स्य पालन पद्धतियों पर विस्तृत जानकारी दी गई।कार्यक्रम में विशेषज्ञ वैज्ञानिकों द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की जानकारी मत्स्य कृषकों के साथ साझा की साथ विभिन्न योजनाओं, उन्नत तकनीकों एवं मत्स्य पालन में नवाचारों पर प्रकाश डाला गया। साथ ही प्रतिभागी मत्स्य पालकों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए व्यावहारिक समाधान भी सुझाए गए। कार्यक्रम के दौरान मत्स्य पालकों को मत्स्य बीज संचयन की विधि को विस्तार से समझाते हुए मत्स्य बीज का वितरण किया गया।

। इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ एसके महाजन, प्रशिक्षण समन्वयक डॉ सोना दुबे, प्रियंका गौतम सरपंच श्री नीलकमल झरिया, एवं सहयोगी जन सचिव,शोधार्थी एवं बड़ी संख्या में मत्स्य पालक उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि ICAR प्रायोजित इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम मत्स्य उत्पादन बढ़ाने, रोजगार सृजन एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र मंचासीन अतिथियों द्वारा वितरित किये गए तथा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस दौरान स्कॉलर रुद्राक्ष उपाध्याय, पूजा साहू, काजल प्रजापति सहित कर्मचारी रामकलेश यादव एवं शैलेंद्र दहिया का सराहनीय योगदान रहा।

## निधन

**श्री हीरामणी पटेल-** ग्राम सोनपुर खमरिया निवासी श्री हीरामणी पटेल (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गोविंद चौधरी-** चंडालभाटा चेरीताल निवासी श्री गोविंद चौधरी (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती विमला सिंह-** शिवपुरी कटियाघाट रोड निवासी श्री राजेश सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती विमला सिंह (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री छिदामी लाल रजक-** श्रीराम परिसर गोहलपुर नर्मदा नगर निवासी श्री छिदामी लाल रजक (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती रेखा रानी सनकारी-** कचनार संभार नेपियर टाउन निवासी श्री मनिन्दर मोहन सनकारी की धर्मपत्नी श्रीमती रेखा रानी सनकारी (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती घामा बाई झारिया-** दुर्गा नगर गौरीघाट निवासी श्री मकुंदी झारिया की धर्मपत्नी श्रीमती घामा बाई झारिया (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**सुश्री प्रेमकुमारी गोंड़-** पुराना कंचनपुर अधारताल निवासी श्री नन्हें लाल गोंड़ की पुत्री सुश्री प्रेमकुमारी गोंड़ (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री प्रहलाद सिंह ठाकुर-** संस्कार परिसर अमखेरा निवासी श्री प्रहलाद सिंह ठाकुर (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विष्णु प्रसाद सिंगरोरे-** बेदीनगर नागपुर रोड निवासी श्री विष्णु प्रसाद सिंगरोरे (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में




किया गया।

**श्रीमती ज्योत्सना मिश्रा-** रेल सौरभ कॉलोनी निवासी डॉ. बीके मिश्रा की धर्मपत्नी श्रीमती ज्योत्सना मिश्रा (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रेशम बहादुर-** शारदा नगर व्हीकल रोड रांझी निवासी श्री रेशम बहादुर (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री रमेश कुमारी कुरील-** कमला अपार्टमेंट प्रेमनगर पोस्ट आफिस के पास मदनमहल निवासी श्री रमेश कुमार कुरील (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रहलाद गोंटिया-** शिवराज चौहान नगर ललपुर रोड निवासी श्री प्रहलाद गोंटिया (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री मदन लाल राजपूत-** बजरंग नगर व्हीकल रांझी निवासी श्री मदन लाल राजपूत (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राम गोपाल पटेल-** महाराजपुर शिवशक्ति नगर निवासी श्री राम गोपाल पटेल (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती शिववती पटेल-** गंगा मैया व्हीकल निवासी श्री मिही लाल पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती शिववती पटेल (70) का विगत दिवस निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सीता डोंगरे-** भीम नगर पोलीपाथर निवासी श्री जीएम डोंगरे की धर्मपत्नी श्रीमती सीता डोंगरे (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
न्यूनतम साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| निधन साइज:- | 10x5 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| निधन साइज:- | 10x5 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| निधन साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1100/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362100

# नाली निर्माण कार्य न होने से पूरे रोड़ पर फैल रहा पानी

मझौली। नगर परिषद मझौली के इंद्राणा रोड सुहजनी तिराहा रोड़ वार्ड नं 13 जहां पर पूरे वर्ष भरा रहता है पानी इसका मुख्य कारण है है मझौली तिराहा से सुहजनी रोड़ के दोनों ओर नाली निर्माण कार्य नहीं किया गया है इस कारण से पानी भरा रहता है। यहां पर जो पुलीया निर्माण की गई है उसका निर्माण गलत तरीके से किया गया है जिस कारण से हमेशा आए दिन चौक हो जाती है। जबकि इसी तिराहे से सुहजनी रोड़ पर दो बड़े स्कूल प्राइवेट हायर सेकेंडरी एवं हाई स्कूल है। इसी रोड़ पर लोहा गिट्टी सीमेंट रेत का व्यापार होता है जिस कारण से बड़े वाहन स्कूल वाहन आते जाते रहते है। यही से माता सुहजनी के दरबार जाया जाता है आने जाने वाले भक्तों को को भी परेशानी होती है। नगर वासी एवं ग्राम वासियों ने शीघ्र से शीघ्र दोनो और नाली निर्माण एवं रोड पर खुदे गड्ढे भरें जाए।



# शासकीय कालेज में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

सिहोरा। शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा विगत दिवस मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ मनोज श्रीवास्तव प्राचार्य के मार्गदर्शन में किया गया जिसमें वाणिज्य विभाग के विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी रही। डॉ श्रीवास्तव ने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य का संतुलन बनाए रखना विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने तनाव, चिंता एवं मानसिक दबाव से निपटने के लिए सकारात्मक सोच,आत्म-नियंत्रण एवं समय-समय पर परामर्श लेने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम का आयोजन भारत सरकार के निर्देशन में मध्यप्रदेश उच्चशिक्षा विभाग द्वारा तैयार कार्ययोजना के अंतर्गत किया गया। विद्यार्थियों को जानकारी दी गई कि महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य मार्गदर्शन प्रकोष्ठ की स्थापना की गई है। तनाव या अवसाद से ग्रस्त विद्यार्थी प्रकोष्ठ में नियुक्त नोडल अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। प्रकोष्ठ के माध्यम से अवसाद ग्रस्त विद्यार्थियों को निःशुल्क विशेषज्ञ चिकित्सक का परामर्श उपलब्ध कराया जाएगा। विद्यार्थियों को सलाह दी गई कि अवसादग्रस्त विद्यार्थियों की जानकारी प्रकोष्ठ को दे सकते हैं। ऐसे विद्यार्थियों के अभिभावक भी प्रकोष्ठ में संपर्क कर सकते हैं।विद्यार्थी उमंग हेल्पलाइन के माध्यम से भी परामर्श प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम में रिया अग्रवाल एवं रागिनी कुशवाहा की सक्रिय भागीदारी रही।

## हितग्राहीमूलक सेवाओं का समयावधि में निराकरण करने जेडीए सीईओ दीपक वैद्य ने दी हिदायत

जबलपुर। जेडीए सीईओ दीपक वैद्य द्वारा आज भू-अर्जन तथा सम्पदा शाखा के प्रकरणों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान जेडीए सीईओ द्वारा राजस्व रिकार्ड में जेडीए की अर्जित भूमियों के नामांतरण प्रकरणों में गंभीरता से प्रयास करते हुये रिकार्ड दुरूस्तीकरण कराने हेतु निर्देशित किया गया। इसके साथ ही योजना क्रमांक-64 एवं 65 के शेष अनुबंध शीघ्र संपादित कराने हेतु भू-अर्जन शाखा के अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया। भू-अर्जन एवं संपदा शाखा की हितग्राहीमूलक सेवाओं के अंतर्गत लीज नवीनीकरण, फ्रीहोल्ड, हस्तांतरण आदि के लम्बित प्रकरणों की समीक्षा करते हुये नियमानुसार निराकृत होने वाले प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। जेडीए सीईओ द्वारा सख्त हिदायत दी गई कि किसी भी स्थिति में हितग्राहियों के प्रकरण अनावश्यक रूप से लम्बित न रहें, ऐसा पाये जाने पर संबंधितों के विरूद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही के निर्देश दिये गये। जेडीए सीईओ दीपक वैद्य द्वारा नस्तियों के डिजिटिलाईजेशन की प्रक्रिया के तहत निर्देशित किया गया कि भू-अर्जन एवं संपदा शाखा प्राथमिकता पर फाईलों की स्केनिंग करावे, ताकि नस्तियाँ एवं दस्तावेज सुरक्षित रह सकें। समीक्षा बैठक के दौरान भू-अर्जन अधिकारी श्रीमती पूजा तिवारी, सहा. भू-अर्जन अधिकारी अमित धुर्वे एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।



**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरा नाम पूर्व में अनीशा बानो (ANEESHA BANO) पति मो. मोबीन (MOHD MOBIN) जो कि परिवर्तन होकर अनीसा बानो (ANEESA BANO) पति मो. मोबीन (MOHD MOBIN) हो गया है अत: अब मुझे इसी नाम अनीसा बानो (ANEESA BANO) पति मो. मोबीन (MOHD MOBIN) से जाना एवं पहचाना जावे।

पता - 497 ए, पंकज विहार, न्यू रामनगर, रामपुर, पोलीपाथर, विद्युत नगर, जबलपुर मप्र - 482008

## खबर संक्षेप



### भारत इस्पात निर्यात के लिए नए बाजारों की तलाश में

**नई दिल्ली।** भारत पश्चिम एशिया और विभिन्न एशियाई देशों में इस्पात निर्यात के लिए नए बाजारों की तलाश कर रहा है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में अगले छह महीनों में भारतीय कंपनियों के साथ कई समझौतों पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, "...मुख्य रूप से हमारा निर्यात यूरोप पर केंद्रित था, लेकिन हम (सरकार) निर्यात में विविधता लाने की कोशिश कर रहे हैं।" उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया और एशिया के कई देशों के साथ सरकार-से-सरकार (जी-टू-जी) के स्तर पर बातचीत जारी है।

### आयशर मोटर्स के लाभ में 21 फीसदी का इजाफा

**नई दिल्ली।** आयशर मोटर्स लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 21.37 प्रतिशत बढ़कर



1,420.61 करोड़ रुपये हो गया। मजबूत बिक्री के कारण कंपनी के मुनाफे में यह वृद्धि दर्ज की गई है। कंपनी का गत वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी (अक्टूबर-दिसंबर) तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 1,170.5 करोड़ रुपये रहा था। आयशर मोटर्स ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि चालू वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में उसकी एकीकृत परिचालन आय 6,114.04 करोड़ रुपये रही।

### टोरेंट पावर का लाभ 34% बढ़कर 655 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** टोरेंट समूह की कंपनी टोरेंट पावर लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ करीब 34 प्रतिशत



बढ़कर 654.74 करोड़ रुपये हो गया। मुख्य रूप से राजस्व में वृद्धि के कारण मुनाफे में यह उछाल आया है। कंपनी का गत वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी (अक्टूबर-दिसंबर) तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 489.33 करोड़ रुपये रहा था। टोरेंट पावर ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि चालू वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 6,847.02 करोड़ रुपये रही।

### बीएलएस का मुनाफा 33 प्रतिशत बढ़कर 170 करोड़

**नई दिल्ली।** सरकारों और नागरिकों के लिए प्रौद्योगिकी-सक्षम सेवाएं देने वाली कंपनी बीएलएस



इंटरनेशनल सर्विसेज लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 33.1 प्रतिशत बढ़कर 170 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने इस मजबूत प्रदर्शन के बीच अपने शेयरधारकों के लिए अब तक के सबसे बड़े अंतरिम लाभांश की घोषणा की है। कंपनी का गत वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी (अक्टूबर-दिसंबर) तिमाही में शुद्ध लाभ 127.7 करोड़ रुपये रहा था।

### चोलामंडलम फाइनेंशियल के लाभ में 27 फीसदी उछाल

**चेन्नई।** मुरुगप्पा समूह की कंपनी चोलामंडलम फाइनेंशियल होल्डिंग्स लिमिटेड (सीएफएचएल) का चालू



वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 27 प्रतिशत बढ़कर 1,386 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का गत वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी (अक्टूबर-दिसंबर) तिमाही में शुद्ध लाभ 1,093 करोड़ रुपये रहा था। चेन्नई मुख्यालय वाली इस कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि चालू वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में उसकी कुल आय 17 प्रतिशत बढ़कर 10,084 करोड़ रुपये रही।

# ओकाडो ग्रुप में 1000 कर्मचारियों की छंटनी की तैयारी, तीसरे साल मचेगी भगदड़!

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

छंटनी की मार लगातार बढ़ती ही जा रही है। ब्रिटेन की सुपरमार्केट टेक्नोलॉजी कंपनी ओकाडो ग्रुप पीएलसी ने लागत में कटौती के प्रयासों को तेज कर दिया है। कंपनी की योजना अधिकतम 1,000 कर्मचारियों की छंटनी का है। ब्रिटिश मीडिया ने इसका खुलासा 8 फरवरी 2026 को अपनी रिपोर्ट्स में किया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ओकाडो में जितने एंप्लॉयीज को निकालने की योजना है, वह इसके कुल ग्लोबल वर्कफोर्स का करीब 5 प्रतिशत हिस्सा होगा। हालांकि इसके लिए बातचीत अभी शुरुआती अवस्था में है और इस पर फैसला लिया जाना अभी बाकी है।

## ओकाडो ब्रिटेन की सुपरमार्केट टेक्नोलॉजी कंपनी है

### वर्ष 2023-24 में हजार पद खत्म किए गए

इससे पहले वर्ष 2025 में कंपनी ने खर्च कम करने को लेकर टेक्नोलॉजी और फाइनेंस में 500 कर्मचारियों के छंटनी की योजना का ऐलान किया था और इससे भी पहले 2023–24 में 1,000 पदों को समाप्त किया गया था। ओकाडो में कर्मचारियों की भारी-भरकम छंटनी की योजना का खुलासा ऐसे समय में हुआ है, जब करीब दो हफ्ते बाद 26 फरवरी 2026 को यह अपने कारोबारी नतीजे पेश करने वाली है। कंपनी ने पिछले महीने जनवरी में अगले वित्त वर्ष (दिसंबर-नवंबर) में पॉजिटिव कैश फ्लो के लक्ष्य को हासिल करने की बात दुहराई थी और अब 1000 कर्मचारियों के छंटनी की योजना सामने आई।




### इस बार इन एंप्लॉयीज पर होगा असर

ब्रिटिश मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक छंटनी इसी महीने से हो सकती है और इसका असर कंपनी के यूके स्थित मुख्यालय पर पड़ेगा। इस कटौती से टेक्नोलॉजी से जुड़े पदों के साथ-साथ लीगल, फाइनेंस और ह्यूमन रिसोर्सेज यानी एचआर जैसी बैक-ऑफिस जॉब्स भी प्रभावित हो सकती हैं। ओकाडो के मुताबिक वह अपनी लॉन्ग-टर्म सक्सेस को सुनिश्चित करने के लिए समय-समय पर कारोबार की समीक्षा करती है। कंपनी का कहना है कि जब भी ऐसा कोई फैसला होता है तो सीधे कर्मचारियों से संपर्क किया जाता है और उन्हें हर समय सहयोग देना सुनिश्चित किया जाता है।

### कंपनी के बारे में

वर्ष 2000 में बनी ओकाडो ने मार्क्स एंड स्पेंसर समेत दुनिया के कुछ सबसे बड़े सुपरमार्केट को रोबोट-ऑपरेटेड वेयरहाउस तकनीक बेचकर अपना कारोबारी मॉडल बनाया है। इसके कारोबार को अभी हाल ही में तब झटका लगा, जब इसके दो प्रमुख उत्तरी अमेरिकी ग्राहकों ने लागत और एफिसिएंसी से जुड़ी चिंताओं के चलते कई ऑटोमेटेड फैसिलिटीज को बंद करने की योजना का ऐलान किया। हालांकि वेयरहाउसेज बंद होने के चलते कंपनी को मुआवजे में करोड़ों डॉलर मिलेंगे लेकिन किराने के सामान के तेजी से पैक और छांटकर डिलीवरी करने वाले एडवांस्ड रोबोट्स के जरिए वैश्विक सुपरमार्केट इंडस्ट्री को बदलने की इसकी महत्वाकांक्षाओं को एक बड़ा झटका लगा है।

## बांग्लादेश ने अमेरिका के साथ किया एक समझौता

# अमेरिका ने बांग्लादेश पर शुल्क घटाकर किया 19 प्रतिशत, परिधान उत्पादों पर मिलेगी छूट

एजेंसी ⏭ ढाका

बांग्लादेश ने अमेरिका के साथ एक व्यापार समझौता किया है जिसके तहत उस पर लगने वाला शुल्क घटाकर 19 प्रतिशत कर दिया गया है। इसके तहत अमेरिकी सामग्री से निर्मित कुछ वस्त्र एवं परिधान उत्पादों को छूट भी मिलेगी। अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने यह जानकारी दी। यूनुस ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर सोमवार को जानकारी दी कि अमेरिका ने /"अमेरिका में उत्पादित कपास एवं मानव निर्मित 'फाइबर' से बने बांग्लादेश से आने वाले कुछ वस्त्र एवं परिधान उत्पादों को अमेरिकी बाजार में शून्य शुल्क पर जगह देने के लिए एक तंत्र स्थापित करने की प्रतिबद्धता जताई है।''

**अमेरिकी सामग्री से निर्मित वस्त्रों पर मिलेगी छूट**

### यूनुस को अमेरिकी समर्थक माना जा रहा

अमेरिका समर्थक रुख के लिए पहचाने जाने वाले यूनुस ने कहा कि यह समझौता पिछले साल अप्रैल से नौ महीने की बातचीत के बाद हुआ है। अमेरिकी वित्त विभाग या अमेरिकी प्रशासन के किसी कार्यालय की ओर से हालांकि इसपर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं आई।

**बांग्लादेश को रेडीमेड गारमेंट्स पर शून्य शुल्क देना होगा :** वाणिज्य सचिव महबूबुर रहमान के अनुसार, अमेरिका से आयातित कपास एवं कृत्रिम रेशों से बने बांग्लादेश के प्रमुख निर्यात उत्पाद रेडीमेड गारमेंट्स (आरएमजी) को इस समझौते के तहत शून्य शुल्क देना होगा। उन्होंने कहा कि समझौते पर अमेरिका में वाणिज्य सलाहकार शेख बशीर उद्दीन और अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) जैमीसन ग्रीर ने हस्ताक्षर किए।



### शुल्क को घटाकर 15 फीसदी करने की उम्मीद

इस दक्षिण एशियाई देश ने पिछले साल अगस्त में अपने निर्यात पर अमेरिकी शुल्क को घटाकर 20 प्रतिशत करा लिया था जो पहले 37 प्रतिशत था। बांग्लादेशी नीति निर्माताओं ने पहले कहा था कि उन्हें उम्मीद थी कि शुल्क को घटाकर 15 प्रतिशत किया जा सकता है। व्यापार विश्लेषकों ने हालांकि कहा कि यह समझौता बांग्लादेश के परिधान निर्यातकों के लिए बड़ी राहत लेकर आया है, क्योंकि आरएमजी क्षेत्र की देश की कुल निर्यात आय में 80 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी है।

### आरएमजी क्षेत्र में 40 लाख लोगों को रोजगार

यह क्षेत्र करीब 40 लाख लोगों (जिनमें अधिकतर महिलाएं हैं) को रोजगार देता है और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में इसका करीब 10 प्रतिशत योगदान है। अमेरिका ने इस महीने की शुरुआत में भारत पर शुल्क को 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने की घोषणा की थी, जिसके बदले भारत से रूसी तेल खरीद रोकने और व्यापार बाधाएं कम करने की अपेक्षा जताई गई थी।

### अमेरिका से गेहूं, सोयाबीन आयात पर नहीं लगेगा शुल्क

वाणिज्य मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि कपास के अलावा इस समझौते में अमेरिका से गेहूं, सोयाबीन एवं एलएनजी आयात करने, ई-कॉमर्स पर शुल्क नहीं लगाने, अमेरिका द्वारा निर्धारित बौद्धिक संपदा अधिकार मानकों का पालन करने तथा विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में सुधार के लिए अमेरिकी प्रस्तावों का समर्थन करने जैसे प्रावधान भी शामिल हैं।

### बोइंग से 25 विमान खरीदने की सहमति जताई

बांग्लादेश ने हाल ही में अमेरिकी वैमानिकी कंपनी बोइंग से 25 विमान खरीदने पर सहमति जताई है, जिसकी अनुमानित लागत 30,000–35,000 करोड़ टका है। यह कदम अमेरिकी शुल्क को कम कराने के व्यापक प्रयासों का हिस्सा है। बांग्लादेश के निर्यात संवर्धन ब्यूरो (ईपीबी) के अनुसार, अमेरिका बांग्लादेश का सबसे बड़ा निर्यात बाजार बना हुआ है।

# एसडीएफ व ट्रेप दर में अंतर से बने अवसर से कमाई कर रहे बैंक

## बैंक 0.70 प्रतिशत तक की कमाई कर रहे

एजेंसी ⏭ मुंबई




नकदी के मामले में मजबूत स्थिति वाले बैंक ट्राई-पार्टी रेपो (ट्रेप) बाजार में कम दर पर कोष जुटा रहे हैं और ज्यादा रिटर्न के लिए स्थायी जमा सुविधा (एसडीएफ) के तहत भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पास पैसा लगा रहे हैं। डीलरों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

■ बाजार से कम दर पर कोष जुटा रहे

डीलरों ने बताया कि बैंकों को भारतीय रिजर्व बैंक की एसडीएफ दर और ट्रेप दर के बीच के अंतर से बने 'आर्बिट्रेज' के अवसर से 0.70 प्रतिशत तक की कमाई हो रही है। ट्रेप एक गारंटी जमा कर धन मुहैया कराने वाला बाजार खंड है, जहां बैंक और म्यूचुअल फंड कर्ज देने एवं लेने का काम करते हैं। खासकर म्यूचुअल फंड कंपनियां कर्ज देने के मामले में अधिक सक्रिय रहती हैं। ट्रेप बाजार में दरें नकदी की स्थिति, मांग, नियामकीय जरूरतों और कुल बाजार धारणा से प्रभावित होती हैं। दूसरी ओर, एसडीएफ दरें निश्चित रहती हैं और इनमें बदलाव तभी होता है जबकि केंद्रीय बैंक रेपो दर में कटौती या बढ़ोतरी करता है। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, ट्रेप और एसडीएफ दरों के बीच का अंतर हाल के दिनों में लगातार बढ़ा है। यह 30 जनवरी के 0.33 प्रतिशत से बढ़कर दो फरवरी को 0.43 प्रतिशत, तीन फरवरी को 0.60 प्रतिशत और चार फरवरी को 0.76 प्रतिशत तक पहुंच गया। पांच फरवरी को यह अंतर 0.70 प्रतिशत था हालांकि छह फरवरी को यह घटकर 0.40 प्रतिशत रह गया और सोमवार को फिर से बढ़कर 0.63 प्रतिशत हो गया।

### ज्यादा नकदी वाले बैंकों के लिए रणनीति आकर्षक

बाजार भागीदारों ने कहा कि दोनों दरों के बीच बढ़ते अंतर ने लघु अवधि में इस रणनीति को आकर्षक बना दिया है, खासकर उन बैंकों के लिए जिनके पास बहुत ज्यादा नकदी है।

# एलआईसी म्यूचुअल फंड की देश में पहली महिला केंद्रित शाखा

## दक्षिण दिल्ली में खोली गई शाखा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

एलआईसी म्यूचुअल फंड एसेट मैनेजमेंट लि. ने देश में अपनी पहली महिला-केंद्रित शाखा खोली है। दक्षिण दिल्ली में खोली गयी इस शाखा के साथ यह देश की पहली परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनी बन गयी है जिसने म्यूचुअल फंड निवेश में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के मकसद से यह कदम उठाया है।

■ पहली परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनी बन गयी

भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) प्रायोजित कंपनी ने बयान में कहा कि इस पहल का मकसद निवेश में भागीदारी के मामले में स्त्री-पुरूष अंतर को पाटते हुए महिलाओं को उनके वित्तीय भविष्य की अधिक जिम्मेदारी लेने के लिए प्रोत्साहित करना है। एलआईसी म्यूचुअल फंड के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी रवि कुमार झा ने कहा, ''घरेलू और लंबी अवधि के वित्तीय फैसलों में महिलाओं की भूमिका लगातार बढ़ रही है। ऐसे में इस पहल का उद्देश्य उन्हें अधिक सुलभ, सहयोगी और सहभागिता आधारित निवेश अनुभव प्रदान करना है।''




दक्षिण दिल्ली शाखा में पूरी तरह से महिलाएं ही काम करेंगी और इसका प्रबंधन भी उन्हीं के जिम्मे है। इस इलाके को म्यूचुअल फंड उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण वृद्धि वाला बाजार माना जाता है, जिसकी अनुमानित प्रबंधन अधीन परिसंपत्तियां (एयूएम) लगभग 1.30 लाख करोड़ रुपये हैं। वहीं म्यूचुअल फंड वितरकों की संख्या 2,000 से ज्यादा है।

### परिसंपत्तियां 200 करोड़ रुपए

एलआईसी म्यूचुअल फंड की दक्षिण दिल्ली में प्रबंधन अधीन परिसंपत्तियां 31 दिसंबर, 2025 तक लगभग 200 करोड़ रुपये थी। झा ने कहा कि इस शाखा का मकसद एक अलग जगह देना है, जहां महिलाएं निवेश के बारे में सीख सकें और ज्यादा भरोसे के साथ सोच-समझकर फैसले ले सकें।

# समझौते से बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी, सेंसेक्स 208 अंक चढ़ा

एजेंसी ⏭ मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 208 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 68 अंक के लाभ में रहा।

■ एनएसई निफ्टी 68 अंक के लाभ में

मजबूत वैश्विक संकेतों और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर बनी उम्मीद के बीच बाजार में तेजी जारी है। हालांकि, निवेशकों ने उच्चस्तर पर मुनाफावसूली भी की। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 208.17 अंक चढ़कर 84,273.92 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, मानक सूचकांक 417.2 अंक तक चढ़कर 84,482.95 अंक के उच्चतम स्तर तक चला गया था। निफ्टी 67.85 अंक बढ़कर 25,935.15 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, मानक सूचकांक 122.15 अंक की तेजी के साथ 25,989.45 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''अमेरिकी व्यापार समझौते और प्रमुख एशियाई बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों के कारण घरेलू शेयर बाजारों में तेजी जारी रही। विदेशी संस्थागत निवेशकों के निवेश में तेजी और रुपये की मजबूती से निवेशकों की धारणा मजबूत हुई।



### इन शेयरों ने दर्ज किया लाभ

सेंसेक्स में शामिल शेयरों में इटर्नल, टाटा स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा, पावरग्रिड, टेक महिंद्रा, एनटीपीसी, लार्सन एंड टुब्रो, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, मारुति सुजुकी इंडिया, एक्सिस बैंक, टाइटन और हिंदुस्तान यूनिलीवर प्रमुख रूप से लाभ में रहे।

### नुकसान में रहे ये शेयर

दूसरी ओर, नुकसान में रहने वाले शेयरों में एचसीएल टेक्नोलॉजीज, बजाज फाइनेंस, भारती एयरटेल, एशियन पेंट्स, एचडीएफसी बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, अदाणी पोर्ट्स और आईटीसी शामिल हैं।

### बोनफिग्लियोली ने आईपीओ के लिए किए दस्तावेज जमा

**नई दिल्ली।** इटली के बोनफिग्लियोली समूह की भारतीय इकाई बोनफिग्लियोली ट्रांसमिशन ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से धन जुटाने के लिए बाजार नियामक सेबी के पास शुरुआती दस्तावेज जमा किए हैं।

मामले से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, कंपनी इस आईपीओ के जरिये 2,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जुटाने की योजना बना रही है।

**MP POORV KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.**
BLOCK NO.7 SHAKTI BHAWAN, RAMPUR, JABALPUR (M.P.)
Tel No: 0761 2702473, 2702442 CIN: U40109MP2002SGC015120 email: cepurez@yahoo.in
No. CGM(S&P)/EZ/GM-II/IV/3052 ONLINE TENDER Jabalpur, dtd: 04.02.2026
Online Tenders are invited for following items:-

| S. No. | TS No.(For e-Tendering) Discom- EZ/Pur | Name of Item | Approx. Value (Rs. in Lakhs) | Tender fee (in Rs) | Due date & time of opening of tender online from 15.00 Hrs (*) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | TS - 1658 (e-Tendering No. 2026_PKVVC_478941_1) | Supply Installing Testing and Commissioning of 5 No 12.5 Mtr. Long High Mast Lighting System | 14.61 | 1180 | 25.02.2026 |

* For updated / extended due dates for opening of tender (EMD in cover-1 & Techno-commercial bid in cover-2) please refer to the online key dates. For other details visit Company's website: www.mpez.co.in or https://mptenders.gov.in
SAVE ENERGY FOR BETTER TOMORROW
"बिजली संबंधी शिकायतों के निराकरण के लिए 1912 डायल करें" CGM (S&P)

## चीन-कोरिया ने खतरनाक एआई एजेंट पर चेताया

# एक एआई टूल से हिला टेक बाजार, कंपनियों के डूबे खरबों डॉलर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की तेज होती रफ्तार अब सॉफ्टवेयर इंडस्ट्री के लिए दोधारी तलवार बनती दिख रही है। बीते एक हफ्ते में दुनिया की बड़ी सॉफ्टवेयर कंपनियों का कुल बाजार मूल्य एक खरब डॉलर से ज्यादा घट गया है। इस गिरावट की बड़ी वजह एक नया एआई टूल माना जा रहा है, जिसने निवेशकों को चौंका दिया। अमेरिका से लेकर भारत तक टेक शेयरों में भारी बिकवाली दिखी और यह सवाल उठने लगा कि क्या एआई टूल खुद टेक कंपनियों के लिए खतरा बनते जा रहे हैं। इस बिकवाली की शुरुआत एंथ्रोपिक के एक ओपन-सोर्स एआई प्लगइन से मानी जा रही है, जिसने बड़े सॉफ्टवेयर नामों को झटका दिया। सर्विस नो, सेल्सफोर्स और माइक्रोसाफ्ट जैसी दिग्गज कंपनियों के शेयरों में तेज गिरावट देखी गई। भारत में भी इसका असर साफ दिखा, जहां आईटी सेक्टर का सॉफ्टवेयर एक्सपोर्टर्स इंडेक्स एक ही दिन में करीब 6 फीसदी टूट गया। टीसीएस, इंफोसिस, एचसीएल टेक और विप्रो जैसे बड़े शेयरों के लिए यह करीब छह साल का सबसे खराब दिन माना गया।

■ एआई टूल खुद टेक कंपनियों के लिए खतरा बनते जा रहे



### चीन ने भी जताई चिंता, सख्त निगरानी के संकेत

चीन ने भी ओपनक्लेव को लेकर सावधानी बरतने को कहा है। वहां के उद्योग मंत्रालय ने बताया कि कुछ मामलों में यह एआई एजेंट कमजोर सुरक्षा सेटिंग्स के साथ इस्तेमाल किया जा रहा था, जिससे डेटा लीक और साइबर हमले का खतरा बढ़ सकता है।

### दक्षिण कोरिया की बड़ी कंपनियों का अलर्ट

एआई टूल्स को लेकर बढ़ते उत्साह के बीच अब सुरक्षा चिंताएं सामने आने लगी हैं। दक्षिण कोरिया की बड़ी टेक कंपनियों काकाओ, नेवर और कैरेट मार्केट ने अपने कर्मचारियों को ओपन-सोर्स एआई एजेंट ओपन क्लेव का इस्तेमाल न करने की सलाह दी है। इन कंपनियों का कहना है कि यह टूल कंपनी के डेटा और आईटी सिस्टम के लिए जोखिम पैदा कर सकता है। काकाओ ने साफ किया कि कॉरपोरेट नेटवर्क और ऑफिस डिवाइस पर ओपनक्लेव के इस्तेमाल को सुरक्षा कारणों से सीमित किया गया है।

**खंड - II ई-निविदा आमंत्रण सूचना**
**मध्य प्रदेश शासन**
**कार्यालय वनमण्डल अधिकारी दक्षिण (सा.) वनमण्डल बालाघाट मध्य प्रदेश**
ई - निविदा आमंत्रण सूचना संख्या / 1046/ ई-टेंडरिंग / 2025-26 बालाघाट, दिनांक 04-02-2026
1. वनमण्डल अधिकारी दक्षिण सा. वनमण्डल बालाघाट द्वारा म.प्र. भण्डार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम, 2015 (यथा संशोधित - 2022) के अंतर्गत निम्न लिखित निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सामग्री का नाम | सामग्री का विवरण | सत्यांकार निधि | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Iron Angle Pole 674 Nos. | Iron Angle Pole = 674 Nos. Angle iron post and strut of required size including bottom to be split and bent at right angle in opposite direction for 10 cm length and drilling holes up to 10 mm dia. (first hole will be at 3 feet height starting from bottom then next will be at every 1.5 feet last hole will be at 1 foot total number of holes 8) etc. complete. iron posts of 4.00m height. size 50mm x50mmx6mm thick (14.00 Kg Per Piece) | 19,816/- | 1000/- Tax extra |

◆ निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल एवं विभागीय वेबसाईट www.mpforest.gov.in पर निशुल्क देखे और डाउनलोड किये जा सकते है। ◆ इच्छुक निविदाकार क्रेडिट / डेबिट / कैश कार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज के ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 07-02-2026 बजे 02:00 PM से दिनांक 23-02-2026, बजे 05:00 PM तक केवल ऑनलाईन खरीद सकते है। ◆ ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्तवपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होगी। ◆ निविदा पूर्व बैठक दिनांक 20-02-2026 समय 12:00 PM को उप वनमण्डल कार्यालय बालाघाट (सा.) उप वनमण्डल बालाघाट में आयोजित की जायेगी जिसमें इच्छुक निविदाकार या उनके अधिकृत प्रतिनिधि स्वयं या विडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से भाग ले सकते है। निविदा पूर्व बैठक में केवल वे ही भाग लेने के हकदार होगें जिन्होने ई-टेंडर फॉर्म खरीदे है। ◆ ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र / परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जायेगा, समाचार पत्रों में नहीं। ◆ ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल :- https://mptenders.gov.in

| क्रमांक | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | Publish Date | 06-02-2026 | 05.00 PM |
| 2 | Document Sale Start Date | 07-02-2026 | 02.00 PM |
| 3 | Bid Submission Start Date | 07-02-2026 | 02.00 PM |
| 4 | Bid Submission End Date | 23-02-2026 | 05.00 PM |
| 5 | Bid Opening Date | 24-02-2026 | 06.00PM |

वनमण्डलाधिकारी
दक्षिण सा. वनमण्डल बालाघाट
G - 25677/25

चिंतन

# खुद की सजगता ही बचा सकती है साइबर ठगी से

डिजिटल तकनीक ने जहां देश को नई गति दी है, वहीं इसके खतरे भी कम नहीं हैं। बैंकिंग से लेकर सरकारी सेवाओं तक, हर क्षेत्र में ऑनलाइन माध्यम ने सुविधाएं बढ़ाई हैं, लेकिन इस डिजिटल विस्तार के साथ साइबर ठगी का जाल भी तेज़ी से फैला है। हालात इतने गंभीर हो चुके हैं कि अब तक 54 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि डिजिटल ठगी के जरिए निकाली जा चुकी है। यह आंकड़ा सिर्फ आर्थिक नुकसान नहीं, बल्कि व्यवस्था की कमजोरी और नागरिकों की असुरक्षा को भी उजागर करता है। सुप्रीम कोर्ट ने डिजिटल धोखाधड़ी को डकैती और लूट की संज्ञा देते हुए इसे गंभीर राष्ट्रीय समस्या बताया है, जो समय रहते नहीं रोकी गई तो इसके परिणाम और भयावह होंगे। ठगी के मामलों में एक बात साफ दिखाई देती है कि ठग तकनीक से ज़्यादा मानसिक कमजोरियों का फायदा उठाते हैं। लालच और अज्ञानता उनके सबसे बड़े हथियार हैं। आसान मुनाफे का लालच देकर, डर पैदा करना और विवेक को शून्य कर देना, यही उनकी रणनीति है। कभी केवाईसी अपडेट के नाम पर, कभी फर्जी निवेश योजना, तो कभी सरकारी कार्रवाई का भय दिखाकर डिजिटल अरेस्ट करने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। डिजिटल धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी महज चेतावनी नहीं, बल्कि व्यवस्था को आईना दिखाने वाली है। अदालत ने साफ कहा है कि इतने बड़े पैमाने पर हो रही ठगी में बैंकों की लापरवाही या अधिकारियों की मिलीभगत की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। यही कारण है कि कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा तैयार स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) को पूरे देश में प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। आरबीआई की एसओपी में यह प्रावधान है कि साइबर फ्रॉड की आशंका होते ही तुरंत कार्रवाई की जाए, जैसे संदिग्ध लेन-देन पर डेबिट कार्ड को अस्थायी रूप से होल्ड पर डालना, खाते की गतिविधि सीमित करना और समयबद्ध जांच। इसका उद्देश्य नुकसान को शुरुआती स्तर पर ही रोकना है। समस्या यह नहीं कि नियम मौजूद नहीं हैं, बल्कि यह है कि उनका पालन ढीले-ढाले तरीके से किया जा रहा है। सरकार के लिए यह जरूरी है कि वह केवल दिशानिर्देश जारी करने तक सीमित न रहे, बल्कि उनके पालन की निगरानी भी सुनिश्चित करे। डिजिटल ठगी का एक और खतरनाक रूप है लोगों को डिजिटल अरेस्ट करना और सरकार के नाम पर लॉटरी टिकट बेचकर लोगों को ठगना। ठग खुद को सरकारी एजेंसी, राज्य लॉटरी विभाग या किसी प्रतिष्ठित सरकारी योजना का प्रतिनिधि बताकर लोगों को फोन या मैसेज करते हैं। बड़ी इनामी राशि का लालच देकर पहले मामूली रजिस्ट्रेशन फीस, टैक्स या प्रोसेसिंग चार्ज के नाम पर पैसे ऐंठे जाते हैं। इसके बाद कभी दस्तावेज़ों में कमी, तो कभी नए शुल्क का बहाना बनाकर ठगी का सिलसिला चलता रहता है। डिजिटल ठगी के खिलाफ लड़ाई केवल सरकार या अदालत की नहीं, बल्कि समाज की भी है। सतर्कता ही सबसे बड़ा बचाव है। कोई भी अनजान कॉल, लिंक या लालच भरा ऑफर चाहे वह सरकारी के नाम से ही क्यों न आए, बिना जांच के स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए। बैंक या सरकारी विभाग कभी भी फोन पर ओटीपी, पिन या पासवर्ड नहीं मांगते। जागरूक नागरिक, सख्त कानून और जवाबदेह व्यवस्था इन तीनों के बिना डिजिटल भारत का सपना सुरक्षित नहीं हो सकता।



अर्थव्यवस्था
प्रमोद भार्गव

# अनूठा है भारत-अमेरिका व्यापार समझौता

भारत और अमेरिका के बीच हुआ व्यापार समझौता विलक्षण है। इससे कई नए आयाम तो आकार लेंगे ही, वहीं टैरिफ भी वापस होगा, जो अमेरिका ने जुर्माने के रूप में वसूला है। इस समझौते की एक और खास बात है कि भारतीय कृषि और डेयरी उद्योग की सुरक्षा और शुद्धता को कोई नुकसान नहीं होगा, बल्कि किसानों की आय बढ़ेगी। भारत के सम्मान को बरकरार रखने वाला समझौता पहले कभी देखने-सुनने में नहीं आया। उल्लेखित इन विषयों को लेकर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी सार्वजनिक खुलासा कर चुके हैं। साफ़ है कि इस समझौते के बाद व्यापार और रोजगार के क्षेत्र में नए अवसरों का लम्बा दौर चलेगा।

भारत और अमेरिका के बीच तनातनी के चलते हुआ व्यापार समझौता विलक्षण है। इससे कई नए आयाम तो आकार लेंगे ही, वहीं टैरिफ भी वापस होगा, जो अमेरिका ने जुर्माने के रूप में वसूला है। इस समझौते की एक और खास बात है कि भारतीय कृषि और डेयरी उद्योग की सुरक्षा और शुद्धता को कोई नुकसान नहीं होगा, बल्कि किसानों की आय बढ़ेगी। भारत के सम्मान को बरकरार रखने वाला समझौता पहले कभी देखने-सुनने में नहीं आया। उल्लेखित इन विषयों को लेकर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी सार्वजनिक खुलासा कर चुके हैं। साफ़ है कि इस समझौते के बाद व्यापार और रोजगार के क्षेत्र में नए अवसरों का लम्बा दौर चलेगा।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 1 अगस्त 2025 से भारत पर 25 प्रतिशत ऊल-जलूल टैरिफ थोप दिया था। यही नहीं, ट्रंप ने रूस से सैन्य उपकरण और कच्चा तेल खरीदने की वजह से अतिरिक्त जुर्माना लगाने का भी एकतरफा निर्णय ले लिया था। यह टैरिफ भारतीय दुग्ध एवं कृषि उत्पाद हड़पने की दृष्टि से लगाया गया था, जिससे भारत दबाव में आकर इन उत्पादों के लिए भारतीय बाजार खोल दे, लेकिन भारत भली-भांति जानता था कि अमेरिका के सस्ते अनाज और मांसाहारी दूध के लिए भारतीय बाजार खोल दिया जाता है तो किसान तो तबाह होगा ही, शाकाहारी संस्कृति को भी पलीता लगेगा। साथ ही भारत सरकार जिन प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों (पैक्स) को बढ़ावा देकर कृषि और दूध उत्पादों को वैश्विक बाजार में लाने की तैयारी कर रही है, वह विचार भी चकनाचूर हो जाता। इसलिए सरकार ने साफ कर दिया था कि इन क्षेत्रों में बाहरी हस्तक्षेप स्वीकार नहीं है। वैसे भी अब यह सच्चाई सामने आ रही है कि एकतरफा वैश्वीकरण से दुनिया का भला होने वाला नहीं है। अतएव स्वदेशी उत्पादों के जरिए ही आत्मनिर्भर बने रहने की पहल जारी रखनी होगी। भारत इस दिशा में मजबूती से बढ़ भी रहा है। किंतु अब भारत को अमेरिका से हुए समझौते में बड़ी राहत मिली है। अमेरिकी प्रशासन ने न केवल टैरिफ दर को 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया है,बल्कि रूस से तेल आयात के चलते जुर्माने के रूप में वसूले गए 25 प्रतिशत टैरिफ को वापस करने का फैसला लिया है। वाइट हाउस से जारी आधिकारिक जानकारी के अनुसार, 27 अगस्त 2025 से लेकर 6 फ़रवरी 2026 के बीच जिन आयात वस्तुओं पर जुर्माना लगा है, वह वापस हो जाएगा। उम्मीद बनी है कि इस छूट से भारतीय व्यापारियों को करीब 40 हजार करोड़ की राहत मिलेगी। पीयूष गोयल ने एक साक्षात्कार में साफ किया है कि डेयरी के सभी उत्पाद आनुवंशिक रूप से परिवर्धित उत्पाद भी समझौते से बाहर हैं। इनमें पोल्ट्री, मांस, सोयाबीन, मक्का, चावल, चीनी, गेहूं, ज्वार, बाजरा, रागी, को दो, दाल मूंग, काबुली चना, ग्रीन टी मधु और अनेक प्रकार के फलों को बाहर रखा है। डेयरी उत्पादों में गाय-भैंस का दूध अहम है। इसमें ऐसे पोषक तत्व हैं, जो शरीर और दिमाग दोनों को ही स्वस्थ रखते हैं।

यह दूध ही है, जिससे दही, मट्ठा, मक्खन और घी जैसे सह-उत्पाद निकलते हैं। ये उत्पाद मिठाई की दुकानों से लेकर डेयरी उद्योग के जरिए करोड़ों लोगों के रोजगार



का मजबूत माध्यम बने हुए हैं। लंबे समय तक गाय से पैदा बैल पर ही भारतीय कृषि निर्भर रही है। इसी कृषि की जीडीपी में 24 प्रतिशत की भागीदारी है। भारतीय दुग्ध उत्पादन से लेकर दूध पीने में दुनिया में पहले स्थान पर हैं। इसी दूध पर अमेरिकी बाजार के कब्जे के लिए अमेरिका अपने यहां उत्पादित मांसाहारी दूध बेचना चाहता रहा था। अन्य यूरोपीय देशों की निगाह भी इस दूध के व्यापार पर टिकी हैं। इस बाबत अमेरिका और भारत के बीच 500 बिलियन डॉलर के व्यापार समझौते पर चली बातचीत नाकाम रही थी, क्योंकि इसमें अमेरिकन मांसाहारी दूध के उत्पाद शामिल थे। भारत सरकार ने इस बाबत दो टूक कह दिया था कि अमेरिकी दुग्ध उत्पादों को भारतीय बाजार का हिस्सा नहीं बनाया जा सकता है। यह हमारे दुग्ध उत्पादक किसानों की आजीविका और उनकी संस्कृति की सुरक्षा से जुड़ा बड़ा प्रश्न है, जो कतई स्वीकार योग्य नहीं है। दरअसल अमेरिका चीज (पनीर) भारत में बेचने का लम्बे समय से इच्छुक था। इस चीज को बनाने की प्रक्रिया में बछड़े की आंत से बने एक पदार्थ का इस्तेमाल होता है। इसे अत्यंत घिनौना कृत्य करके चीज में मिलाया जाता है। शाकाहारी लोग इस प्रक्रिया को देख भी नहीं सकते हैं, इसलिए भारत के शाकाहारियों के लिए यह पनीर वर्जित है। गो-सेवक व गऊ को मां मानने वाला भारतीय समाज इसे स्वीकार नहीं करता। अमेरिका में गायों को मांसयुक्त चारा खिलाया जाता है, जिससे वे ज्यादा दूध दें। हमारे यहां गाय-भैंसें भले ही कूड़े-कचरे में मुंह मारती फिरती हों, लेकिन दुधारू पशुओं को मांस खिलाने की बात कोई सपने में भी नहीं सोच सकता। लिहाजा अमेरिका को चीज बेचने की इजाजत इस डील में नहीं दी गई है। अकेले गुजरात में अमूल समेत 36 लाख दुग्ध उत्पादक हैं। बिना किसी सरकारी मदद के बूते देश में दूध का 70 फीसदी कारोबार असंगठित ढांचा संभाल रहा है। इस कारोबार में ज्यादातर लोग अशिक्षित हैं, लेकिन पारंपरिक ज्ञान से न केवल वे बड़ी मात्रा में दुग्ध उत्पादन में सफल हैं, बल्कि इसके सह-उत्पाद दही, मठा, घी, मक्खन, पनीर, मावा आदि बनाने में भी मर्मज्ञ हैं। दूध का 30 फीसदी कारोबार संगठित ढांचा, मसलन डेयरियों के माध्यम से होता है। देश में दूध उत्पादन में 96 हजार सहकारी संस्थाएं जुड़ी हैं।

14 राज्यों की अपनी दुग्ध सहकारी संस्थाएं हैं। देश में कुल कृषि खाद्य उत्पादों व दूध से जुड़ी प्रसंस्करण सुविधाएं महज दो फीसदी हैं, किंतु वह दूध ही है, जिसका सबसे ज्यादा प्रसंस्करण करके दही, मठा, घी, मक्खन, मावा, पनीर आदि बनाए जाते हैं। इस कारोबार की सबसे बड़ी खूबी यह है कि इससे आठ करोड़ से भी ज्यादा लोगों की आजीविका जुड़ी है। करीब 1.5 करोड़ परिवार ही सहकारी दुग्ध उत्पादकता से जुड़े हैं, जबकि 6.5 करोड़ ग्रामीण परिवार आज भी सहकारिता के दायरे से वंचित हैं। दूध उत्पादन में ग्रामीण महिलाओं की अहम भूमिका रहती है। रोजाना दो लाख से भी अधिक गांवों से दूध एकत्रित करके डेयरियों में पहुंचाया जाता है। बड़े पैमाने पर ग्रामीण सीधे शहरी एवं कस्बाई ग्राहकों तक दूध बेचने का काम करते हैं। इसी दूध के बाजार में अमेरिका हस्तक्षेप के लिए लंबे समय से लालायित है, लेकिन उसकी दाल इस बार भी नहीं गल पाई। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने दस हजार नई कृषि सहकारी समितियों को हरी झंडी दिखाई है। अगले पांच साल में इनकी संख्या दो लाख तक पहुंचाने की है। इन्हीं सहकारी संस्थाओं के जरिए कृषि और दुग्ध उत्पादों को भारत से लेकर एशिया और यूरोप तक बाजार में पहुंचाने की है। ऐसे में यदि अमेरिकी दुग्ध उत्पादों के लिए भारतीय बाजार खोल दिए जाते तो इन समितियों की मुश्किलें तो बढ़ती ही, दुग्ध उत्पादक आठ करोड़ लोगों की आजीविका पर भी संकट के बादल गहरा जाते।

(लेखक वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

दिवस विशेष
डॉ. रमेश ठाकुर



# विज्ञान-अनुसंधान में आधी आबादी का बढ़ता प्रभाव

आधी आबादी को समर्पित आज का दिन कई मायनों में खास है। विज्ञान में महिलाओं और लड़कियों की महत्वपूर्ण भूमिका और उनके योगदान को मान्यता देने के लिए सालाना 11 फरवरी को 'विज्ञान में महिलाओं और लड़कियों का अंतरराष्ट्रीय दिवस' मनाया जाता है। 22 दिसंबर 2015 को संयुक्त राष्ट्र की महासभा में घोषित इस दिवस का मुख्य उद्देश्य विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणितज्ञ क्षेत्र में महिलाओं की समान भागीदारी को बढ़ाना और लैंगिक असमानता को दूर करना था। आज इस दिवस का 11वां संस्करण मनाया जा रहा है। इस साल की थीम 'अभी सर्वश्रेष्ठ आना बाकी है' पर केंद्रित है। विज्ञान क्षेत्र में महिलाओं के बढ़ते कदमों की बात करें, तो मंगल मिशन की सफलता से लेकर नासा और नोबेल पुरस्कार तक भारतीय महिलाएं विज्ञान क्षेत्र में अपना लोहा मनवा रही हैं। विज्ञान के वैश्विक स्तर पर भी भारतीय महिलाओं की धूम है। ये सिलसिला अब इसलिए भी रुकने वाला नहीं? क्योंकि सामाजिक बेड़ियों को तोड़कर महिलाएं दिनोंदिन विज्ञान की दुनिया में अकल्पनीय कीर्तिमान स्थापित करती जा रही हैं। एकाध दशकों के भीतर विज्ञान क्षेत्र और उसके विषय में महिलाओं की भूमिकाएं अत्यंत महत्वपूर्ण और परिवर्तनकारी के तौर पर उभरी हैं। आधा आबादी ने भौतिकी, रसायन विज्ञान, चिकित्सा, और अंतरिक्ष अनुसंधान जैसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में अपना क्रांतिकारी योगदान देकर अपने दम पर पुरुषों के साथ कदम ताल मिलाया है। मैरी क्यूरी से लेकर भारतीय अंतरिक्ष मिशनों तक, महिलाओं ने रूढ़िवादी परंपराओं को तोड़कर अपनी प्रतिभा सिद्ध की हैं। केंद्र सरकार ने 2024-25 में विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय को 16,628 करोड़ रुपये आवंटित इसलिए किए थे, ताकि इस क्षेत्र में धन की कमी न आए। अब भारत में, विज्ञान और प्रौद्योगिकी में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। वर्ष-2018-19 की विभिन्न शोध परियोजनाओं में महिलाओं की हिस्सेदारी तकरीबन 28 से 30 फीसदी तक बढ़ीं। 2024-24 के आंकड़ों में और इजाफा हुआ है। गति अगर यूं ही बरकरार रही, तो साल 2047 में जब भारत पूर्ण रूप से विकसित होगा, तब विज्ञान क्षेत्र में महिलाओं की हिस्सेदारी आधी हो जाएगी। महिलाओं के लिए भारत अब बदल चुका है, क्योंकि वैश्विक औसत के हिसाब से विज्ञान क्षेत्र में भारतीय महिलाएं की रुचि ज्यादा बढ़ी है। यही कारण है कि स्टेम शिक्षा में महिलाओं की हिस्सेदारी अब लगभग 43 प्रतिशत तक जा पहुंची है। केंद्रीय व राज्य सरकारों द्वारा भी महिला सशक्तिकरण के प्रयासों में इंटरशिप, छात्रवृत्तियां और अन्य 11 पीठों का गठन महिला शोधकर्ताओं को बढ़ाने मकसद से शुरू किया जा चुका है। केंद्र सरकार में इसका अलग से मंत्रालय भी बनाया गया है। मंत्रालय का नाम है 'विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी एवं पृथ्वी विज्ञान'। एक जमाना था, जब विज्ञान जैसे क्षेत्रों में गिनी चुनी महिलाओं की ही आमदगी होती थी। पर, अब इसरो के चंद्रयान और मंगलयान मिशनों की सफलता में भारतीय महिला वैज्ञानिकों का महत्वपूर्ण योगदान भी दिखने लगा है। आनंदीबाई जोशी पहली महिला डॉक्टर, असिमा चटर्जी पहली कैंसर और मिर्गी शोध, सुषमा घोष पहली चिकित्सा विज्ञान और जानकी अम्माल ने गन्ने की हाइब्रिड प्रजातियों के विकास में जो योगदान दिया, उसे कोई नहीं भूल सकता। वहीं, अन्ना मणि का सौर विकिरण और ओजोन परत के क्षेत्र में दिया उल्लेखनीय कार्य सदैव सराहनीय रहेगा। इन महिलाओं ने ये सफलताएं उस समय हासिल की थी, जब महिलाओं को घरों की चारदीवारी में कैद करके रखा जाता था। बाहर निकलने की आजादी तक नहीं होती थी। भारतीय महिला वैज्ञानिकों ने न केवल विज्ञान और चिकित्सा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान किया, बल्कि गणित, अंतरिक्ष और खगोल शास्त्र के क्षेत्र में भी शानदार उपलब्धियां हासिल की हैं। अंतरिक्ष की दुनिया में दमदार प्रदर्शन करने वाली इन महिलाओं के संबंध में युवा पीढ़ी को जानना चाहिए। वैश्विक पटल पर भी भारतीय महिलाओं ने अपने हुनर का लोहा अपनाया। कल्पना चावला भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला के बारे में छोटे बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक हर कोई जानता है। कल्पना अंतरिक्ष में जाने वाली भारतीय मूल की पहली महिला थीं जिसने 376 घंटे 34 मिनट तक अंतरिक्ष में रहकर रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने धरती के 252 चक्कर लगाए थे। वहीं, सुनीता विलियम्स अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के जरिये अंतरिक्ष में जाने वाली भारतीय मूल की दूसरी महिला हैं। सुनीता विलियम्स ने एक अंतरिक्ष यात्री के रूप में 195 दिनों तक अंतरिक्ष में रहने का विश्व कीर्तिमान स्थापित किया। उनसे प्रेरणा लेकर भारतीय महिलाएं विज्ञान क्षेत्र में आ रही हैं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# सुख की चाह के लिए साधना ज़रूरी



संकलित
दर्शन

तप संकल्प की प्राप्ति का एकमात्र उपाय है। जिसे सत्य संकल्प द्वारा सुख की चाह है, उसे तप की साधना अवश्य करनी चाहिए। संकल्प के दृढ़ एवं सत्य न होने का सबसे बड़ा कारण तप की कमी होता है। जो व्यक्ति अपने स्थूल और सूक्ष्म शरीर के द्वारा तप नहीं करता, वह अपने संकल्पों को कभी प्राप्त नहीं कर सकता। तप से हमें अपने मन और तन, दोनों को पक्का बनाना होता है। जैसे मिट्टी का कच्चा घड़ा पानी डालने पर गल जाता है। वह अग्नि में बिना तपे कभी जल नहीं ला सकता। इसी प्रकार जब तक मनुष्य अपने जीवन को तप द्वारा पक्का नहीं बनाता, तब तक वह कभी भी अपने संकल्पों की सिद्धि को धारण नहीं कर सकता। तप से जीवन की समस्त अशुद्धियां दूर होती हैं। अशुद्धियों के दूर होने से शरीर और इंद्रियों को विशेष सिद्धि मिलती। तभी कहा जाता है कि तप से सभी कुछ साध्य है। वेदों में भी तप की महिमा और आवश्यकता का अनेक स्थानों पर वर्णन किया गया है। कल्याण की कामना करने वाले ऋषिगण भी प्रथम तप और दीक्षा का ही अनुष्ठान करते हैं। श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय स्कंध में श्री भगवान ब्रह्मजी से कहते हैं कि 'मैं इस दृश्यमान अखिल प्रपंच को तप द्वारा रचता हूं और पुनः तप द्वारा ही ग्रसित कर लेता हूं। मैं तप द्वारा ही इस विश्व का भरण-पोषण करता हूं और मेरा अत्यंत तेजस्वी पराक्रम तप ही है। तप द्वारा वह तेज और वह शक्ति प्राप्त की जा सकती है, जो किसी भी संकल्प की प्रतिपूर्ति का आधार बनती है।

# तुलसीदास ने की विप्रचंद ब्राह्मण पर कृपा



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक विप्रचंद नामक ब्राह्मण से हत्या हो गई और उस हत्या के प्रायश्चित के लिए वह अनेक तीर्थों में घूमता हुआ काशी आया। वह मुख से पुकार कर कहता था- राम राम ! मै हत्यारा हूं, मुझे भिक्षा दीजिए। श्री गोस्वामी जी ने उसके मुख से अपने इष्टदेव का अतिसुंदर राम नाम सुनकर उसे अपने निवास स्थान पर बुला लिया और उसे हृदय से लगा लिया। गोस्वामी जी ने बड़ी प्रसन्नता से उसे अपनी पंक्ति में बैठकर प्रसाद खिलाया जिससे वह शुद्ध हो गया। काशी के ब्राह्मणों ने जब यह बात सुनी तो उन्होंने एक सभा की और उसमें गोस्वामी जी को बुलवाया। सभी पंडितों ने गोस्वामी जी से पूछा कि प्रायश्चित पूरा हुए बिना ये ब्राह्मण कैसे शुद्ध हो गया? गोस्वामी जी ने कहा कि वेदों पुराणों में भगवान के नाम की महिमा लिखी है, उसे पढ़कर देख लीजिए। भगवन्नाम के प्रताप से ही यह ब्राह्मण भी शुद्ध हो गया। उन्होंने गोस्वामी जी से कहा कि महिमा लिखी तो है परंतु हमें विश्वास नहीं होता। गोस्वामी जी ने पूछा कि फिर आपको कैसे होगा विश्वास वह उपाय कहिए? इस पर ब्राह्मणों ने कहा- यदि इस व्यक्ति के हाथ से भगवान शंकर के नंदी जी प्रसाद खा लें तो हम लोग इसे अपनी जाति, पंगति में ले सकते हैं अथवा नहीं। सब लोग काशी में ज्ञानवापी नदी के तट पर पहुंचे जहां शर्त रखी गई थी। श्री गोस्वामी जी ने नन्दीश्वर से कहा- हे नंदीश्वर! यदि यह ब्राह्मण राम नाम के प्रताप से शुद्ध हो गया है तो आप इसके हाथ से प्रसाद स्वीकार करके नाम की महिमा को प्रमाणित कीजिए। नन्दीश्वर ने प्रसन्नता के साथ प्रसाद स्वीकार कर लिया।

## नेपाल को सहायता



**काठमांडू।** भारत-नेपाल सीमा पर 50 सैन्य वाहनों के हस्तांतरण के दौरान भारतीय सेना के जवान नेपाली सेना के सदस्यों के साथ। इन वाहनों को काठमांडू में आयोजित एक समारोह में नेपाल में भारत के राजदूत द्वारा औपचारिक रूप से प्रस्तुत किया जाएगा।

## आज की पाती

### जान है तो जहान है

दुनिया भर की बकवास को छोड़कर सर्वप्रथम स्वास्थ्य क्षेत्र में सारा ध्यान केंद्रित किया जाना अनिवार्य है। धर्म, जाति, भाषाएं, राजनीतिक दल, संप्रदाय, देशभक्ति, देश-दुनिया तभी बचे रहेंगे जब तक लोग जीवित रहेंगे, सही सलामत रहेंगे, स्वस्थ रहेंगे। हमारे भारत में भी कौन जाने, कहां, कब, कैसे, किस क्षेत्र में क्या-क्या उन्नति-प्रगति हो रही है। देश की अर्थव्यवस्था विश्व में चौथे नंबर पर पहुंच चुकी है। ये सभी काल्पनिक और आदर्शवादी बातें उन सभी करोड़ों भारतीय नागरिकों की समझ से सर्वथा परे हैं, जो आज भी अपनी दैनिक और विशेषकर स्वास्थ्य संबंधी सैकड़ों समस्याओं से लगातार ही जूझते हुए कुछ चैन, सुकून, शांति व आराम की तलाश कर रहे हैं। स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता मिलनी चाहिए।

*- प्रथमेश कुलकर्णी, दुर्ग*

## ट्रेंड

### जनता का भरोसा



महाराष्ट्र की जनता ने जिला परिषद चुनावों में महायुति के पक्ष में स्पष्ट निर्णय लेकर विकास तथा सुशासन की राजनीति को अपना समर्थन दिया है। इस जनविश्वास के लिए राज्य की जनता का हृदय से आभार। जनकल्याणकारी नीतियों पर जनता का भरोसा ही इस जीत का आधार बना है।

**-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री**

### प्रधानमंत्री आवास योजना



प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से हज़ारों जरूरतमंद परिवारों को पक्का घर मिल रहा है, जो उनके सम्मानजनक और सुरक्षित जीवन की मजबूत नींव है। मेरा निरंतर प्रयास है कि पंक्ति में सबसे आखिरी खड़े व्यक्ति तक इस योजना का लाभ पहुँचे, ताकि कोई पात्र वंचित न रहे।

**-अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय महिला विकास मंत्री**

### पायलट को श्रद्धांजलि



पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय राजेश पायलट की जयंती पर हम उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उन्होंने वंचित और शोषित वर्गों की आवाज़ को मजबूती से उठाया, भारतीय वायुसेना में रहते हुए देश के प्रति अपनी निष्ठा व समर्पण का परिचय दिया।

**- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

### घरेलू उत्पादन बढ़ाएं



भारत अपने तेल और गैस का 90 फीसदी आयात करता है। हम तीन तरफ से समुद्र से घिरे हैं। घरेलू उत्पादन बढ़ाने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। हम तेल और गैस के लिए विश्व का सबसे तेजी से बढ़ता बाजार हैं।

**- अनिल अग्रवाल, उद्यमी**

## करंट अफेयर

# केन्या में 20 लाख से अधिक लोग भुखमरी की चपेट में

केन्या के कुछ इलाकों में सूखे की वजह से 20 लाख से अधिक लोग भुखमरी का सामना कर रहे हैं और सबसे ज्यादा असर उत्तर-पूर्वी क्षेत्रों के पशुपालक समुदायों पर पड़ा है। संयुक्त राष्ट्र और अन्य संगठनों ने यह जानकारी दी। केन्या के राष्ट्रीय सूखा प्रबंधन प्राधिकरण के मुताबिक, देश के करीब 10 जिले इस समय सूखे से जूझ रहे हैं। सोमालिया से सटे केन्या के उत्तर-पूर्वी मंडेरा जिले में स्थिति चेतावनी स्तर पर पहुंच गई है। इसका मतलब है कि पानी की गंभीर कमी के कारण पशुओं की मौत हो रही है और बच्चे कुपोषण का शिकार हो रहे हैं। जनवरी के अंत में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा था कि यही परेशानी सोमालिया, तंजानिया और यहां तक कि युगांडा तक फैल रही है, जहां लोग इसी तरह के मौसम और पानी की गंभीर कमी से जूझ रहे हैं। हाल के हफ्तों में सोमाली सीमा के पास सूखाग्रस्त इलाकों से झकझोर देने वाली तस्वीरें सामने आई हैं, जिनमें मवेशियों को बेहद कमजोर और कुपोषित हालत में देखा जा सकता है। यह इलाका जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से जूझ रहा है। हाल के वर्षों में कुछ क्षेत्रों में बारिश के मौसम की अवधि छोटी हो गई है, जिससे सूखे की स्थिति पैदा हो रही है।



## ऑफ बीट

# दो-तीन कप कॉफी पीने से डिमेंशिया का खतरा कम

वैज्ञानिकों ने पाया है कि दिन में दो से तीन कप कॉफी पीने से डिमेंशिया होने का खतरा काफी हद तक कम हो सकता है, लेकिन इससे अधिक मात्रा में कॉफी पीने से मस्तिष्क को कोई अतिरिक्त लाभ नहीं मिलता। एक व्यापक अध्ययन में सीमित मात्रा में कैफीनयुक्त कॉफी या चाय पीने वालों में डिमेंशिया होने की संभावना कम पाई गई। अध्ययन के अनुसार, 75 वर्ष या उससे कम आयु के लोगों में इसका प्रभाव सबसे अधिक देखा गया। रोजाना करीब 250-300 मिलीग्राम कैफीन (लगभग दो से तीन कप कॉफी) लेने वालों में डिमेंशिया का जोखिम 35 प्रतिशत तक कम पाया गया। शोधकर्ताओं ने कहा कि इससे अधिक कैफीन लेने से कोई अतिरिक्त लाभ नहीं मिला। अध्ययन में शामिल महिलाओं ने बताया कि शुरुआत में वे प्रतिदिन औसतन साढ़े चार कप कॉफी या चाय पीती थीं, जबकि पुरुषों के लिए कॉफी की औसत खपत ढाई कप थी। अधिक कैफीन लेने वाले प्रतिभागी अपेक्षाकृत कम उम्र के थे, लेकिन वे शराब का अधिक सेवन करते थे, धूम्रपान करते थे और अधिक कैलोरी लेते थे, जो डिमेंशिया के जोखिम को बढ़ाने वाले कारक माने जाते हैं। शोध में यह भी पाया गया कि कैफीन रहित कॉफी पीने वालों में स्मृति क्षय तेज़ी से हुआ।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



# पड़ोसी को बिग बी ने घर बुलाकर जीत लिया दिल

**नई दिल्ली।** निर्मित जेसरानी पहली बार चर्चा में तब आए, जब उनके पड़ोसी महानायक अमिताभ बच्चन के 'संडे दर्शन' का एक वीडियो वायरल हुआ। वह घर की खिड़की से अमिताभ बच्चन को उनके फैंस को निहार रहे थे। इसके बाद मामला तब मजेदार हो गया, जब अमिताभ बच्चन ने भी पलटकर निर्मित को देखा और हाथ हिलाकर अभिवादन किया। अब किस्मत इस पड़ोसी पर और मेहरबान हुई। बिग बी ने उन्हें सीधे अपने घर बुलाया। निर्मित ने इस बार जलसा के अंदर से संडे दर्शन देखा और इस रस्म को करीब से महसूस किया। यह सुनने में एक छोटी सी बात जरूर लग सकती है, लेकिन अमिताभ बच्चन के इस अंदाज ने उनका दिल छू लिया।

## लाइफ Style

# मोनालिसा

## द डायरी ऑफ मणिपुर में मटकती-इठलाती दिखीं

महाकुंभ मेले में वायरल हुई मोनालिसा ने एक साल बाद प्रयागराज में माघ मेले में भी वापसी की। लेकिन, मोनालिसा ने बॉलीवुड में भी एक्ट्रेस के तौर पर वापसी की है। पिछले साल के बाद इंटरनेट पर सनसनी बन चुकीं माला बेचने वाली मोनालिसा एक्टर राजकुमार राव के भाई अमित राव के साथ फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' में नजर आएंगी, जिसका टीजर रिलीज हो चुका है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

गांधीगिरी (2016) और शशांक (2023) जैसी फिल्मों के लिए मशहूर डायरेक्टर सनोज मिश्रा की निर्देशित इस फिल्म को मोनालिसा की रील वायरल होने के बाद ही उन्हें ऑफर किया गया था। फिल्म की शूटिंग पूरी होने के बाद, टीम मां गंगा का आशीर्वाद लेने के लिए भी गई थी। अब इसका टीजर आउट हो चुका है। द डायरी ऑफ मणिपुर के टीजर की शुरुआत मोनालिसा से ही होती है। उसकी कजरारी आंखों की झलक से लेकर उसका डांस और अदाएं सबकुछ देखने लायक है। मोनालिसा की इस फिल्म की कहानी भी दमदार लग रही है, जिसमें मणिपुर के पुराने इतिहास और पॉलिटिक्स के बारे में दिखाया गया है। सारे एक्टर्स मंझे हुए लग रहे हैं। पहली फिल्म के हिसाब से और बिना किसी एक्टिंग की लंबी ट्रेनिंग के मोनालिसा का काम भी अच्छा है। लोगों ने भी उनकी खूब तारीफ की है। ये मोनालिसा की पहली फिल्म है। इससे पहले सनोज मिश्रा ने फिल्म को लेकर जानकारी शेयर की थी और मोनालिसा के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, 'हमने फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' की शूटिंग चार चरणों में शुरू की – पहले इटावा (उत्तर प्रदेश) में, फिर मणिपुर में, जहां हमने कई जगहों पर फिल्म की शूटिंग की।



## हॉलीवुड मसाला



# निक पर चढ़ा हिंदू धर्म का रंग

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा के पति निक जोनस ने बताया कि वह हिंदू धर्म और भारतीय संस्कृति से बहुत प्रभावित हैं। निक ने कहा कि वह अपनी बेटी को भी भारतीय संस्कृति और संस्कारों वाली परवरिश दे रहे हैं। बॉलीवुड की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा और अमेरिकी सिंगर निक जोनस को इंडस्ट्री के सबके आइकॉनिक पावर कपल्स में गिना जाता है। निक जोनस का भारत और यहां के कल्चर के प्रति प्यार हमेशा ही उनके बयानों में झलकता रहा है।



# बॉयफ्रेंड से बूढ़ी दादी की तरह कपड़े पहनकर मिलती थीं

**लॉस एंजिल्स।** के-पॉप स्टार ब्लैकपिंक की रोजे ने खुलासा किया है कि उन्होंने अपने एक्स लवर से छिपकर मिलने के लिए एक मजेदार तरीका निकाला था। लोगों को उनके बारे में कुछ पता न लगे इसके लिए वो पूर्व प्रेमी से बूढ़ी दादी की तरह कपड़े पहनकर मिला करती थीं। रोजे ने बातचीत में बताया कि कैसे वो अपने रिश्ते को फैन्स और पपराजी से बचाने के लिए एक बुजुर्ग महिला का वेश धारण किया करती थीं। उन्होंने बताया कि डेटिंग के दौरान पकड़े जाने के डर ने उन्हें इस तरह से अपना हुलिया बदलने के लिए मजबूर कर दिया। इतना ही नहीं, 28 साल की सिंगर ने बताया कि पहचान छिपाने के लिए उन्होंने एक पूरी अलमारी ही उन तरह के कपड़ों के लिए बना ली थी जिसमें उम्रदराज महिला के लुक में बदलने के लिए जरूरी सारी चीजें वो रखा करती थीं।



# एआई से इमेज बदलना बहुत डिस्टर्बिंग

**मुंबई।** आजकल एआई से किसी फोटो या वीडियो को एडिट करना कोई बड़ी बात नहीं है। एडिट होने के बाद भी आप असली और एडिट किए हुए फोटो में फर्क नहीं बता सकते। इसी को लेकर एक्ट्रेस आयशा खान ने खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि कैसे उनके फोटो और वीडियो एआई से एडिट करके वायरल किए जाते हैं। जो देखने में बिल्कुल असली लगते हैं। आयशा खान ने कहा कि उन्हें खुद कई ऐसे बदले हुए फोटो सोशल मीडिया पर मिले हैं, जो देखने में बहुत असली लगते हैं। इन तस्वीरों को देखकर उन्हें काफी दुख होता है और डिस्टर्बिंग लगता है। आयशा ने कहा, 'एआई वाली चीज बहुत डरावनी हो गई है। इंटरनेट पर महिलाओं को सेक्सुअलाइज करने के लिए ऐप बनाना बहुत ही खतरनाक है।




# विक्रांत और तमन्ना ने फ्री में किया काम

**मुंबई।** मकबूल, ओमकारा और हैदर जैसी फिल्में बनाने वाले निर्देशक विशाल भारद्वाज अब 'ओ रोमियो' लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म में एक बार फिर विशाल भारद्वाज शाहिद कपूर के साथ काम कर रहे हैं। हालांकि, फिल्म में एक बड़ी स्टारकास्ट नजर आएगी। इसमें नाना पाटेकर, अविनाश तिवारी, तृप्ति डिमरी, दिशा पाटनी, तमन्ना भाटिया और विक्रांत मैसी जैसे कलाकारों के नाम शामिल हैं। अब विशाल भारद्वाज ने फिल्म से जुड़ा एक बड़ा खुलासा किया है, जिसमें उन्होंने उन कलाकारों के बारे में बताया जिन्होंने फिल्म में बिना एक भी पैसा लिए काम किया है। उन्होंने बताया कि ओ रोमियो में विक्रांत और तमन्ना ने फ्री में काम किया है। व्यस्त कार्यक्रम और बढ़ती मांग के बावजूद विक्रांत ने फिल्म के लिए लगभग आठ से नौ दिनों तक शूटिंग की।

## टीवी मसाला



# कभी रहीं टीवी की क्वीन, आज 1000 फीस लेकर चला रहीं घर

**नई दिल्ली।** कभी ग्लैमर वर्ल्ड पर राज करने वालीं अदाकारा आज 1000 रुपए में गुजारा कर रही हैं। यह हसीना हैं 90 दशक की फेमस टीवी पर्सनैलिटी रूबी भाटिया। रूबी भाटिया ने हिट फिल्मों में अदाकारी दिखाई और फिर टीवी होस्टिंग के जरिए खूब नाम कमाया। वह पहली वीडियो जॉकी थीं। फिल्मों में अदाकारी के लिए वह टीवी शोज को होस्ट करती थीं। वह अपने दौर की हाइएस्ट पेड होस्ट्स में से एक थीं। 90 के दशक में कामयाबी हासिल करने के बाद रूबी भाटिया ने अचानक इंडस्ट्री से किनारा कर लिया था। शादी के बाद वह अपने परिवार के साथ एक सिंपल लाइफ जी रही थीं कि तभी उन्हें अपना गुजारा करने के लिए 1000 रुपए फीस में काम करना शुरू किया। इन दिनों रूबी भाटिया का एक वीडियो सोशल मीडिया पर धड़ल्ले से वायरल हो रहा है जिसमें वह 1000 रुपए फीस लेकर काम मांगती हुई नजर आई थीं। इस वीडियो को देख लोगों ने उनके फाइनेंशियल स्टेटस पर चिंता जताने लगे हैं। कभी एक शो के एक लाख रुपए कमाने वालीं रूबी का यूं 1000 हजार रुपए में काम मांगना लोगों के लिए शॉकिंग था। कुछ समय पहले ही रूबी भाटिया ने खुलासा किया था कि 20 सालों तक वह अपनी फैमिली के साथ एक शांत जिंदगी बिता रही थीं। वह अपने परिवार के साथ लोखंडवाला आती रहती थीं। जिस घर में वह रहती थीं, वह 30 साल पुराना था।

## लाफ्टर शेफ्स में जैस्मिन ने मारी एंट्री

**नई दिल्ली।** 'लाफ्टर शेफ्स सीजन 3' के कंटेस्टेंट्स शो में खूब धूम मचा रहे हैं और इसी के साथ नया प्रोमो भी रिलीज कर दिया गया है। इसमें



जैस्मिन भसीन बॉयफ्रेंड अली गोनी को सरप्राइज देने शो में आती हैं। साथ ही, समर्थ और अभिषेक हर किसी को देखकर जल-भून जाते हैं। जैस्मिन के अली गोनी को सरप्राइज देने के साथ ही, अंकिता लोखंडे-विक्की जैन, करण कुंद्रा-तेजस्वी प्रकाश और कश्मीरा शाह-कृष्णा अभिषेक जैसे कपल्स एक-दूसरे के प्रति अपना प्यार जताते हैं। अली कहते हैं, 'मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि वह मेरे जीवन में है।' इसके बाद दोनों साथ में डांस करते हैं और एक-दूसरे को गले लगाते हैं। करण कुंद्रा तेजस्वी प्रकाश को फूल देते हैं और उनसे प्यार का इजहार करते हैं। प्रोमो में अभिषेक कुमार और समर्थ जुरेल धोती पहने लाठी लेकर आते हैं। प्रोमो जारी होते ही, फैंस ने कमेंट सेक्शन में रिएक्ट किया है। कुछ ने जैस्मिन की एंट्री पर एक्साइटमेंट दिखाया, वहीं कुछ अभिषेक और समर्थ के रिएक्शन पर मजे ले रहे हैं।

# नदिया के पार की गुंजा को 44 साल बाद पहचाना हुआ मुश्किल...

**नई दिल्ली।** अभिनेता सचिन पिलगांवकर के साथ फिल्म नदिया के पार में नजर आने वालीं अभिनेत्री साधना सिंह अपने समय में काफी लोकप्रिय रहीं। इस मूवी में गुंजा की भूमिका अदा कर उन्होंने देश के कोने-कोने तक अपनी पहचान बनाई। लेकिन अब चार दशक बाद वह कहां और क्या करती हैं, इसके बारे में बहुत कम लोगों को जानकारी है। बदलते वक्त के साथ-साथ अब उनका लुक भी काफी हद तक बदल गया है।



***बदला लुक*** : 1982 में रिलीज होने वाली नदिया के पार हिंदी सिनेमा की कल्ट क्लासिक फिल्म मानी जाती है। साधना सिंह ने बड़ी ही बेहतरीन तरीके से गुंजा के किरदार को अदा किया और अमर कर दिया। एक वक्त पर अपनी बेबाक खूबसूरती के लिए मशहूर होने वाली साधना का लुक काफी बहुत बदल गया है। साधना सिंह के ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर मौजूद उनकी इन लेटेस्ट तस्वीरों को देखकर ये अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। बढ़ती उम्र के साथ उनकी काया पूरी तरह पलट गई है। हालांकि, उनकी चेहरे की सादगी अब भी नदिया के पार के गुंजा की तरह बरकरार है। एक्टिंग के अलावा अब साधना सिंह एक फैशन डिजाइनर के तौर पर मुंबई में बुटीक भी चलाती हैं। आपको बता दें कि साधना ने फिल्म निर्माता राजकुमार शाहाबादी के साथ रचाई और इनकी एक बेटी भी है, जिसका नाम शानी शाहाबादी है। अपने परिवार के साथ साधना सिंह मायानगरी में हंसी खुशी रहती हैं।

***इन फिल्मों के लिए मशहूर हैं***

साधना सिंह ने बतौर एक्ट्रेस हिंदी सिनेमा में लंबी पारी खेली है। नदिया के पार से बतौर अभिनेत्री अपने करियर का आगाज करने वालीं साधना कई शानदार मूवीज में नजर आईं, जिनके नाम इस प्रकार हैं- ससुराल, पिया मिलन, ये कैसा फर्ज, तुलसी, दुर्गा मां, परिवार, फलक, प्यार का सावन, मुक्केबाज, सुपर 30। बता दें आखिरी बार बड़े पर्दे पर बतौर एक्ट्रेस साधना सिंह साल 2019 में रिलीज होने वाली फिल्म जिंदगी तुमसे ही में नजर आई थीं। इसके अलावा उन्होंने कई वेब सीरीज और टीवी सीरियल्स में भी काम किया है।

# सिफारिश लगाने वालों पर भड़के विशाल, नए गायकों को दी ये सलाह

**नई दिल्ली।** मशहूर सिंगर और कंपोजर विशाल ददलानी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें वे नए गायकों को यह सुझाव देते दिखे हैं कि उनसे मिलने के लिए वे किसी मंत्री या किसी अन्य शख्सियत का सहारा न लें। संघर्ष के दिनों में लोग काम पाने के लिए किसी की सिफारिश लगवाने का विकल्प चुन लेते हैं। मगर, विशाल ददलानी ने ऐसा करने वालों को सलाह दे डाली है। इतना ही नहीं, विशाल का कहना है कि किसी मंत्री से सिफारिश लगवाने वाले को उन्होंने ब्लॉक भी कर दिया है। सिंगर ने इसे लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है। विशाल ददलानी ने आज सोमवार को अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होने लिखा है, 'नए गायकों के लिए कुछ सलाह। किसी मंत्रीजी या उनके सेक्रेटरी से मुझे फोन मत करवाना। अगर ऐसा करते हो तो इतना पक्का है कि मुझसे कभी मिल नहीं पाओगे। जो लोग 'कॉन्टैक्ट्स' के जरिए आगे बढ़ने की कोशिश करते हैं, उनके लिए मेरे मन में जरा भी इज्जत नहीं है। जिस बंदे ने अभी-अभी यह कोशिश की, मंत्री-जी अब ब्लॉक हो गए हैं और तुम भी। अब, भले ही तुम बहुत अच्छे सिंगर हो, मुझे तुम्हारे साथ काम करने में कोई दिलचस्पी नहीं है। सॉरी'। 'अपनी प्रतिभा पर विश्वास रखें प्लीज। कड़ी मेहनत करने के लिए तैयार रहें और साथ ही धैर्य रखें। अगर आप अच्छे हैं, तो आपका समय जरूर आएगा। सिफारिश वाली चीजें न करें। यह एक बोरिंग पुरानी बात है। और, सबसे बड़ी बात कि यह सिर्फ यही बताता है कि आपको अपनी प्रतिभा पर भरोसा नहीं है'। विशाल ददलानी की इस बात पर नेटिजन्स तारीफ कर रहे हैं और सहमति जता रहे हैं। एक यूजर ने पूछा कि आपसे किस तरह मिला जा सकता है? इस पर विशाल ने जवाब दिया, 'बस अपना म्यूजिक रिलीज करो। अगर यह अच्छा है, तो यह मुझ तक जरूर पहुंचेगा। साथ ही, मैं हर हफ्ते नए आर्टिस्ट्स को खोजने के लिए एक प्लेटफॉर्म बनाने की प्रकिया में हूं।



## शेखर कपूर की थी पहली फिल्म, जिसे उन्होंने किया था डायरेक्ट

# मासूम की रिलीज से 5 दिन तक खाली रहे थिएटर, दूसरे हफ्ते हुआ चमत्कार

***नई दिल्ली।*** *सदाबहार सुपरहिट फिल्म 'मासूम' (1983) तो तभी को याद होगी। 'मासूम' वो फिल्म थी जो रिलीज के समय शुरुआती दिन में फ्लॉप घोषित हो गई थी।सिनेमाघर खाली थे और थिएटर मालिकों ने फिल्म लगाने तक के लिए मना कर दिया था, लेकिन फिर भी फिल्म कल्ट क्लासिक रही। अब फिल्म के निर्देशक शेखर कपूर ने फैसला लिया है कि वे फिल्म का दूसरा पार्ट नई जनरेशन के साथ बनाने के लिए तैयार हैं। सदाबहार सुपरहिट फिल्म 'मासूम' शेखर कपूर की पहली फिल्म थी, जिसे उन्होंने डायरेक्ट किया था, लेकिन अभिनेता ने इस फिल्म के बाद आगे फिल्में डायरेक्ट न करने का फैसला लिया था, लेकिन फिल्म से जुड़ी एक घटना ने उनकी जिंदगी में बड़ा बदलाव ला दिया। निर्देशक ने खुद फिल्म से जुड़ा किस्सा शेयर किया है। रिलीज के पहले दिन, मैं मुख्य सिनेमाघर गया और पूरे सिनेमा हॉल में सिर्फ दो लोग थे और उनमें से एक मैं था। मासूम के पहले दिन के पहले शो को छोड़कर, हॉल पूरी तरह खाली था!*



## 'मासूम' को देखने पहुंची थी भीड़

उन्होंने आगे लिखा, 'रिलीज के बाद शनिवार, रविवार, सोमवार, मंगलवार, और बुधवार को भी सिनेमाघर खाली रहे। नौबत ये आ गई कि फिल्म के डिस्ट्रीब्यूटर्स ने फिल्म तो लगाने से इनकार कर दिया। मैं मुंबई की सड़कों पर घूमता रहा और सोचता रहा कि अब मैं अपनी जिंदगी में आगे क्या करूंगा, क्योंकि फिल्में बनाना अब मेरे लिए मुमकिन ही नहीं था, लेकिन गुरुवार को कुछ अजीब हुआ। गुरुवार को एक सिनेमा हॉल पूरी तरह भर गया और फिर शुक्रवार को टिकट खरीदने के लिए लोगों की लंबी लाइनें लग गईं। एक हफ्ते में फिल्म ने सारी भरपाई कर ली।' लेकिन गुरुवार को कुछ अजीब हुआ। गुरुवार को एक सिनेमा हॉल पूरी तरह भर गया और फिर शुक्रवार को टिकट खरीदने के लिए लोगों की लंबी लाइनें लग गईं। एक हफ्ते में फिल्म ने सारी भरपाई कर ली।

## शेखर कपूर ने सुनाया मासूम का किस्सा

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'रिलीज के पहले दिन, मैं मुख्य सिनेमाघर गया और पूरे सिनेमा हॉल में सिर्फ दो लोग थे और उनमें से एक मैं था। मासूम के पहले दिन के पहले शो को छोड़कर, हॉल पूरी तरह खाली था! बाहर मुझे कुछ गुस्से में दिख रहे लड़कों ने घेर लिया; जब उन्हें पता चला कि मैं निर्देशक हूं, तो उन्होंने कहा कि मैंने उनके पैसे बर्बाद कर दिए और उन्होंने मुझे आर्टिकल फिल्म न बनाने की सलाह दी। उनका आर्टिकल से मतलब था आर्टिस्टिक फिल्म।'

## 'मासूम-नेक्स्ट जेनेरेशन' बनाएंगे शेखर

उस गुरुवार को क्या हुआ ये निर्देशक आज तक पता नहीं लगा पाए, लेकिन अब वह 'मासूम-नेक्स्ट जनरेशन' बनाने जा रहे हैं। फिल्म में नसीरुद्दीन शाह और शबाना आजमी लीड रोल में थे, और फिल्म में एक सौतेले मासूम बच्चे की कहानी को मार्मिक तरीके से दिखाया गया है। अब अगले पार्ट में क्या नया देखने को मिलेगा, ये तो आगे आने वाला समय ही बता पाएगा।

दुनियाभर के टेक लीडर्स का राजधानी दिल्ली में लगेगा जमावड़ा

# इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में शामिल होंगे गेट्स, पिचाई, ऑल्टमैन

## 16 से 20 फरवरी तक राजधानी के भारत मंडपम में आयोजित होगा यह आयोजन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत सरकार द्वारा घोषित एआई इंडिया इम्पैक्ट समिट 2026 नई दिल्ली में आयोजित होने जा रहा है। यह सम्मेलन 16 फरवरी से 20 फरवरी तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित होगा। खास बात यह है कि यह एआई समिट ऐसे महत्वपूर्ण समय पर आयोजित किया जा रहा है जब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आर्थिक विकास और सरकारी कामकाज के लिए तेजी से जरूरी होती जा रही है।

### ये होंगे कार्यक्रम में शामिल

गौर करने वाली बात है कि टेक इंडस्ट्री के कई बड़े लीडर्स इस समिट में शामिल होंगे। इनमें गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई, एनविडिआ के फाउंडर जेन्सेन हुआंग, गूगल डीपमाइंड के सीईओ डेमिस हसाबिस, माइक्रोसॉफ्ट के प्रेसिडेंट ब्रैड स्मिथ और क्वालकॉम के सीईओ क्रिस्टियानो एमॉन जैसे कई बड़े नाम शामिल हैं। वहीं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सेक्टर के भी कई बड़े नाम जैसे ओपन एआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन भी इस इवेंट में हिस्सा लेंगे। नीति और संस्थागत मोर्चे पर, बिल गेट्स, वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के सीईओ बोर्गे ब्रेंडे और आईबीएम, क्रिएटिव कॉमन्स और इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ प्राइवेसी प्रोफेशनल्स जैसे संगठनों के लीडर्स भी भाग लेने वाले हैं। यह पांच दिवसीय कार्यक्रम भारत मंडपम में आयोजित किया जाएगा और इसमें 30 से अधिक देशों के हजारों प्रतिनिधियों के भाग लेने की उम्मीद है।

30 से अधिक देशों के हजारों प्रतिनिधि होंगे शामिल



**इनके शामिल होने की उम्मीद :** भारत के कारोबारी जगत के नेता जैसे रिलायंस इंडस्ट्रीज के मुकेश अंबानी, भारती एंटरप्राइजेज के सुनील भारती मित्तल और इंफोसिस के नंदन नीलेकणी के भी इस इवेंट में शामिल होने की उम्मीद है। इसके अलावा इंफोसिस, एचसीएलटेक, इंटेल इंडिया, एडोब इंडिया और रेजरपे के शीर्ष अधिकारी भी भाग लेंगे।

**क्यों महत्वपूर्ण है यह समिट**

*भारत अपने विकास के सफर के एक महत्वपूर्ण चरण में है और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एक प्रमुख इनेबलर के रूप में उभर रहा है। भारत के लिए एआई को एक रणनीतिक राष्ट्रीय उपकरण (स्ट्रेटिक नेशनल टूल) के रूप में काम करना होगा जो टेक्नोलॉजी के लोकतंत्रीकरण को बढ़ावा दे और बड़े पैमाने पर एक्सेस, इन्क्लूज़न और समानता सुनिश्चित करे। यह टेक्नोलॉजी क्रांति टेक इंडस्ट्री के हर क्षेत्र में प्रगति के लिए व्यापक अवसर ऑफर करेगी।*

### समिट का मूल सिद्धान्त

सरकार के अनुसार, इंडिया-एआई इम्पैक्ट समिट 2026 तीन आधारभूत स्तंभों द्वारा संचालित है जिन्हें **Sutras** कहा जाता है। ये सूत्र एआई पर वैश्विक सहयोग का मार्गदर्शन करने वाले मूल सिद्धांतों को स्पष्ट करते हैं। जैसे- लोग : ह्यूमन-फोकस्ड एआई को बढ़ावा देना जो अधिकारों की रक्षा करे, सर्विसेज तक एक्सेस को बेहतर बनाए, ट्रस्ट बिल्ड करे और समाज के सभी वर्गों में समान लाभ सुनिश्चित करे। पृथ्वी : ऊर्जा की बचत करने वाली प्रणालियों को बढ़ावा देकर, संसाधनों का जिम्मेदारी से इस्तेमाल करके और जलवायु व पर्यावरण की सुरक्षा में मदद करने वाले एआई का विकास करना। प्रगति : इनोवेशन और कौशल बढ़ाकर तथा एआई की मदद से काम की गति और विकास को बढ़ाते हुए, आर्थिक और तकनीकी तरक्की को सभी लोगों तक पहुंचाना।

### 10 हजार पुलिसकर्मी होंगे तैनात

राष्ट्रीय राजधानी में 16 से 20 फरवरी तक आयोजित 'इंडिया-एआई इम्पैक्ट समिट' के दौरान कड़ी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 10,000 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा। एक पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को बताया, 'भारत मंडपम के आसपास और निकटवर्ती इलाकों में ही दिल्ली पुलिस के 10,000 से अधिक कर्मियों को तैनात किया जाएगा। इनमें जिला पुलिस बल, यातायात पुलिस, विशेष इकाइयां और आरक्षित बल शामिल होंगे।'

## खबर संक्षेप

### 31 साल पुराना मामला पप्पू को जमानत

**पटना।** 31 साल पुराने मामले में पप्पू यादव को जमानत मिल गई।



मिली जानकारी के अनुसार, एम पी एम एल ए कोर्ट ने पूर्णिया सांसद पप्पू यादव को जमानत दे दी है। आज पेशी के लिए पप्पू यादव सुबह 12 बजे से ही जेल से कोर्ट आ गए थे लेकिन सुनवाई 2 बजे से शुरू हुई। कोर्ट ने पप्पू यादव के वकील की दलील सुनने के बाद जमानत दे दी. बता दें कि कोर्ट में पप्पू यादव व्हील चेयर से पहुंचे थे। हालांकि अभी एक और मामले में जमानत पर सुनवाई होनी है। उस पर थोड़ी देर में बहस होंगी।

### अंडरवियर में छिपाकर लाया था 45 लाख का सोना

**अहमदाबाद।** कस्टम विभाग ने गुजरात के अहमदाबाद एयरपोर्ट पर दुबई के एक शख्स को 96 लाख रुपए के सोने के साथ पकड़ा है। इस शख्स ने अपने अंडरवियर में 45 लाख का सोना छिपा रखा था। जांच के दौरान व्यक्ति के पास से 24 कैरेट शुद्धता की दो पूरी सोने की छड़ें और एक कटी हुई छड़ भी मिली। ये छड़े उनकी अपनी जेब में रखे पर्स में छिपा रखी थीं। जब्त किए गए 325 ग्राम सोने की अनुमानित बाजार कीमत करीब 52 लाख रुपए आंकी गई है। शख्स की संदिग्ध हरकतों के आधार पर कस्टम विभाग ने इस अनोखे तरीके का पर्दाफाश किया।

**विदेश मंत्रालय के आंकड़ों से खुलासा**

2025 में दर्ज हुईं 350 शिकायतें, इनमें 200 कंप्लेंट रूस से

# दुनियाभर में भारतीय छात्रों से शोषण भेदभाव के मामले में रूस सबसे आगे

*पिछले दिनों मास्को यूनिवर्सिटी में 4 भारतीय छात्रों के साथ हुई थी चाकूबाजी*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय द्वारा जारी ताजा आंकड़ों में खुलासा हुआ है कि भारतीय छात्रों का सर्वाधिक शोषण रूस में होता है। दुनिया भर में भारतीय छात्रों द्वारा दर्ज शोषण और नस्लीय भेदभाव की कुल शिकायतों में से 50% से अधिक रूस से आती हैं। पिछले साल यानी 2025 में 196 देशों से कुल 350 शिकायतें की थीं, जिनमें से 200 से ज्यादा अकेले रूस से थीं। बता दें, पिछले दिनों 7 फरवरी को मास्को की बश्किर स्टेट मेडिकल यूनिवर्सिटी के हास्टल में भारतीय छात्रों पर चाकू से हमला हुआ था। इसमें चार भारतीय छात्र घायल हो गए थे। इस घटना के बाद रूस में पढ़ रहे भारतीय छात्रों की सुरक्षा और परेशानियों का मुद्दा एक बार फिर चर्चा में आ गया है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले तीन सालों में इन शिकायतों की संख्या लगातार बढ़ी है। साल 2023 में 68 शिकायतें दर्ज हुई थीं। 2024 में यह संख्या बढ़कर 78 हो गई और 2025 में बढ़कर 201 तक पहुंच गई।

### इन राज्यों के छात्रों की पसंद

रूस में पढ़ने वाले ज्यादातर भारतीय मेडिकल छात्र राजस्थान, गुजरात, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, केरल और तमिलनाडु से आते हैं। कम फीस और आसानी से एडमिशन मिलने की वजह से रूस लंबे समय से मेडिकल की पढ़ाई के लिए भारतीय छात्रों की पसंद रहा है। लेकिन अब वहां से लगातार शिकायतें सामने आने लगी हैं, जिससे छात्रों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।




### यूनिवर्सिटीज पर भी परेशान करने का आरोप

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कई छात्रों का कहना है कि उन्हें दूसरे देशों के छात्रों की तरफ से अक्सर भेदभाव झेलना पड़ता है। छात्रों का आरोप है कि कई बार यूनिवर्सिटी प्रशासन भी उन्हें मानसिक रूप से परेशान करता है। छोटी-छोटी बातों पर कॉलेज से निकालने की धमकी दी जाती है। वीजा और पढ़ाई से जुड़ी समस्याओं के डर की वजह से कई छात्र खुलकर अपनी परेशानी बता भी नहीं पाते। मॉस्को की बश्किर स्टेट मेडिकल यूनिवर्सिटी से पढ़ाई कर चुके एक छात्र ने मीडिया को बताया कि उनके हॉस्टल की रसोई में मामूली कहासुनी के बाद कुछ विदेशी छात्रों ने भारतीय छात्रों पर हमला कर दिया था और चाकूबाजी को अंजाम दिया था।

### अक्सर होता है नस्लीय भेदभाव

फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट्स से जुड़े संगठनों का कहना है कि रूस में भारतीय छात्रों के साथ नस्लीय भेदभाव आम बात हो गई है। कई बार छात्रों के साथ गाली-गलौज भी होती है और जब वे इसकी शिकायत करते हैं तो यूनिवर्सिटी प्रशासन की तरफ से उन्हें सही मदद नहीं मिलती। छात्रों का यह भी कहना है कि नियमों के अनुसार एक यूनिवर्सिटी में करीब 200 विदेशी छात्रों को ही एडमिशन दिया जाना चाहिए, लेकिन कुछ यूनिवर्सिटिज 1,200 से भी ज्यादा छात्रों को दाखिला दे देती हैं। बाद में इन्हीं छात्रों को, कई बार छठे साल में भी पढ़ाई से बाहर कर दिया जाता है। इससे छात्रों को भारी आर्थिक नुकसान होता है और वे मानसिक तनाव में भी आ जाते हैं।

### 50% घटी रूस जाने वाले छात्रों की संख्या

हालात बिगड़ने की वजह से अब कई भारतीय छात्र रूस की जगह कजाखस्तान और किर्गिस्तान जैसे देशों में पढ़ाई करना ज्यादा सुरक्षित मान रहे हैं। फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मनोज कुमार ने मीडिया बताया कि इन सब दिक्कतों की वजह से पिछले कुछ सालों में रूस जाने वाले भारतीय छात्रों की संख्या 50% घट गई है। उन्होंने यह भी कहा कि 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से सुरक्षा और पढ़ाई को लेकर अनिश्चितता बढ़ी है, जिससे छात्रों का भरोसा और कम हुआ है।

# बांग्लादेश में चुनाव से पहले एक और हिंदू कारोबारी की हत्या

## दुकान में घुसकर मारा, नकदी भी लूटी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बांग्लादेश में 12 फरवरी 2026 को चुनाव होने वाले हैं, लेकिन उससे पहले हिंदुओं के खिलाफ हिंसा में कोई कमी नहीं आई है। बांग्लादेश में आम चुनाव से 48 घंटे पहले मैमनसिंह जिले के त्रिशाल उपजिला में एक और हिंदू कारोबारी की हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान 62 साल के सुशेन चंद्र सरकार के तौर पर हुई है, जो त्रिशाल में एमएस. भाई-भाई एंटरप्राइजेज नाम का बिजनेस चलाते थे। मृतक के परिवार ने आरोप लगाया कि बदमाश कई लाख बांग्लादेशी टका भी लूट कर ले गए। बांग्लादेशी मीडिया आउटलेट आईटीवी ने पीड़ित के परिवार और पुलिस के हवाले से बताया, 'बदमाशों ने उपजिले के बोगर बाजार चौराहे पर सरकार को एक धारदार हथियार से काटकर मार डाला और दुकान का शटर बंद करके उसे अंदर छोड़ दिया। बाद में परिवार वालों ने उसे खून से लथपथ हालत में देखा और उसे मैमनसिंह मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल ले गए, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।



### 'किसी के साथ कोई दुश्मनी नहीं'

मृतक के बेटे सुजान सरकार ने बताया, 'हमारे साथ किसी की कोई दुश्मनी नहीं थी। मेरे पिता को बेरहमी से मारने के बाद बदमाश दुकान से कई लाख टका लूट लिए। हमारा चावल का बिजनेस लंबे समय से चल रहा था। हम इन हत्यारों के लिए कड़ी सजा की मांग करते हैं।' पुलिस ने कहा, 'बदमाशों ने रात करीब 11 बजे उन्हें (सुशेन चंद्र सरकार) एक धारदार हथियार से हमला कर मार डाला और फिर दुकान का शटर बंद कर दिया। परिवार वालों ने तलाशी के दौरान शटर खोला और उन्हें खून से लथपथ पाया। बाद में, सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके का मुआयना किया।

### मानवाधिकार संगठनों ने की निंदा

बांग्लादेश में मुहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार के सत्ता पर काबिज होने के साथ ही हिंदुओं समेत अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा बढ़ी है, जिससे दुनिया भर के लोगों और कई मानवाधिकार संगठनों ने निंदा की है।

**नारियल से मसालों तक, तटीय खेती और आजीविका को मिल रही मजबूती**

# कृषि अनुसंधान के एक रणनीतिक केंद्र के रूप में उभर रहा अंडमान



## छत्तीसगढ़ के पत्रकारों ने देखी इस द्वीप समूह की स्वदेशी कृषि विरासत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| श्री विजयपुरम/पोर्ट ब्लेयर

जलवायु परिवर्तन, चक्रवातों और तटीय पारिस्थितिकी की बढ़ती चुनौतियों के बीच अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह देश के लिए कृषि अनुसंधान के एक रणनीतिक केंद्र के रूप में उभर रहा है। यहां नारियल और उष्णकटिबंधीय मसालों पर हो रहा वैज्ञानिक अनुसंधान न केवल जलवायु-सहनशील खेती को बढ़ावा दे रहा है, बल्कि किसानों की आय, जैव-विविधता संरक्षण और स्वदेशी कृषि विरासत को भी नई दिशा दे रहा है। यह जानकारी भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद–केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान ( आ ई सी ए आ र – सीआईएआरआई), पोर्ट ब्लेयर में आयोजित संवाद कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ के रायपुर से आए पत्रकारों को दी गई। ये पत्रकार प्रेस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो (पीआईबी) द्वारा आयोजित अध्ययन एवं संपर्क दौरे पर अंडमान पहुंचे हैं, जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय महत्व की विकासात्मक और अनुसंधान गतिविधियों से मीडिया को प्रत्यक्ष रूप से अवगत कराना है।

### नारियल अंडमान की अर्थव्यवस्था की रीढ़

*संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अजीत वामन ने बताया कि नारियल अंडमान की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और खाद्य सुरक्षा, आय सृजन तथा तटीय व जनजातीय समुदायों की पारंपरिक आजीविका में इसकी अहम भूमिका है। द्वीपीय परिस्थितियों—अधिक आर्द्रता, लवणीय मिट्टी, तेज चक्रवाती हवाएं और मौसमी जल संकट—को ध्यान में रखते हुए यहां स्थान-विशेष अनुसंधान किया जा रहा है, जिसके परिणाम देश के अन्य चक्रवात-प्रभावित तटीय राज्यों के लिए भी उपयोगी सिद्ध हो रहे हैं।* ***यह है दौरे का मुख्य आकर्षण :*** *दौरे का प्रमुख आकर्षण विश्व नारियल जर्मप्लाज्म केंद्र रहा, जहां फिजी, सोलोमन द्वीप, टोंगा और अमेरिकन समोआ सहित कई देशों से लाई गई नारियल की बहुमूल्य आनुवंशिक सामग्री संरक्षित है। इसी आधार पर वैज्ञानिकों ने चार उन्नत किस्में विकसित की हैं, जिनमें बौनी किस्म 'द्वीप अन्नपूर्णा' विशेष रूप से उल्लेखनीय है। यह किस्म चार-पांच वर्षों में फलन शुरू कर देती है और प्रति पौधा 70 से 150 नारियल तक उत्पादन देती है।*

**ईडी के सामने पेश नहीं हुए थे पेश**

# ईडी ने अनिल और टीना अंबानी को भेजा नया समन



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ईडी ने रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन अनिल अंबानी और उनकी पत्नी टीना अंबानी के खिलाफ बड़ी कारवाई शुरू की है। ईडी ने दोनों को मनी लॉन्ड्रिंग और बैंक धोखाधड़ी से जुड़े एक गंभीर मामले में पूछताछ के लिए समन भेजा है। समन के मुताबिक, टीना अंबानी को 17 फरवरी और अनिल अंबानी को 18 फरवरी 2026 को एजेंसी के सामने पेश होना होगा। यह पूरा मामला अनिल अंबानी के नेतृत्व वाली कंपनियों द्वारा बैंकों से लिए गए लगभग 40,000 करोड़ रुपये के कर्ज और उसकी कथित हेराफेरी से जुड़ा है। आपको बता दें कि यह कारवाई सुप्रीम कोर्ट के उन सख्त निर्देशों के बाद की जा रही है, जिसमें जिसमें अदालत ने एक विशेष जांच टीम बनाने का आदेश दिया था, ताकी इस पुराने मामले को जल्द से जल्द सुलझाया जा सके।

### बैंक कर्ज की हेराफेरी का आरोप

जांच एजेंसी का मुख्य ध्यान रिलायंस होम फाइनेंस और रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस जैसी कंपनियों पर है। आरोप है कि इन कंपनियों ने बैंकों से हजारों करोड़ रुपये का लोन लिया और फिर उस पैसे का इस्तेमाल उन कामों के लिए नहीं किया जिनके लिए लोन लिया गया था। ईडी के अनुसार इस पैसे को गुप्त तरीके से किसी और शेल कंपनियों या निजी संपत्तियों में निवेश कर दिया गया जिससे बैंकों को भारी नुकसान हुआ है।

**सीजेआई ने कहा, सुनवाई के लिए जल्द तय होगी तारीख**

# हिमंता शूटिंग वीडियो विवाद सुप्रीम कोर्ट सुनवाई को तैयार



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के विवादित वीडियो को लेकर सीपीआई (एम) और सीपीआई के नेताओं ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर सहमति जताई और कहा कि कोर्ट इस याचिका पर सुनवाई के लिए तारीख तय करेगा। याचिका में असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।

असम बीजेपी एक्स हैंडल द्वारा जारी वीडियो में मुख्यमंत्री एक मुस्लिम लोगों की ओर राइफल ताने हुए दिखाई दे रहे थे। इस वीडियो के आधार पर वामपंथी नेताओं ने मुख्यमंत्री के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। सीनियर वकील निजाम पाशा ने मंगलवार को यह मामला चीफ जस्टिस सूर्यकांत के सामने मेंशन किया। उन्होंने कहा कि असम के मौजूदा मुख्यमंत्री के भाषणों और हाल में सामने आए वीडियो को लेकर सुप्रीम कोर्ट के तत्काल हस्तक्षेप की जरूरत है। उन्होंने यह भी बताया कि इस मामले में संबंधित अधिकारियों को शिकायतें दी गई हैं, लेकिन अब तक किसी भी शिकायत पर एफआईआर दर्ज नहीं की गई है।

### कांग्रेस ने पहले उठाया था वीडियो का मुद्दा

8 जनवरी को असम भाजपा के इस वीडियो को जारी कर सबसे पहले कांग्रेस ने यह मामला उठाया था। कांग्रेस ने कहा कि ये वीडियो अल्पसंख्यकों की टार्गेटेड पॉइंट-ब्लैंक हत्या को बढ़ावा देने जैसा है। वीडियो वायरल होने के बाद संगठन के प्रभारी कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने एक्स पर कहा- एक आधिकारिक बीजेपी हैंडल ने एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें अल्पसंख्यकों की टारगेटेड, पॉइंट-ब्लैंक हत्या दिखाई गई है। उन्होंने कहा कि यह नरसंहार का आह्वान करने के अलावा और कुछ नहीं है।

**राष्ट्रीय राजमार्ग के डिब्रूगढ़-मोरान पर बनाई गई है यह एयरस्ट्रिप**

# हाइवे पर बनी इमरजेंसी एयरस्ट्रिप पर लैंड करेंगे प्रधानमंत्री

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 फरवरी 2026 को असम के मोरान में एक हाईवे पर बनी इमरजेंसी एयरस्ट्रिप पर उतर सकते हैं। यह पूर्वोत्तर भारत में पहली बार होगा जब कोई प्रधानमंत्री पारंपरिक एयरपोर्ट की बजाय हाईवे पर लैंड करेगा। असम मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने बताया कि 14 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी 4.4 किमी के एयरस्ट्रिप के उद्घाटन के लिए मोरन आएंगे। मुख्य सचिव रवि कोटा ने कहा कि पीएम मोदी फाइटर एयरक्राफ्ट में मोरन हाईवे पर उतरेंगे। यह एयरस्ट्रिप राष्ट्रीय राजमार्ग के डिब्रूगढ़-मोरान हिस्से पर बनाई गई है।

4.4 किमी लंबी इस एयरस्ट्रिप का उद्घाटन करेंगे मोदी



### फाइटर विमानों का स्पेशल एरियल डेमो

पीएम मोदी का विमान सीधे हाईवे पर उतरेगा। इसके बाद उनकी मौजूदगी में राफेल और सुखोई लड़ाकू विमान एक स्पेशल एरियल डेमो करेंगे। इसमें विमान हाईवे से ही लैंडिंग और टेकऑफ दिखाएंगे। डेमो करीब 30-40 मिनट का होगा। यह इवेंट भारत की इमरजेंसी तैयारियों, पूर्वोत्तर के विकास और राष्ट्रीय सुरक्षा को दिखाएगा। पीएम की यात्रा इंफ्रास्ट्रक्चर के दोहरे इस्तेमाल (सिविल-मिलिट्री) पर जोर देगी। यह डेमो एयरस्ट्रिप की क्षमता को प्रदर्शित करेगा। राफेल फ्रांस से खरीदे गए आधुनिक जेट हैं, जबकि सुखोई रूस से लिए गए हैं। दोनों ही भारतीय वायुसेना के मुख्य हथियार हैं।

### यह है मोरान एयरस्ट्रिप

मोरान एयरस्ट्रिप एनएच-127 के 4.2 किमी लंबे हिस्से पर विकसित की गई है। यह भारत की पहली इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी (ईएलएफ) है, जो सैन्य और सिविलियन (सामान्य) विमानों दोनों के लिए इस्तेमाल की जा सकती है। ईएलएफ का मतलब है कि युद्ध या आपात स्थिति में विमान हाईवे पर उतर या उड़ान भर सकते हैं। इससे सड़क का दोहरा फायदा होता है- रोजमर्रा की ट्रैफिक के साथ-साथ सैन्य जरूरतों के लिए। यह एयरस्ट्रिपपूर्वोत्तर की रणनीतिक महत्व को बढ़ाती है, क्योंकि यह क्षेत्र चीन की सीमा से सटा है।

### ईएलएफ का रणनीतिक महत्व

भारत में ईएलएफ का विचार आपातकालीन स्थितियों के लिए है। उदाहरण के लिए युद्ध में अगर एयरपोर्ट क्षतिग्रस्त हो जाएं, तो हाईवे विकल्प बन सकते हैं। बाढ़ या प्राकृतिक आपदा में राहत सामग्री पहुंचाने के लिए। पूर्वोत्तर जैसे दूरदराज क्षेत्रों में यह सुरक्षा बढ़ाता है। सरकार ने राजस्थान, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और अन्य जगहों पर भी ईएलएफ बनाए हैं। मोरान ईएलएफ पूर्वोत्तर मजबूत बनाने का हिस्सा है, जहां इंफ्रास्ट्रक्चर विकास पर जोर है।

# कैंपस प्लेसमेंट में कीट 2025 के बैच को मिली शानदार सफलता

**भुवनेश्वर।** वैश्विक स्तर पर चुनौतीपूर्ण जॉब मार्केट के बावजूद, कीट डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी ने 2025 बैच के लिए कैंपस प्लेसमेंट में एक बार फिर अपनी शान/बर्चस्व बरकरार रखी है। विश्वविद्यालय ने करीब 92.5 प्रतिशत का ओवरऑल प्लेसमेंट दर्ज किया है, जो इसे देश के शीर्ष प्लेसमेंट देने वाले संस्थानों में शामिल करता है। 2025 के प्लेसमेंट सीजन के दौरान 757 से अधिक कंपनियां कीट कैंपस पहुंचीं। करीब 5,000 योग्य छात्रों में से लगभग 4,621छात्र / छात्रा को जॉब ऑफर्स विभिन्न स्कूलों और विषयों में प्रस्तुत किये गए। कीट स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी रहा सबसे आगे- प्लेसमेंट ड्राइव में कीट स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी ने सबसे शानदार प्रदर्शन किया। यहां के 451 छात्रों को मिला 3,800 शीर्ष कम्पनीज से जॉब ऑफर्स मिले। औसत पैकेज 8.5 लाख रुपये प्रति वर्ष रहा, जबकि 739 छात्रों को कई अन्य ऑफर्स मिले। इस दौरान 1,500 से अधिक 'ड्रीम ऑफर्स' (उच्च पैकेज वाले) दिए गए और 59 कंपनियों ने 10 एलपीए या उससे अधिक का पैकेज ऑफर किया। सबसे अधिक 51 एलपीए का पैकेज माइक्रोसॉफ्ट ने दिया। वहीं, मास



रिक्रूटर्स में टीसीएस (530 ऑफर्स) और विप्रो (342 ऑफर्स) ने बड़ी संख्या में शामिल है। इसके अलावा, 1,209 पेड इंटर्नशिप्स भी ऑफर की गईं, जिससे छात्रों को पढ़ाई के दौरान ही इंडस्ट्री में मौजूद दिग्गजों के साथ काम करने और सिखने का अवसर मिलेगा। एनवीडिया टॉप हाई-पेइंग रिक्रूटर्स में शामिल- कीट में 2025 प्लेसमेंट का एक बड़ा आकर्षण एनवीडिया भी रहा। जिसने 36.28 एलपीए का पैकेज ऑफर किया है। एनवीडिया की भागीदारी से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कंप्यूटिंग और एडवांस्ड इंजीनियरिंग जैसे क्षेत्रों में कीट की बढ़ती साख को बल मिला है। ह्यूमन रेसोसिए और पेपल जैसी कंपनियों ने भी 30 एलपीए से अधिक के पैकेज ऑफर किए। कीट स्कूल ऑफ़ मैनेजमेंट में 161 कंपनियों ने हिस्सा लिया, जिससे एमबीए स्टूडेंट्स को 401 जॉब ऑफर मिले। सबसे ज़्यादा पैकेज 20 लाख रुपये सालाना (एलपीए) था, और एवरेज पैकेज 7.25 लाख रुपये सालाना था। **KIIT** स्कूल ऑफ़ रूरल मैनेजमेंट ने एक बार फिर 100 परसेंट प्लेसमेंट हासिल किया, और अपना लगातार रिकॉर्ड बनाए रखा। कुल मिलाकर, 51 कंपनियों ने स्टूडेंट्स को नौकरी दी, जिसमें सबसे ज़्यादा पैकेज 20.71 लाख रुपये सालाना और एवरेज 5.75 लाख रुपये सालाना था। कीट स्कूल ऑफ़ बायोटेक्नोलॉजी में 85 परसेंट प्लेसमेंट हुआ, और कई छात्र / छात्रा ने आगे की पढ़ाई करने का फैसला किया। 42 कंपनियों ने हिस्सा लिया, और सबसे ज़्यादा पैकेज 8 लाख रुपये सालाना था।माइक्रोसॉफ्ट (51.00 एलपीए), ह्यूमन रेसोसिए (44.52 एलपीए), हाईक (41.70 एलपीए), पेपल (36.50 एलपीए), एनवीडिया (36.28 एलपीए), इटागाकी कारपोरेशन (जेनकेन) (28.98 एलपीए), जसपे टेक्नोलॉजी (27.00 एलपीए), सिस्को (24.73 एलपीए), डी.ई. शॉ इंडिया (24.30 एलपीए)। 2026 प्लेसमेंट की भी अच्छी शुरुआत हुई - इसी के साथ, 2025 बैच के प्लेसमेंट के समापन के बाद ही 2026 बैच के लिए कैंपस रिक्रूटमेंट ने भी गति पकड़ ली है। अब तक करीब 70 प्रतिशत प्लेसमेंट कन्वर्जन हासिल हो चुका है, जबकि सीजन अभी जारी है। कीट स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी में अब तक 175 से अधिक कंपनियों ने 3,000 से ज्यादा जॉब ऑफर्स दिए हैं, जिनमें 44 कंपनियों के 1,200 से अधिक ड्रीम ऑफर्स (10 एलपीए+) शामिल हैं। इनफ़ोसिस (**Infosys**) और असैंचर जैसी कंपनियों ने बड़े स्तर पर भर्ती की है। अन्य स्कूलों में भी शुरुआती नतीजे उत्साहजनक रहे हैं। "हम छात्रों को सिर्फ पहली नौकरी नहीं, करियर के लिए तैयार करते हैं- कीट और कीस के संस्थापक डॉ. अच्युत सामंत ने कहा कि लगातार बेहतर प्लेसमेंट प्रदर्शन विश्वविद्यालय की गुणवत्ता आधारित शिक्षा और इंडस्ट्री-फोकस्ड अप्रोच का परिणाम है। उन्होंने कहा, "कीट में हमारा लक्ष्य छात्रों को केवल पहले नौकरी के लिए नहीं, बल्कि टिकाऊ करियर के लिए तैयार करना है। वैश्विक कंपनियों का लगातार हम पे भरोसा यह साबित करता है कि हमारे छात्र इंडस्ट्री-रेडी हैं। चुनौतीपूर्ण समय के बावजूद भी हमारे छात्रों का शानदार प्रदर्शन करना हमारे लिए वाकई गर्व की बात है।"

# समुद्र की गहराई में किसने बनाए ये गोल घेरे

## कैमरे में कैद हुई स्कॉटलैंड की सबसे बड़ी पहेली

**लंदन।** स्कॉटलैंड के पास समुद्र में कुछ अजीबोगरीब घेरे देखे गए हैं। इन्हें परी मंडलियां कहा जा रहा है। ये घेरे स्कॉटलैंड के आउटर हेब्राइड्स द्वीप के पास पानी में मिले हैं। पानी के अंदर ये गोल घेरे दिखने से वहां के रहने वाले लोग और वैज्ञानिक दोनों ही हैरान हैं।

स्कॉटलैंड के पास समुद्र में कुछ अजीबोगरीब घेरे देखे गए हैं। माना जा रहा है कि ये घेरे समुद्र के अंदर उगने वाली घास से बने हैं। लेकिन, सबसे बड़ी पहेली यह है कि ये बिल्कुल गोल आकार में कैसे बने यह कोई नहीं जानता। पिछले 100 सालों से समुद्र के अंदर की यह घास धीरे-धीरे खत्म हो रही है। प्रदूषण, बीमारियां और मौसम में बदलाव इसकी मुख्य वजह हो सकती है। यह घास समुद्री जीवों का घर होती है और समुद्र के किनारों की लहरों से बचाने में मदद करती है।

### कितनी कीमती है ये घास?



एक समय था जब स्कॉटलैंड में यह घास इतनी ज्यादा होती थी कि लोग इसका इस्तेमाल अपने घरों की छतें बनाने और खेतों में खाद की तरह करते थे। 1930 के दशक में एक खतरनाक बीमारी फैली जिसने समुद्री घास के विशाल मैदानों को खत्म कर दिया। इसे वैज्ञानिकों ने वेस्टिंग डिजीज नाम दिया। बीमारी के अलावा समुद्र में बढ़ते प्रदूषण और बहुत ज्यादा मछली पकड़ने की वजह से भी यह घास दोबारा नहीं पनप पाई।



### इन्हें बचाने के लिए क्या किया जा रहा है?

स्कॉटलैंड की सरकार ने अब इस घास को खास दर्जा दिया है। इसका मतलब है कि अब इसे बचाने के लिए कड़े कानून बनाए गए हैं। समुद्र के नीचे जाल बिछाकर मछली पकड़ने पर पाबंदी लगा दी गई है, क्योंकि इससे घास को नुकसान पहुंचता था और अब घास को बढ़ने का मौका मिल रहा है। पानी साफ होने और ड्रेजिंग रुकने की वजह से कुछ जगहों पर यह घास फिर उग रही है।

### समुद्र के लिए कितनी जरूरी है घास?

यह घास समुद्र की मिट्टी को एक जगह जमाए रखती है और लहरों की ताकत को कम करती है, जिससे किनारे सुरक्षित रहते हैं। मछलियों और अन्य जीवों के लिए यह घास किसी होटल की तरह है जहां उन्हें खाना और रहने के लिए सुरक्षित जगह मिलती है। यह घास हवा से गंदी गैसों को सोख लेती है और उसे समुद्र की मिट्टी में दबा देती है जिससे दुनिया का तापमान कम रखने में मदद मिलती है।

### क्या हैं ये गोल घेरे?

पहले लोग इन घेरों के बारे में सिर्फ कहानियों में सुना करते थे, लेकिन अब पहली बार ये कैमरे में कैद हुए हैं। ये घेरे समुद्र के अंदर घास के फैलने से बने हैं। ये देखने में बिल्कुल किसी जादू की तरह लगते हैं, लेकिन वैज्ञानिक अभी भी पूरी तरह नहीं समझ पाए हैं कि ये बिल्कुल गोल आकार में ही क्यों बनते हैं।

# सहारा रेगिस्तान के बीच खूनी झीलें और नीले पानी का जादू



**त्रिपोली।** लीबिया के उबारी सैंड सी में रेत के विशाल टीलों के बीच छिपी हुई झीलें किसी चमत्कार से कम नहीं हैं। 2 लाख साल पहले यहां एक विशाल सागर हुआ करता था, जिसके अवशेष आज भी मौजूद हैं। दुनिया के सबसे बड़े और गर्म रेगिस्तानों में शुमार सहारा रेगिस्तान अपने भीतर कई ऐसे रहस्य समेटे हुए है, जिन्हें देख पाना हर किसी के बस की बात नहीं है। लीबिया के दक्षिण-पश्चिमी फेजान क्षेत्र में स्थित 'उबारी सैंड एक ऐसा ही इलाका है, जहां रेत के आसमान छूते टीलों के बीच नीले और कभी-कभी गहरे लाल रंग की झीलें दिखाई देती हैं। ऐसा लगता है मानो वो झीलें खून से भरी हों। यह नजारा किसी काल्पनिक फिल्म जैसा लगता है, लेकिन इसकी वास्तविकता करोड़ों साल पुराने इतिहास और जलवायु परिवर्तन की दर्दनाक कहानी से जुड़ी है। बता दें कि करीब 2,00,000 साल पहले, यह पूरा इलाका आज जैसा सूखा और बंजर नहीं था। उस समय यहां मूसलाधार बारिश होती थी और नदियां बहती थीं। इन नदियों ने मिलकर 'मेगाफेजान' नाम की एक विशाल झील का निर्माण किया था, जिसका आकार चेक गणराज्य के बराबर यानी लगभग 1,20,000 वर्ग किलोमीटर था। समय के साथ जलवायु बदली और करीब 3,000 से 5,000 साल पहले यह विशाल जल का भंडार भाप बनकर उड़ गया।

### सूखने का खतरा मंडरा रहा

हालांकि, ये झीलें 7 से 32 मीटर तक गहरी हैं, लेकिन इन पर सूखने का खतरा मंडरा रहा है। सहारा के नीचे मौजूद पानी के प्राकृतिक स्रोत सीमित हैं और बढ़ती आबादी इनका तेजी से इस्तेमाल कर रही है। लीबिया सरकार के 'ग्रेट मैन-मेड रिवर' प्रोजेक्ट ने इस खतरे को और बढ़ा दिया है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत पाइपलाइनों के जरिए रेगिस्तान को हरा-भरा बनाने के लिए जमीन के नीचे से पानी निकाला जा रहा है। जानकारों का मानना है कि यदि यह सिलसिला जारी रहा, तो अगले 50 से 100 वर्षों में ये ऐतिहासिक और सुंदर झीलें हमेशा के लिए इतिहास के पन्नों में दफन हो जाएंगी।

### यहां तक पहुंचना हर किसी के लिए आसान नहीं

इन झीलों में सबसे प्रसिद्ध 'उम्म अल-मा और 'गैबरून हैं। गैबरून झील पर्यटकों के आकर्षण का मुख्य केंद्र है, जहां पुराने गांव के खंडहरों के पास रुकने और खरीदारी की व्यवस्था भी है। यहां 'उम्म अल-हिसान जैसी और भी खूबसूरत झीलें हैं, लेकिन वहां तक पहुंचना । हर किसी के लिए आसान नहीं है। इन झीलों की सबसे बड़ी विशेषता इनका अत्यधिक खारापन है। चूंकि ,यहां कोई नई नदी पानी लेकर नहीं आती और चिलचिलाती धूप में पानी लगातार

# पांच रुपए का कैरी बैग... चुकाने होंगे अब 5 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



**अंतरा मार्ट ने कैरी बैग देने के एवज में ग्राहक से पांच रुपए वसूल किया**

ग्राहक से कैरी बैग के एवज में पांच रुपए वसूल किए जाने पर जिला उपभोक्ता फोरम ने कटोरा तालाब स्थित अंतरा मार्ट पर वाद व्यय सहित पांच हजार रुपए ग्राहक को लौटाने आदेश दिया है। कैरी बैग के एवज में पैसा लेने तथा ग्राहक द्वारा इसका विरोध करने पर मार्ट के कर्मचारी ने ग्राहक के साथ बुरा बर्ताव किया। इस बात से नाराज होकर मार्ट से सामान खरीदने वाले ग्राहक ने जिला उपभोक्ता फोरम में परिवाद दायर किया। जिला उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष डाकेश्वर प्रसाद शर्मा ने दावड़ा कालोनी निवासी मोइनुद्दीन कुरैशी के परिवाद पर फैसला सुनाया है। तीन वर्ष पूर्व 30 अक्टूबर 2023 को मोइनुद्दीन ने अंतरा मार्ट में खाद्य पदार्थ की खरीदी की थी। मोइनुद्दीन ने बिल की राशि भुगतान करने बिल काउंटर पहुंच कर सामान रखने कैरी बैग की मांग की। तब परिवादी को बिना कुछ कहे कैरी बैग दे दिया गया।

### कर्मचारी की बदसलूकी की वजह से परिवाद

परिवादी ने खरीदे गये सामान के बार कोड की स्कैनिंग कर जब बिल प्राप्त किया, तो परिवादी को यह जानकर आश्चर्य हुआ कि मार्ट द्वारा बिल की कुल राशि रुपए 517.90 रुपए में कैरी बैग की राशि पांच रुपए को भी सम्मिलित किया गया है। परिवादी द्वारा कैरी बैग की राशि जोड़ने के संबंध में विरोध करने पर मार्ट के कर्मचारी द्वारा कहा गया कि कैरी बैग आपके मांगने पर दिया गया है, उसकी कीमत आपको देनी होगी। परिवादी द्वारा विरोध करने पर उनके साथ बुरा बर्ताव किया गया।

# रिटायरमेंट के 6 महीने बाद जीपीएफ से वसूली अवैधः हाईकोर्ट

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया है कि किसी भी शासकीय अधिकारी या कर्मचारी के रिटायरमेंट होने के छह माह बाद सामान्य भविष्य निधि (जीपीएफ) की राशि से किसी भी प्रकार की वसूली नहीं की जा सकती। इसी आधार पर हाईकोर्ट ने एक रिटायर्ड लेक्चरर को राहत देते हुए उनके खिलाफ जारी वसूली आदेश को निरस्त कर दिया। दरअसल, मामला जांजगीर-चांपा जिले के पामगढ़ निवासी लक्ष्मीनारायण तिवारी से जुड़ा है। वे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ससहा में व्याख्याता के पद पर पदस्थ थे। लक्ष्मीनारायण तिवारी 31 जनवरी 2011 को 62 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर रिटायरमेंट हुए थे। रिटायरमेंट के करीब 12 साल बाद महालेखाकार कार्यालय रायपुर ने उनके जीपीएफ खाते में ऋणात्मक शेष दर्शाते हुए उनके खिलाफ वसूली आदेश जारी कर दिया। इस आदेश से परेशान होकर लक्ष्मीनारायण तिवारी ने अधिवक्ता अभिषेक पाण्डेय और ऋषभदेव साहू के माध्यम से हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर कर वसूली आदेश को चुनौती दी।



सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी।

**वृष** — धैर्यशीलता में कमी भी हो सकती है। संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन के रखरखाव एवं वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**मिथुन** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। लाभ में वृद्धि होगी।

**कर्क** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कुछ चिंता परेशान भी हो सकती हैं। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता

**सिंह** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**कन्या** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**तुला** — कला एवं संगीत में रुचि रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कारोबार में भाग-दौड़ बढ़ेगी, परन्तु स्वास्थ्य के प्रति सचेत भी रहे।

**वृश्चिक** — संयत रहें। क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है।

**धनु** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन अशान्त भी रहेगा। आत्मसंयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**मकर** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। फिर भी धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित भी रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।

**मीन** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। पिता का साथ मिलेगा। किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है।

## छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट का महत्वपूर्ण फैसला

# मुस्लिम एक-तिहाई हिस्से का ही कर सकता है वसीयत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने मुस्लिम व्यक्तिगत कानून के तहत संपत्ति की वसीयत को लेकर एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि कोई भी मुस्लिम व्यक्ति अपनी कुल संपत्ति का केवल एक-तिहाई हिस्सा ही वसीयत के जरिए किसी को दे सकता है। इससे ज्यादा हिस्सा देने के लिए बाकी कानूनी वारिसों की मृत्यु के बाद स्पष्ट और स्वतंत्र सहमति जरूरी है। बिना सहमति के पूरी संपत्ति की वसीयत अवैध मानी जाएगी।

### मुस्लिम कानून में गोद लेने की मान्यता नहीं

हाईकोर्ट ने 17 अगस्त 2023 को अपील को स्वीकार करते हुए दो महत्वपूर्ण कानूनी सवालों पर सुनवाई की। जैबुन निशा की ओर से अधिवक्ता पराग कोटेचा ने दलील दी कि मुस्लिम कानून में गोद लेने की कोई मान्यता नहीं है। सिकंदर ने खुद लिखित बयान में स्वीकार किया कि वह अब्दुल सत्तार का सगा बेटा नहींहै।



### सौम्या को हाईकोर्ट जाने के निर्देश

सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में पूर्व मुख्यमंत्री की उप सचिव रही सौम्या चौरसिया की याचिका पर भी सुनवाई हुई। कोर्ट ने उन्हें राहत देने के बजाय छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट का रुख करने का निर्देश दिया। सौम्या चौरसिया को कथित शराब घोटाले से जुड़े मामले में ईडी ने पिछले साल दिसंबर में गिरफ्तार किया था।

### चैतन्य की जमानत पर एक हफ्ते बाद होगी सुनवाई



छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में चैतन्य बघेल की जमानत को चुनौती देने वाली छत्तीसगढ़ सरकारी की याचिका पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस एन.वी. अंजारिया की पीठ मामले में अब एक सप्ताह बाद सुनवाई करने की बात कही है। सरकार की ओर से सीनियर एडवोकेट महेश जेठमलानी ने पैरवी करते हुए कोर्ट को बताया कि, चैतन्य बघेल को जमानत मिलने के बाद एक अहम गवाह सामने नहीं आ रहा है। उन्होंने तर्क दिया कि ऐसी स्थिति में जांच प्रभावित हो सकती है।

## शब्द पहेली - 6135



**बाएँ से दाए**
1.असहकार-5
4.शत्रुता,दुश्मनी-4
7.नाच,नृत्य (उर्दू-2)
8.विष्णु का वाहन-3
9.मादा का विलोम-2
10.ईश्वर,शिव-4
11.संज्ञा,संबोधन-2
13.वेग,गति-3
14.महसूल,राहदरी-2
15.अंधकार,अंधेरा-3
17.कुंजी,ताली-2
19.गोलाकार-5
22.इतरता,बेगानापन-5
25.समय,वक्त-2
26.स्याही का पात्र-3
28.अच्छा,सद् पुरुष-2
29.अदृश्य-3
30.मिट्टी,धूल-2
32.नट,बाजीगरी करने वाला-4
34.टैक्स,हाथ-2
36.बोलने का तरीका-3
37.खदान-2
38.जो जायज न हो-4
39.श्री रामचंद्र का नाम-5

**ऊपर से नीचे**
1.तराजू डंडा,पासा-2
2.पराजित करना-3
3.बहुत लंबा -5
4.रुकना,अड़ जाना-3
5.जंगल,कानन-2
6.तीर रखने का पात्र-4
7.सार-संभाल-2,3
10.पूंजी,धन-4
12.वोट,राय-2
16.राजा,महाराजा-3
17.चतुर्थ,चौथा-2
18.हलवा-2
20.पक्षाघात-3
21.तन,देह-2
22.क्षण-2
23.स्मारक-4
24.चोर,लुटेरा-5
25.जैकी श्राफ, अनिल कपूर, किमी काटकर व फराह अभिनीत फिल्म -5
26.टूटना,बिखरना-4
27.पानी से सराबोर-2
31.कमल,नीरज-3
33.बादलों की गड़गड़ाहट-3
35.छुट्टी,अवकाश-2
37.राख,मिट्टी-2

### शब्द पहेली - 6134 का हल



## सूडोकु नवताल - 6145

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

MANGAL SENACHA BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6144 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

### भारत-फ्रांस के द्विपक्षीय संबंध होंगे और मजबूत

# फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों तीन दिवसीय भारत दौरे पर 17 को आएंगे

## मैक्रों पीएम मोदी के निमंत्रण पर भारत आ रहे हैं। इस दौरान दोनों नेता होराइजन 2047 रोडमैप में निर्धारित विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा करेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों 17-19 फरवरी को भारत की तीन दिन की आधिकारिक यात्रा पर आएंगे। इस दौरान वे एआई इंपैक्ट समिट में भाग लेंगे तथा पीएम नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय संबंधों पर भी चर्चा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। मैक्रों पीएम मोदी के निमंत्रण पर भारत आ रहे हैं। इस दौरान दोनों नेता होराइजन 2047 रोडमैप में निर्धारित विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा करेंगे। इसके अलावा दोनों नेता हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सहयोग सहित पारस्परिक हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा करेंगे।

*हिंद प्रशांत क्षेत्र में सहयोग पर होगी चर्चा*

*क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर बातचीत*

### भारतीय वायुसेना के लिए 114 राफेल विमानों की डील होने की संभावना


फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और पीएम मोदी फाइल फोटो

मैक्रों की यात्रा ऐसे वक्त में हो रही है जब भारत में वायुसेना के लिए 114 और राफेल विमानों की खरीद पर सहमति बनती हुई दिख रही है। इसलिए यह भी संभावना जताई जा रही है कि मोदी और मैक्रों के बीच इस मुद्दे पर भी शुरुआती बातचीत हो सकती है। राफेल बनाने वाली कंपनी भारत में राफेल विमानों के निर्माण के लिए सैद्धांतिक रूप से सहमत बताई जाती है। भारत का रक्षा मंत्रालय इस सप्ताह फ्रांस से 114 राफेल लड़ाकू विमान खरीदने की एक बड़ी डील को मंजूरी दे सकता है। यह सौदा भारतीय वायुसेना के लिए किया जा रहा है, जिसकी कुल कीमत लगभग 3.25 लाख करोड़ रुपए बताई जा रही है। इस सौदे को पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी से भी मंजूरी लेनी होगी।

**नवाचार वर्ष का करेंगे उद्घाटन**

*दोनों नेता मुंबई में भारत-फ्रांस नवाचार वर्ष का संयुक्त रूप से उद्घाटन भी करेंगे, जिसे 2026 में दोनों देशों में मनाया जा रहा है। बयान में कहा गया है कि मैक्रों 19 फरवरी को दिल्ली में आयोजित होने वाली एआई समिट में हिस्सा लेंगे। यह यात्रा पीएम मोदी की फरवरी 2025 में हुई फ्रांस यात्रा के बाद हो रही है।*

### *विकास साझेदारी की पर जोर*

पीएम नरेंद्र मोदी ने मॉरीशस के पीएम डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम से टेलीफोन पर बातचीत की। इस दौरान, दोनों नेताओं ने सितंबर 2025 में वाराणसी में अपनी पिछली मुलाकात के बाद से व्यापक द्विपक्षीय सहयोग में हुई प्रगति की समीक्षा की, जिसमें विकास साझेदारी, क्षमता निर्माण और जन-केंद्रित संबंधों को और मजबूत करने पर जोर दिया गया। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के मुताबिक, उन्होंने दोनों देशों के लोगों के लाभ के लिए भारत और मॉरीशस के बीच समृद्ध रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की अपनी साझी प्रतिबद्धता दोहराई।

## *पीएम मोदी ने मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. गुलाम से टेलीफोन पर की बात*

### भारत के समर्थन को दोहराया



पीएम मोदी ने विजन महासागर, भारत की पड़ोसी प्रथम नीति और ग्लोबल साउथ के प्रति साझा प्रतिबद्धता के अनुरूप मॉरीशस की विकास प्राथमिकताओं के लिए भारत के निरंतर समर्थन को दोहराया। दोनों नेताओं ने हिंद महासागर क्षेत्र में शांति और स्थिरता के साझा उद्देश्यों को हासिल करने के लिए मिलकर काम करने पर सहमति व्यक्त की। बातचीत के दौरान, पीएम मोदी ने मॉरीशस के प्रधानमंत्री से कहा कि वह अगले सप्ताह एआई इंपैक्ट समिट के लिए दिल्ली में उनका स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं।

---

### खबर संक्षेप

#### बांग्लादेश में हिंदू कारोबारी की हत्या

**ढाका।** बांग्लादेश में हिंदू कारोबारी की हत्या कर दी गई है। घटना मेमेनसिंह जिले में हुई है। मृतक की



पहचान सुषेन चंद्र सरकार (62 वर्षीय) के रूप में हुई है। वह धान के व्यापारी थे और डाकिनकांडा गांव में रहते थे। उनकी दुकान 'भाई भाई एंटरप्राइज' बोगर बाजार के चौराहे पर थी। पुलिस के अनुसार, हत्या रात 11 बजे हुई। अज्ञात हमलावरों ने सुषेन चंद्र सरकार पर तेज हथियार से हमला किया। फिर उन्हें दुकान के अंदर छोड़ शटर बंद कर दिए।

#### जयपुर में जापान से आए दो टूरिस्ट लापता

**जयपुर।** राजस्थान के जयपुर में जापान से घूमने आए दो टूरिस्ट लापता हो गए। मामले को लेकर



टैक्सी ड्राइवर की ओर से अशोक नगर थाने में शिकायत दी गई है पुलिस अब दोनों टूरिस्टों की तलाश में जुटी है। 6 फ़रवरी को जापान से दिल्ली पहुँचे दोनों टूरिस्ट को टैक्सी ड्राइवर ने दिल्ली से रिसीव किया और उसके बाद जयपुर लेकर आ गया। जयपुर आने के बाद रेस्टोरेंट में खाना खाने की कहकर दोनों निकले और वापस नहीं लौटे।

---

### अमेरिकी टैरिफ में कटौती के बाद रूस से तेल खरीद पर भारत ने नहीं खोले अपने पत्ते

# अपनी ऊर्जा जरूरतों को विविध स्रोतों से पूरा करेगा भारत, विदेश मंत्रालय ने दिए संकेत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 3 फरवरी को भारत से आयात होने वाले सामानों पर टैरिफ को 25% से घटाकर 18% करने की सहमति दी है। इसके अलावा, उन्होंने 6 फरवरी को रूसी तेल के निरंतर आयात को लेकर लगाए गए अतिरिक्त 25% टैरिफ को भी हटा दिया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि यह फैसला इसलिए लिया गया क्योंकि भारतीय पीएम नरेंद्र मोदी ने रूस से कच्चे तेल का आयात रोकने पर सहमति जताई है। यह कदम अमेरिका की उस व्यापक रणनीति का हिस्सा है जिसके तहत वह रूस की तेल से होने वाली कमाई को पूरी तरह से सुखाना चाहता है ताकि यूक्रेन युद्ध के लिए उसकी फंडिंग रोकी जा सके।

हालांकि, इस मुद्दे पर अभी तक एक विरोधाभासी स्थिति बनी हुई है। जहां एक तरफ राष्ट्रपति ट्रंप ने दावा किया है कि पीएम मोदी रूसी तेल रोकने पर सहमत हो गए हैं, वहीं पीएम मोदी ने खुद इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने इस संबंध में कहा कि इस पर जवाब विदेश मंत्रालय की ओर से आएगा। वहीं, विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि वे शायद यह पूछे जाने के लिए उपयुक्त नहीं हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कूटनीतिक जवाब देते हुए कहा कि भारत की रणनीति 'बाजार की वस्तुनिष्ठ स्थितियों के आधार पर अपनी ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाने' की है। इसका मतलब है कि भारत अपने हितों के अनुसार फैसला लेगा। वहीं, डेटा फर्म केप्लर का मानना है कि भारत निकट भविष्य में सस्ते रूसी ऊर्जा स्रोतों से पूरी तरह अलग नहीं होने वाला है।

### भारत अपने हितों के अनुसार फैसला लेता रहेगा


राष्ट्रपति ट्रंप व पीएम मोदी फाइल फोटो

#### रूसी तेल की शिपमेंट में कमी आई

हालिया आंकड़ों में गिरावट साफ दिखाई दे रही है। कीव स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स और यूएस एनर्जी इंफॉर्मेशन एडमिनिस्ट्रेशन के आंकड़ों के मुताबिक, भारत में रूसी तेल की शिपमेंट में पिछले कुछ हफ्तों में कमी आई है। यह आंकड़ा अक्टूबर में 2 मिलियन बैरल प्रतिदिन से घटकर दिसंबर में 1.3 मिलियन बैरल प्रतिदिन रह गया है। यह गिरावट दर्शाती है कि अमेरिकी दबाव और प्रतिबंधों का असर व्यापारिक निर्णयों पर पड़ रहा है।

### भारत में अमेरिका के राजदूत की स्वागत पार्टी

भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में अपने आवास पर एक स्वागत पार्टी रखी। इस पार्टी में भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल भी शामिल हुए। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि भारत में अमेरिकी दूतावास में सर्जियो गोर के वेलकम रिसेप्शन में शामिल होकर बहुत खुशी हुई। मुझे विश्वास है कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के साथ भारत-अमेरिका साझेदारी नई ऊंचाइयों पर पहुंचेगी। इस रिसेप्शन में भारत के दोस्तों, डिप्लोमैटिक समुदाय के सदस्यों, बिजनेस लीडर्स और अमेरिकी साझेदार शामिल हुए। केंद्रीय मंत्री एस जयशंकर और पीयूष गोयल के साथ 75 से ज्यादा अन्य राजदूत भी मौजूद थे।

#### दोनों देशों के बीच अनगिनत संभावनाएं: सर्जियो गोर

सर्जियो गोर ने 'एक्स' पर लिखा कि भारत और अमेरिका के नए ट्रेड फ्रेमवर्क और गहरे होते



रणनीतिक संबंधों के बीच, असली जादू इन व्यक्तिगत पलों में होता है, जहां भरोसा, विचार और साझा भविष्य आकार लेते हैं। भारत और अमेरिका के बीच अनगिनत संभावनाओं के लिए! व्हाइट हाउस भारत पर ध्यान दे रहा है। हमारे राष्ट्रपति भारत पर ध्यान दे रहे हैं, और प्रेसिडेंट ट्रंप और पीएम मोदी की दोस्ती की वजह से हम आखिरकार ट्रेड डील कर पाए।

#### अमेरिकी बाजार में बढ़ेगी भारत की पहुंच

भारत और अमेरबीच हुए नए द्विपक्षीय व्यापार समझौते के बाद भारत को अमेरिका के लगभग 30 ट्रिलियन डॉलर के विशाल बाजार में विशेष और आसान पहुंच मिली है। यह समझौता भारत की अर्थव्यवस्था, निर्यात और रोजगार के लिए बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस समझौते के बाद कई सेक्टर में टैक्स को घटाकर लगभग 18 प्रतिशत कर दिया गया है। वहीं कुछ उत्पाद ऐसे भी हैं जिन पर अमेरिका ने पूरी तरह टैक्स खत्म कर दिया है। अब भारतीय सामान अमेरिका में पहले से सस्ता होगा और उसकी मांग बढ़ सकती है। भारत का अमेरिका को निर्यात पहले से ही मजबूत रहा है। वर्ष 2024 में भारत का अमेरिका को कुल निर्यात लगभग 86.35 बिलियन डॉलर रहा। अब इस नए समझौते के बाद भारतीय कंपनियों को अमेरिका में और ज्यादा व्यापार करने का मौका मिलेगा। इससे भारत के कई बड़े और छोटे उद्योगों को फायदा होगा।

---

### भारत और कनाडा के रिश्तों में सुधार

## कनाडा की एनएसए से मिले अजित डोभाल, साझा योजना पर 'सहमत'


नताली ड्रौइन और अजित डोभाल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और कनाडा ने तनावपूर्ण द्विपक्षीय संबंधों को सुधारने की दिशा में एक अहम कदम उठाया है। पिछले हफ्ते राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने ओटावा का दौरा किया था। इस दौरान उन्होंने कनाडा की एनएसए नताली ड्रौइन से मुलाकात की थी। दोनों के बीच हुई इस मीटिंग में भारत और कनाडा से जुड़े कई अहम फैसले लिए गए। दोनों पक्षों ने साइबर सुरक्षा नीति और साइबर सुरक्षा मुद्दों पर सूचना साझाकरण पर सहयोग को औपचारिक रूप देने के साथ-साथ घरेलू कानूनों और अंतरराष्ट्रीय दायित्वों के अनुरूप धोखाधड़ी और आव्रजन प्रवर्तन से संबंधित सहयोग पर चर्चा जारी रखने के लिए भी प्रतिबद्धता जताई है। बता दें, साल 2023 में भारत और कनाडा के रिश्तों में तनाव आ गया था।

#### राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर हुई चर्चा

रविवार को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने ओटावा में कनाडा के पीएम की उप सचिव और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार नताली ड्रौइन से मुलाकात की थी। इस पर विदेश मंत्रालय ने कहा है कि दोनों पक्षों ने अपने देशों और नागरिकों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई पहलों पर हुई प्रगति को स्वीकार किया है। दोनों ने राष्ट्रीय सुरक्षा और कानून प्रवर्तन मुद्दों पर द्विपक्षीय सहयोग का मार्गदर्शन करने और संबंधित प्राथमिकताओं पर व्यावहारिक सहयोग को लेकर एक साझा कार्य योजना पर सहमति जताई है। बैठक के दौरान यह भी सहमति बनी है कि प्रत्येक देश सुरक्षा और कानून प्रवर्तन संपर्क अधिकारी नियुक्त करेगा और उनकी संबंधित एजेंसियां कामकाजी संबंधों को और अधिक मजबूत करेंगी। विदेश मंत्रालय ने ये घोषणा की है कि दोनों देश एक-दूसरे के देशों में सुरक्षा संपर्क अधिकारियों की नियुक्ति को लेकर भी सहमत हुए हैं।

#### खालिस्तानी समूहों का उठाया मुद्दा

अजीत डोभाल और उनके कनाडाई समकक्ष ने उत्तरी अमेरिकी देश में सक्रिय खालिस्तानी समूहों के मुद्दे पर भी चर्चा की। डोभाल ने प्रवासी समुदाय के भीतर चरमपंथी चंदा जुटाने, धमकियों और दुष्प्रचार से जुड़े मामले, दस्तावेजों की धोखाधड़ी और भारत को निशाना बनाने वाले जबरन वसूली के मुद्दे पर भी चर्चा की। अजीत डोभाल की ड्रौइन और कनाडा के सार्वजनिक सुरक्षा मंत्री गैरी आनंदसंगरी के साथ भी बातचीत हुई। कनाडाई सरकार ने स्वीकार किया है कि भारत को टारगेट बनाया जा रहा है।

---

### ब्रिटेन जा पहुंची एप्स्टीन फाइल्स की आंच

## पीएम स्टार्मर ने इस्तीफा देने से किया इनकार, कहा- मुझे 'जनादेश' मिला

एजेंसी ▶▶ लंदन

अमेरिका में ब्रिटेन के राजदूत रहे पीटर मैंडलसन और यौन अपराधी जेफ्री एप्स्टीन के संबंधों का खुलासा होने के बाद 19 महीने पुरानी ब्रिटिश सरकार के लिए एक गंभीर संकट पैदा होने के बीच पीएम केअर स्टार्मर ने कहा कि वह अपने पद पर बने रहेंगे। अमेरिका में ब्रिटिश राजदूत रहे पीटर मैंडलसन और अपराधी जेफ्री एप्स्टीन के संबंधों का खुलासा होने के बाद ब्रिटेन के पीएम कीर स्टार्मर की कुर्सी पर खतरा मंडरा रहा है। वह लेबर पार्टी को मनाने की कोशिश कर रहे हैं कि वह महज डेढ़ साल के कार्यकाल के बाद उन्हें पद से न हटाए। मैंडलसन को इस उच्च पदस्थ राजनयिक पद पर नियुक्त करने के निर्णय को लेकर पीएम पर सवाल उठाए जा रहे हैं।

### लेबर पार्टी ने मांगा इस्तीफा


पीएम कीर स्टार्मर

उनकी मध्य-वामपंथी लेबर पार्टी के कुछ सांसदों ने 2024 में पीटर मैंडलसन को राजनयिक नियुक्त करने के उनके फैसले के लिए उनसे इस्तीफा देने का आह्वान किया है। स्कॉटलैंड में लेबर पार्टी के सबसे वरिष्ठ नेता अनस सरवर ने भी पीएम स्टार्मर से इस्तीफा देने की मांग की है। सरवर ने कहा कि ध्यान भटकाने वाली चीजें बंद होनी चाहिए और डाउनिंग स्ट्रीट में नेतृत्व में बदलाव होना चाहिए। ब्रिटेन में डाउनिंग स्ट्रीट पर ही पीएम आवास है। स्टार्मर के चीफ ऑफ स्टाफ और उनके संचार निदेशक ने भी इस्तीफा दे दिया है।

#### जिम्मेदारी से पीछे नहीं हटूंगा

पीएम के कार्यालय ने कहा कि स्टार्मर का पद छोड़ने का कोई इरादा नहीं है। स्टार्मर ने संसद में लेबर पार्टी के सांसदों से कहा कि मैंने आज तक जितने भी संघर्ष किए हैं, उन सबमें जीत हासिल की है। मैं अपने जनादेश और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी से पीछे हटने को तैयार नहीं हूं।

---

### मेधावी छात्र हुए पुरस्कृत

## श्रीलंका में 25 जिलों के 300 छात्रों को दी गई महात्मा गांधी स्कॉलरशिप

एजेंसी ▶▶ कोलंबो

श्रीलंका में 25 जिलों के 300 विद्यार्थियों को महात्मा गांधी छात्रवृत्ति दी गई। इस मौके पर श्रीलंका की पीएम हरिनी अमरसूर्या, शिक्षा और उच्च शिक्षा उप मंत्री मधुरा सेनेविरत्ना और भारत के कार्यवाहक उच्चायुक्त सत्यंजल पांडे मौजूद थे। कोलंबो स्थित शिक्षा मंत्रालय में हुए इस खास समारोह में मेधावी छात्रों को स्कॉलरशिप थमाई गई। भारतीय उच्चायोग के मुताबिक, छात्रों को मेरिट-कम-मीन्स स्कॉलरशिप के तहत हर महीने 2,500 एलकेआर (श्रीलंकाई मुद्रा) दिया जाता है। इसके लिए हर जिले के शीर्ष छह छात्रों का चुनाव किया जाता है। इस साल का समारोह


श्रीलंका पीएम हरिनी अमरसूर्या

2021 से 2024 तक के समय के बीच एक साथ दो बैच को स्कॉलरशिप देने के लिए खास रहा। भारतीय उच्चायोग ने कहा कि पीएम डॉ. हरिनी अमरसूर्या ने महात्मा गांधी स्कॉलरशिप देने और श्रीलंका में इसके कई दूसरे कामों के लिए भारत सरकार का शुक्रिया अदा किया। छात्रवृत्ति से सम्मानित छात्रों को बधाई देते हुए, पीएम ने महात्मा गांधी के विचारों और आदर्शों को याद किया।

---

## आईएनएसवी कौंडिन्य पहुंचा मस्कट



**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना के पोत आईएनएसवी कौंडिन्य को मस्कट से औपचारिक रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, जो भारत और ओमान के बीच साझा समुद्री विरासत और अटूट साझेदारी का प्रतीक है। आईएनएस कौंडिन्य भारतीय नौसेना का एक अनोखा, स्वदेशी रूप से निर्मित 'सिला हुआ पाल युक्त जहाज' है, जो 5वीं शताब्दी ईस्वी की पारंपरिक टंकाई तकनीक (नारियल की रस्सी और लकड़ी से निर्मित) का उपयोग करता है। यह बिना किसी लोहे की कील के बना है। प्रसिद्ध नाविक 'कौंडिन्य' के नाम पर आधारित इस जहाज ने गुजरात से ओमान के मस्कट तक की अपनी पहली ऐतिहासिक यात्रा सफलतापूर्वक पूरी की।

---

### इजराइल के पीएम नेतन्याहू के अमेरिकी दौरे पर ईरान का कड़ा ऐतराज

# कूटनीति के लिए बताया 'खतरनाक', इलाके में इनसे अशांति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मिलने के लिए विशेष वीआईपी विमान 'विंग ऑफ जायन' से रवाना हुए। पीएम नेतन्याहू ने कहा कि ये मुलाकात काफी अहम है जिसमें वो अपनी सोच से ट्रंप को अवगत कराएंगे। वहीं, उनकी रवानगी की खबर पर ईरान ने नाराजगी जताते हुए कहा कि नेतन्याहू का ये दौरा कूटनीति के लिए बेहद खतरनाक है। नेतन्याहू ने कहा कि यूएस-ईरान को लेकर अपनी विचारधारा से राष्ट्रपति ट्रंप को रूबरू कराएंगे। ये सिद्धांत न सिर्फ इजराइल के लिए, बल्कि दुनिया भर के हर उस देश के लिए जरूरी हैं जो शांति और सुरक्षा चाहता है। दोनों नेता गाजा समेत विभिन्न विषयों पर बातचीत करेंगे। नेतन्याहू का कहना है कि ट्रंप के साथ उनकी बार-बार की मुलाकात इजराइल-यूएस और निजी तौर पर उनके और ट्रंप के बीच की अद्वितीय निकटता का सबूत है।

### ईरान परमाणु और मिसाइल कार्यक्रम में कटौती करे: इजराइल

*नेतन्याहू, राष्ट्रपति ट्रंप से करेंगे मुलाकात*

*'विंग ऑफ जायन' विमान से हुए रवाना*


डोनाल्ड ट्रंप, अयातुल्ला खामनेई, बेंजामिन नेतन्याहू

बता दें, इजराइल लंबे समय से ईरान से यूरेनियम संवर्धन पूरी तरह बंद करने, मिसाइल कार्यक्रम में कटौती करने और क्षेत्र भर के आतंकवादी समूहों से संबंध तोड़ने की मांग करता रहा है। ईरान ने हमेशा इन मांगों को खारिज करते हुए कहा है कि वह प्रतिबंधों में ढील के बदले ही अपने परमाणु कार्यक्रम पर कुछ सीमाएं स्वीकार करेगा। नेतन्याहू बुधवार तक वाशिंगटन में रहेंगे। उन्होंने अपने दशकों लंबे राजनीतिक करियर में ईरान के खिलाफ अमेरिका की ओर से और अधिक कठोर कार्रवाई की वकालत की है। पिछले साल ईरान के सैन्य और परमाणु ठिकानों पर 12 दिन तक किए गए हमलों में इजराइल का साथ अमेरिका ने दिया था।

**इजराइल शांति प्रक्रिया में बाधक: ईरान**

ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाकई ने कहा कि हमारी बातचीत करने वाली पार्टी अमेरिका है। यह अमेरिका पर है कि वह इस इलाके के लिए दबावों और नकारात्मक असर से अलग हटकर काम करे। यहूदी शासन ने बार-बार, एक तोड़फोड़ करने वाले के तौर पर, दिखाया है कि वह हमारे इलाके में शांति की ओर ले जाने वाली किसी भी कूटनीतिक प्रक्रिया का विरोध करता है।

#### ईरान के अधिकारी वार्ता के लिए ओमान जाएंगे

ओमान संभावित अमेरिकी हमले को रोकने के उद्देश्य से ईरानी परमाणु कार्यक्रम को लेकर ईरान और अमेरिका के बीच वार्ता में मध्यस्थता कर रहा है। ईरान की संसद के पूर्व अध्यक्ष एवं देश की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के मौजूदा सचिव अली लारीजानी पिछले सप्ताह मस्कट में अमेरिकियों के साथ हुई अप्रत्यक्ष वार्ता के पहले दौर पर अपने देश की प्रतिक्रिया का संभवतः नेतृत्व करेंगे। लारीजानी ओमान के विदेश मंत्री एवं वार्ता में मुख्य मध्यस्थ बदर अल-बुसैदी और ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक से मुलाकात करेंगे।

---

### मणिपुर में फिर भड़की हिंसा

## 30 घरों को आग लगाई, सरकार ने पांच दिनों के लिए बंद किया इंटरनेट

एजेंसी ▶▶ इंफाल

मणिपुर के उखरुल में हिंसा भड़क गई है। हिंसा के दौरान कई घरों को आग लगा दी गई और गोलियां भी चली। यह हिंसा उखरुल के तंगखुल नगा समुदाय के सदस्य पर कथित हमले के खिलाफ भड़की। हिंसा के दौरान करीब 30 खाली पड़े घरों को आग लगा दी गई और इस दौरान गोलियां भी चलीं। हालात को देखते हुए सरकार ने पांच दिनों के लिए इंटरनेट बंद करने का फैसला किया है। यह हिंसा नगा और कुकी समुदाय के बीच भड़की है। अधिकारियों ने बताया हिंसा उखरुल के लिटन सरेखोंग गांव में भड़की, जहां हमलावरों ने कई घरों


इलाके में सुरक्षा बल

को आग लगा दी। हमलावरों ने हवाई फायरिंग भी की। हिंसा के डर से कई ग्रामीण अपने घर छोड़कर पड़ोसी जिले कांगपोकपी के सुरक्षित ठिकानों पर चले गए। हमले का आरोप कुकी उग्रवादियों पर लगा है। दरअसल कुछ दिन पहले दो तंगखुल नगा संगठनों ने उखरुल और पड़ोसी कामजोंग जिले में कुकी लोगों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिया था।

# बीसीसीआई ने दिखाए कड़े तेवर, वर्ल्ड कप अभियान के दौरान परिवार के साथ नहीं रहेंगे भारतीय खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टी20 वर्ल्ड कप में भारतीय टीम के बेहतर प्रदर्शन के लिए बीसीसीआई ने सख्त कदम उठाया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बीसीसीआई ने अपनी सख्त नीतियों पर कायम रहते हुए टी20 वर्ल्ड कप अभियान के दौरान खिलाड़ियों के परिवारों को उनके साथ रहने से रोक दिया है। बता दें, टी20 वर्ल्ड कप में इंडियन टीम ग्रुप स्टेज के तीन मुकाबले भारत में ही खेलने वाली है। बीसीसीआई के नियम के मुताबिक 45 दिनों से ज्यादा चलने वाली सीरीज या टूर्नामेंट के लिए परिवार के सदस्य खिलाड़ियों के साथ 14 दिनों तक रह सकते हैं, जबकि छोटे टूर के लिए यह लिमिट घटाकर सिर्फ सात दिन कर दी गई है।



### कर सकते हैं अलग से इंतजाम

रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय टीम मैनेजमेंट ने क्रिकेटरों के परिवारों को उनके साथ रहने की इजाजत देने के बारे में सफाई मांगी थी, लेकिन बोर्ड ने साफ कहा कि परिवार खिलाड़ियों के साथ नहीं रहेंगे। रिपोर्ट में कहा गया है, "बोर्ड ने साफ कर दिया है कि परिवार खिलाड़ियों के साथ नहीं रहेंगे। हालांकि, अगर वे चाहें तो अलग से इंतजाम कर सकते हैं।" भारत टी20 वर्ल्ड कप के दौरान लीग फेज के तीन मैच घर पर और एक गेम कोलंबो में खेलेगा। यह मैच भारत पाकिस्तान के खिलाफ होगा।

### खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर पड़ सकता है असर

भारतीय टीम 2024 में न्यूजीलैंड से भारत में ही 0-3 से हारी थी और फिर ऑस्ट्रेलिया में 2024-25 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में 1-3 से हार हुई थी। इसके बाद टेस्ट क्रिकेट में भारत के खराब प्रदर्शन की स्थिति को देखते हुए ऐसा किया गया था। अधिकारियों का मानना था कि परिवारों के साथ होने से, खासकर विदेशी मैचों के दौरान, खिलाड़ियों का ध्यान भटक सकता है और उनके प्रदर्शन पर असर पड़ सकता है। इसके अलावा, बीसीसीआई ने एक नियम बनाया है जिसके तहत सभी खिलाड़ियों को हर समय टीम के साथ यात्रा करनी होगी।

# पॉइंट्स टेबल में उतार-चढ़ाव, ग्रुप-ए में टीम इंडिया का दबदबा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टी20 वर्ल्ड कप की पॉइंट्स टेबल में उतार-चढ़ाव है। लगभग हर टीम ने कम से कम एक मैच खेला है। इंडिया से लेकर न्यूज़ीलैंड और इंग्लैंड तक, सभी टीमों ने अपने पहले मैच जीते हैं। इस बीच, नीदरलैंड्स और नेपाल उलटफेर करने के बहुत करीब थे लेकिन आखिर में हार गए। सभी 20 वर्ल्ड कप टीमों को पांच-पांच के चार ग्रुप में बांटा गया है।

हर ग्रुप की पॉइंट्स टेबल में टॉप दो टीमें सुपर 8 स्टेज के लिए क्वालीफाई करेंगी। इंडियन टीम ग्रुप ए में दबदबा बनाए हुए है, उसने अपने पहले मैच में यूएसए को 29 रन से हराया था। नीदरलैंड्स दूसरे और पाकिस्तान तीसरे स्थान पर है। नामीबिया और यूएसए को अभी जीतना बाकी है।



| | |
|---|---|
| इंडिया | - 2 पॉइंट्स |
| नीदरलैंड | - 2 पॉइंट्स |
| पाकिस्तान | - 2 पॉइंट्स |
| नामीबिया | - 0 पॉइंट्स |
| यूएसए | - 0 पॉइंट्स |

**ग्रुप बी में पहले स्थान पर जिम्बाब्वे**

| | |
|---|---|
| जिम्बाब्वे | - 2 पॉइंट्स |
| श्रीलंका | - 2 पॉइंट्स |
| ऑस्ट्रेलिया | - 0 पॉइंट्स |
| आयरलैंड | - 0 पॉइंट्स |
| ओमान | - 0 पॉइंट्स |

**ग्रुप सी में मुश्किल में इंग्लैंड**

| | |
|---|---|
| वेस्ट इंडीज | - 2 पॉइंट्स |
| स्कॉटलैंड | - 2 पॉइंट्स |
| इंग्लैंड | - 2 पॉइंट्स |
| नेपाल | - 0 पॉइंट्स |
| इटली | - 0 पॉइंट्स |

**ग्रुप डी में द. अफ्रीका सबसे मज़बूत**

| | |
|---|---|
| साउथ अफ्रीका | - 2 पॉइंट्स |
| न्यूज़ीलैंड | - 2 पॉइंट्स |
| यूएई | - 0 पॉइंट्स |
| अफ़गानिस्तान | - 0 पॉइंट्स |
| कनाडा | - 0 पॉइंट्स |



### आयरलैंड के खिलाफ मैच में नहीं खेलेंगे टिम

**कोलंबो।** टी20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया अपना पहला ग्रुप मैच आयरलैंड के खिलाफ बुधवार को खेलेगी। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिशेल मार्श ने कहा है कि विस्फोटक बल्लेबाज टिम डेविड इस मैच का हिस्सा नहीं होंगे। डेविड हैमस्ट्रिंग इंजरी से रिकवरी कर रहे हैं। मार्श ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, "वह पहले मैच का हिस्सा नहीं होंगे, लेकिन निश्चित रूप से अगले कुछ मैचों में वह टीम में दिखेंगे।" टिम डेविड बिग बैश लीग के दौरान बॉक्सिंग डे पर इंजर्ड हो गए थे। उसके बाद से वह क्रिकेट से दूर हैं। उनकी रिकवरी की गति अच्छी है। कोलंबो में बुधवार को वैकल्पिक अभ्यास को छोड़कर हर बैटिंग सेशन में उन्होंने हिस्सा लिया है और मंगलवार को मैच के कपड़ों में विकेटों के बीच फुल-इंटेंसिटी स्प्रिंट सहित कई रनिंग और फील्डिंग ड्रिल भी पूरी की हैं। इसके बावजूद ऑस्ट्रेलियाई टीम डेविड को लेकर कोई जोखिम नहीं लेना चाहती है।

## यूएई को 10 विकेट से शिकस्त देकर कीवी टीम ने दर्ज की लगातार दूसरी जीत

**174 का लक्ष्य 15 ओवर में पार**

# ओपनर्स की रिकॉर्ड साझेदारी, न्यूजीलैंड ने यूएई को बिना विकेट गंवाए हराया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टिम सिफर्ट (नाबाद 89) और फिन एलन (नाबाद 84) की आक्रामक पारियों और दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 92 गेंद में 175 रन की रिकॉर्ड साझेदारी ने न्यूजीलैंड ने आईसीसी टी20 विश्व कप मैच में 28 गेंद शेष रहते संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 10 विकेट से शिकस्त देकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की।

यूएई को छह विकेट पर 173 रन पर रोकने के बाद न्यूजीलैंड ने महज 15.2 ओवर में बिना किसी नुकसान के 175 रन बनाकर एकतरफा जीत दर्ज की। न्यूजीलैंड की यह लगातार दूसरी जीत है। टीम ने इससे पहले अफगानिस्तान को हराया था। 'प्लेयर ऑफ द मैच' सिफर्ट ने 42 गेंद की नाबाद पारी में 12 चौके और तीन छक्के लगाए।

### एलन में टी20 में पूरे किए 100 छक्के पूरे

एलन ने 50 गेंद की नाबाद पारी में पांच छक्के और इतने ही चौके लगाए, इसके साथ उन्होंने टी20 अंतरराष्ट्रीय में 100 छक्के पूरे किए। इस जोड़ी ने पारी की शुरुआत से ही आक्रामक रूख अपनाते हुए यूएई के गेंदबाजों को कोई मौका नहीं दिया। दोनों की 175 रन की साझेदारी टी20 विश्व कप में किसी भी विकेट के लिए सर्वश्रेष्ठ साझेदारी है।



### एलन ने दिखाए आक्रामक तेवर

लक्ष्य का पीछा करते हुए एलन ने मैच के दूसरे ओवर में मोहम्मद रोहिद के खिलाफ चौके से हाथ खोला तो वहीं सिफर्ट ने इस ओवर को लगातार दो चौके से खत्म किया। एलन ने जुनैद के खिलाफ दो छक्के लगाकर अपने आक्रामक तेवर दिखाए। उन्होंने गेंदबाज के सिर के ऊपर से गेंद को बाउंड्री पर भेजने के बाद अच्छी गेंद को डीप फाइन लेग के ऊपर से छह रनों के लिए भेज दिया। सिफर्ट ने छठे ओवर में रोहिद के खिलाफ एक छक्का और तीन चौके जड़े, जिससे पावरप्ले में ही न्यूजीलैंड ने बिना किसी नुकसान के 78 रन बनाकर मैच पर पूरा नियंत्रण बना लिया।

### कप्तान वसीम ने खेली 66 रन की नाबाद पारी

कप्तान मोहम्मद वसीम (नाबाद 66) और अलीशाह शराफू (55) की अर्धशतकीय पारियों और दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 107 रन की साझेदारी से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने छह विकेट पर 173 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज वसीम में 45 गेंद की पारी में चार चौके और तीन छक्के मारे जबकि शराफू ने 47 गेंद में पांच चौके और दो छक्के जड़े। मयंक कुमार ने आखिरी ओवरों में 13 गेंद में दो चौके और एक छक्का की मदद से 21 रन बनाकर टीम को इस प्रारुप के विश्व कप में अपने सबसे बड़े स्कोर तक पहुंचाया। न्यूजीलैंड के लिए मैट हेनरी ने आखिर ओवर में दो विकेट लिए जबकि जैकब डफी, लॉकी फर्ग्यूसन, मिचेल सैंटनर और ग्लेन फिलिप्स को एक-एक सफलता मिली।

## नीदरलैंड ने नामीबिया को 7 विकेट से हराया, डी लीडे की दमदार पारी



**नई दिल्ली।** अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में टी20 विश्व कप का ग्रुप ए का मुकाबला नामीबिया और नीदरलैंड के बीच मंगलवार को खेला गया। बास डे लीडे के बेहतरीन ऑलराउंड प्रदर्शन के दम पर नीदरलैंड ने नामीबिया को 2 ओवर पहले ही 7 विकेट से हरा दिया। नीदरलैंड को जीत के लिए 157 रन का लक्ष्य मिला। टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और मैक्स ओ दाउद के रूप में पहला झटका 16 के स्कोर पर लगा। वह 7 रन बनाकर आउट हुए। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे बास डे लीडे ने बेहतरीन बल्लेबाजी की और 48 गेंद पर 4 छक्कों और 5 चौकों सहित नाबाद 72 रन की पारी खेल टीम को 12 गेंद पहले 7 विकेट से जीत दिला दी।

### लीडे के बल्ले से निकला विजयी चौका

डे लीडे ने दूसरे विकेट के लिए माइकल लेविट 28, के साथ 30 और तीसरे विकेट के लिए कोलिन एकरमैन 32 के साथ 68 रन की अहम साझेदारी की। इसके अलावा लीडे ने कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स नाबाद 18 के साथ 43 रन की साझेदारी की। नीदरलैंड ने 18 ओवर में 3 विकेट पर 159 रन बनाकर मैच जीता। विजयी चौका बास डे लीडे के बल्ले से निकला।

## बेल्जियम के खिलाफ आज भारत करेगा अभियान की शुरुआत



**राउरकेला।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम बुधवार से बेल्जियम और अर्जेंटीना के खिलाफ होने वाले एफआईएच प्रो लीग में अपने अभियान की शानदार शुरुआत करने के लिए प्रतिबद्ध होगी क्योंकि पिछली बार वह आठवें स्थान पर रही थी। भारत बुधवार को मजबूत बेल्जियम के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा, जिसके बाद गुरुवार को उसका अर्जेंटीना से मुकाबला होगा। भारतीय टीम शनिवार को एक बार फिर बेल्जियम का सामना करेगी और रविवार को अर्जेंटीना के खिलाफ अपने अभियान का समापन करेगी। अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनुभवी खिलाड़ियों और युवा प्रतिभाओं के संतुलित मिश्रण वाली भारतीय टीम दुनिया की शीर्ष रैंकिंग वाली दो टीमों के खिलाफ परिस्थितियों का लाभ उठाने की कोशिश करेगी।

# रणजी ट्रॉफी : बंगाल 19वीं बार सेमीफाइनल में, आंध्र प्रदेश को पारी और 90 रन से हराया

एजेंसी ▶▶| कल्याणी

रणजी ट्रॉफी 2025-26 के जारी सीजन में जहां तीन टीमें पहले ही क्वार्टरफाइनल जीतकर सेमीफाइनल में पहुंच चुकी थीं, वहीं आखिरी मुकाबले में बंगाल ने नीतीश कुमार रेड्डी वाली आंध्र प्रदेश टीम को पारी और 90 रन से हराकर 19वीं बार रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में जगह बना ली है।

बंगाल की इस जीत में क्वार्टरफाइनल मुकाबले में सुदीप कुमार ने ऐतिहासिक पारी खेलते हुए 299 रन बनाए और सिर्फ एक रन से तिहरा शतक लगाने से चूक गए। इस जीत के साथ रणजी ट्रॉफी 2025-26 के सेमीफाइनल का पूरा लाइनअप भी तय हो गया है। बंगाल 15 फरवरी को होने वाले सेमीफाइनल में जम्मू कश्मीर से भिड़ेगा जबकि दूसरा सेमीफाइनल कर्नाटक और उत्तराखंड के बीच खेला जाएगा।

### शमी ने उड़ाए आंध्र प्रदेश के छक्के



मोहम्मद शमी ने बल्ले से ताबड़तोड़ अंदाज में खेलते हुए 33 गेंदों में 7 चौके और 3 छक्कों की मदद से 53 रन ठोक दिए। बंगाल ने पहली पारी में 629 रन बनाकर 334 रन की विशाल बढ़त हासिल कर ली। दूसरी पारी में आंध्र प्रदेश की टीम संभल नहीं सकी और 244 रन पर ढेर हो गई, जिससे उसे पारी और 60 रन से हार का सामना करना पड़ा। दूसरी पारी में बंगाल के लिए सबसे ज्यादा 4 विकेट शाहबाज अहमद ने झटके।

### आंध्रप्रदेश की टीम 295 रन पर सिमटी

पहले बल्लेबाजी करते हुए आंध्र प्रदेश के कप्तान रिकी भुई ने 83 रन बनाए, जबकि नीतीश कुमार रेड्डी सिर्फ 33 रन ही बना सके। पूरी टीम 295 रन पर सिमट गई। बंगाल की ओर से पहली पारी में मुकेश कुमार ने 5 विकेट हॉल लिया, मोहम्मद शमी ने 1 विकेट चटकाया और आकाश दीप ने 4 विकेट झटके।

# श्रीलंका को बड़ा झटका, हसरंगा विश्व कप से बाहर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

श्रीलंका को बड़ा झटका लगा है। दिग्गज स्पिनर वानिंदु हसरंगा इंजरी की वजह से विश्व कप से बाहर हो गए हैं। हसरंगा को कोलंबो में रविवार को आयरलैंड के खिलाफ मैच के दौरान हैमस्ट्रिंग में चोट लगी थी। एमआरआई स्कैन में उनके बाएं हैमस्ट्रिंग में गंभीर चोट का पता चला। यूके के एक विशेषज्ञ ने उनकी इंजरी रिपोर्ट देखने के बाद उन्हें टी20 विश्व कप से बाहर कर दिया। श्रीलंकाई मीडिया के अनुसार इंजरी की वजह से हसरंगा चार सप्ताह तक क्रिकेट से दूर रहेंगे।



हसरंगा का विश्व कप से बाहर होना श्रीलंका के लिए बहुत बड़ा झटका है। वह न सिर्फ एक बेहतरीन और मैच जिताऊ गेंदबाज हैं, बल्कि निचले क्रम के उपयोगी बल्लेबाजी से भी कई बार वह श्रीलंका को जीत दिला चुके हैं। आयरलैंड के खिलाफ ग्रुप स्टेज के पहले मैच में भी हसरंगा ने टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी और 4 ओवर में 25 रन देकर 3 विकेट लिए थे। हसरंगा की जगह टीम में लेगस्पिनर दुशान हेमंथा को शामिल किया जा सकता है। 31 साल के हेमंथा ने श्रीलंका के लिए अब तक 5 वनडे और तीन टी20 खेले हैं, जिसमें उन्होंने 6 विकेट लिए हैं।


**M.P. POWER GENERATING COMPANY LIMITED**
Addl. Chief Engineer (THC), Sirmour, Rewa (M.P.)

**NOTICE INVITING TENDER (THROUGH E-TENDERING PROCESS ONLY)**

M.P. Power Generating Co. Ltd. invites e-tenders from reputed Contractor/Firm/Service Provider/Joint Venture/manufacturer/authorised dealer/supplier/distributer for the following items :-

| Tender No. | Tender Particulars | Estimated Cost in Rs. (inclusive of Taxes)/Tender Cost in Rs./Period | EMD in Rs. | Date and Time for Closing of Online Submission | Date & Time of e-Opening of Tender |
|---|---|---|---|---|---|
| 2026_ MPPGC_ 477621_1 | Procurement of various lighting items and LED based flood tights for various power houses at THC Sirmour. | 24.25 Lakh/ 1000/- | 48600/- | 02.03.2026 Up to 15:00 Hrs. | 05.03.2026 from 15:00 Hrs. onwards |
| 2026_ MPPGC_ 477624_1 | Work contract to providing assistance in operation, maintence, store, camping house work of 3x20 MW, BS-III, MPPGCL, Deolond. | 64.16 lakh/- 2000/- 2 year | 128400/- | 23.02.2026 Up to 15:00 Hrs. | 25.02.2026 from 15:00 Hrs. onwards |
| 2026_ MPPGC_ 477626_1 | Work contract for providing assistance in unit operation & HR operation of 2x10 MW, BHPS-IV, MPPGCL, Jhinna. | 57.85 lakh/- 2000/- 3 year | 115800/- | 23.02.2026 Up to 15:00 Hrs. | 25.02.2026 from 15:00 Hrs. onwards |
| 2025_ MPPGC_ 470690_1 | Work of tiling of bath, toilet and kitchen of B C D & E type quarter at THP colony, MPPGCL, Sirmour. | 33.47 Lakh/ 1000/- | 67000/- | 02.03.2026 Up to 15:00 Hrs. | 05.03.2026 from 15:00 Hrs. onwards |
| 2025_ MPPGC_ 464997_1 | Providing and laying water proofing treatment work over roof of power house-I, Sirmour, PH-III, Deolond and PH-IV, Jhinna. | 50.65 Lakh/ 2000/- | 101300/- | 11.03.2026 Up to 15:30 Hrs. | 13.03.2026 From 15:30 Hrs. onwards |
| 2025_ MPPGC_ 470692_1 | Repairing and asphalting of road between lift shaft to PH-I, internal road power house primises including zero point near Itma to guruguda village at THC, MPPGCL, Sirmour. | 82.29 Lakh/ 2000/- | 164600/- | 06.03.2026 Up to 15:30 Hrs. | 09.03.2026 From 15:30 Hrs. onwards |

For further details of amendments/extensions/corrigendums etc. please visit website **https://mptenders.gov.in** in regularly. No separate information shall be published in print media for instant tender.
M.P. Madhyam/124418/2026 // Save Electricity // ADDL. CHIEF ENGINEER (THC)


## एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप : भारत 39 स्वर्ण, 15 रजत और 12 कांस्य पदक के साथ

# आकृति ने रजत, अंजुम ने जीता कांस्य, सोफिया ने बनाया विश्व रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत की आकृति दहिया और अंजुम मौदगिल ने एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप के महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (3पी) स्पर्धा में क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता। इस स्पर्धा में कजाकिस्तान की सोफिया शुलझेंको ने कर्णी सिंह परिसर में नया विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

सोफिया ने 35 शॉट के फाइनल में 358.2 अंक हासिल किए, जो रजत पदक विजेता आकृति दहिया से चार अंक अधिक थे। विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता अंजुम मौदगिल ने 340.4 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। सोफिया के इस स्कोर के साथ तीन नए रिकॉर्ड विश्व जूनियर, एशियाई और एशियाई जूनियर कायम किए। टूर्नामेंट में भारत 39 स्वर्ण, 15 रजत और 12 कांस्य पदक के साथ तालिका में शीर्ष पर है।



### जूनियर वर्ग में अनुष्का ने जीता कांस्य पदक

जूनियर महिलाओं की 3पी स्पर्धा में भारत की प्राची गायकवाड़ ने 353.3 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। 14 वर्षीय कजाकिस्तान की निशानेबाज टोमिरिस अमानोवा ने 351.4 अंक के साथ रजत पदक हासिल किया, जबकि भारत की अनुष्का ठाकुर ने 341.1 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। प्राची, अनुष्का और हेजल की तिकड़ी ने टीम स्पर्धा में 1748 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता, जो कजाकिस्तान से सात अंक अधिक था। सीनियर महिला 3पी टीम स्पर्धा में कजाकिस्तान ने 1760 अंकों के साथ भारत को चार अंकों से पीछे छोड़ते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया।




### हाईस्कूल 10वीं की परीक्षा कल से, पहले दिन नहीं बना कोई नकल प्रकरण

# अंग्रेजी के पर्चे के साथ 12वीं बोर्ड परीक्षा प्रारंभ

*माध्यमिक शिक्षा मंडल की हायर सेकेंडरी (कक्षा 12वीं) बोर्ड परीक्षाएं सोमवार 10 फरवरी से अंग्रेजी के पर्चे के साथ प्रारंभ हो गई, वहीं कक्षा 10वीं हाईस्कूल परीक्षा 13 फरवरी से प्रारंभ हो रही है। जिले में परीक्षाओं के लिए 100 परीक्षा केंद्र बनाए गए, जिनमें से 96 शासकीय स्कूल एवं 4 निजी स्कूल शामिल रहे। वहीं 4 परीक्षा केंद्र संवेदनशील लिस्ट में शामिल हैं। जिले भर में 18 हजार 640 विद्यार्थियों ने अपना पहला पेपर अलग-अलग केंद्रो में दिया।*

हरिभूमि जबलपुर।

परीक्षा के हर प्रश्न पत्र प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होंगे। जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने बताया कि सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र पर प्रातः 8 बजे तक उपस्थित होना अनिवार्य है तथा निर्धारित समय से 15 मिनट पूर्व के बाद किसी भी छात्र को परीक्षा कक्ष में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने बताया कि पहले दिन अंग्रेजी के पेपर में कही भी कोई नकल प्रकरण नहीं बना। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षाकाल के दौरान यदि शासन द्वारा कोई सार्वजनिक अथवा स्थानीय अवकाश घोषित किया जाता है, तब भी परीक्षाएं पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही संपन्न होंगी।



### संवेदनशील केंद्रों पर सीसीटीवी और वीडियोग्राफी

नकल रोकने के लिए तकनीक का व्यापक उपयोग किया जा रहा है। संवेदनशील परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और इनकी निगरानी सीधे भोपाल स्थित बोर्ड कार्यालय से की जाएगी। प्रश्नपत्र थानों से निकालने की प्रक्रिया की वीडियोग्राफी अनिवार्य की गई है तथा सुरक्षा गाड्‌र्स की तैनाती भी सुनिश्चित की गई है।

### हर केन्द्र पर पुलिस का पहरा

जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि परीक्षा केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ रोकने के लिए सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं तथा चयनित केंद्रों की निगरानी भोपाल से सीधे की जाएगी। औचक निरीक्षण के लिए उड़नदस्ते भी सक्रिय रहेंगे।

### हर छात्र तक पहुंचे टाइमटेबल

माध्यमिक शिक्षा मंडल ने सभी सरकारी, निजी और अनुदान प्राप्त स्कूलों को संशोधित टाइमटेबल की जानकारी छात्रों व अभिभावकों तक पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। नोटिस बोर्ड, प्रार्थना सभा और व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से सूचना साझा कर यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि कोई भी छात्र पुरानी जानकारी के कारण परीक्षा से वंचित न रह जाए। गौरतलब है कि माध्यमिक शिक्षा मंडल ने कुछ समय पहले संशोधित टाइम टेबल भी जारी किया था। ऐसे में छात्र को भ्रम न रहे, इसके लिए हर स्कूल में विद्यार्थियों तक यह टाइम टेबल पहुंचाने के निर्देश भी दिए थे।

### हाईकोर्ट ने निरस्त किया ट्रायल कोर्ट का आदेश

# आरोप तय होने के बाद आरोपी बनाना कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने एक अहम आदेश में साफ किया कि किसी प्रकरण में आरोप तय होने के बाद आरोपीबनाना कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग है। जस्टिस अवनींद्र कुमार सिंह की सिंगल बेंच ने इस मत के साथ छतरपुर ट्रायल कोर्ट का आदेश निरस्त कर दिया। दरअसल, छतरपुर जिले के ग्राम मुंडेरी निवासी गणेश प्रसाद गर्ग व उनके पुत्र बबलू मिश्रा की ओर से आपराधिक पुनर्विचार याचिका दायर की गई थी। जिसमें एक बार आरोप तय किए जाने के बाद ट्रायल कोर्ट द्वारा आरोपित बनाते हुए समन जारी किए जाने का चुनौती दी गई थी। हाई कोर्ट ने अपने आदेश में साफ किया कि ट्रायल कोर्ट ने कानून प्रक्रिया का गलत इस्तेमाल किया है।



सेशन ट्रायल कोर्ट ने प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए आरोप तय कर दिए थे। ट्रायल कोर्ट ने आरोप तय होने के बाद शिकायतकर्ता पक्ष की तरफ से पेश आवेदन पर पुन संज्ञान लेते हुए याचिकाकर्ता पिता-पुत्र के नाम अपराधियों की सूची में शामिल करने के आदेश जारी किए। आरोप तय होने के बाद प्रकरण पर दूसरी बार संज्ञान नहीं लिया जा सकता है।

## रिटायरमेंट के 16 साल बाद भी नहीं किया पेंशन का भुगतान, डीईओ पर दस हजार का जुर्माना

*7 दिन में आदेश का पालन न होने पर स्कूल शिक्षा विभाग के प्रिंसिपल सेकेट्री को व्यक्तिगत रूप से होना पड़ेगा हाजिर*

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने स्पष्ट आदेश के बावजूद सेवानिवृत्ति के 16 वर्ष बाद भी कर्मचारी को पेंशन व रिटायरमेंट ड्यूज नहीं मिलने पर कड़ी नाराजगी जताई। आदेश की अवहेलना पर कोर्ट ने जिला शिक्षा अधिकारी जबलपुर घनश्याम सोनी पर 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया। कोर्ट ने अंतिम अवसर देते हुए उन्हें 7 दिन की मोहलत दी। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने कहा कि अगली सुनवाई यानी 17 फरवरी तक आदेश का पालन नहीं हुआ तो स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव को हाजिर होकर स्पष्टीकरण देना पड़ेगा। जबलपुर निवासी प्रकाश नारायण गुप्ता की ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता ने वर्ष 2010 में सेवानिवृत्ति के बाद दिए जाने वाली राशि (उच्च वेतनमान का एरियर, जीपीएफ, अवकाश नगदीकरण, ग्रेच्युटी) का भुगतान नहीं होने पर याचिका दायर की थी। इतना ही नहीं, उनकी पेंशन भी आज तक निर्धारित नहीं की गई। याचिकाकर्ता का दावा है कि वे दिव्यांग हैं। तर्क दिया गया मिल बकाया राशि कोई दया या अनुग्रह नहीं, बल्कि वर्षों की सेवा के बाद अर्जित वैध अधिकार है।



### पथ विक्रेता अधिनियम 2014 का खुलेआम हो रहा उल्लंघन, सौंपा ज्ञापन

# नगर निगम नियम कानून से ऊपर नहीं

हरिभूमि जबलपुर।

कांग्रेस पार्षद दल के सचेतक और पंडित भवानी प्रसाद तिवारी वार्ड के पार्षद अयोध्या तिवारी ने आज सिविक सेंटर पथ विक्रेताओं के साथ नगर निगम पहुंचकर नगर निगम आयुक्त के नाम ज्ञापन सौंपकर अतिक्रमण विभाग की कार्रवाई को 'अवैध' और जबरिया बताया। इस दौरान अयोध्या तिवारी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय ठेले एवं पथ विक्रेताओं ने नगर निगम मुख्यालय पहुंचकर अतिक्रमण विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कड़ी नाराज़गी व्यक्त की। इस मौके पर पार्षद दल सचेतक अयोध्या तिवारी ने नगर निगम के अतिक्रमण विभाग द्वारा की जा रही कार्रवाई को 'पथ विक्रेता अधिनियम 2014' का खुला उल्लंघन बताते हुए इसे तत्काल रोकने की मांग की और कार्रवाई पर ज्ञापन के माध्यम से गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि केंद्र सरकार के 'पथ विक्रेता अधिनियम 2014' के अनुसार, बिना वेंडिंग ज़ोन बनाए और बिना उचित पुनर्वास के किसी भी पथ विक्रेता को उसके स्थान से बेदखल नहीं किया जा सकता। वर्तमान कार्रवाई इस कानून की अवहेलना है। अयोध्या तिवारी ने आगे कहा कि एक ओर केंद्र व राज्य सरकार प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत इन छोटे व्यापारियों को लोन देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की बात कह रही है, वहीं दूसरी ओर नगर निगम का अतिक्रमण दस्ता उन्हें 'अतिक्रमणकारी' बताकर प्रताड़ित कर रहा है। और तो और नगर निगम इन विक्रेताओं से नियमित रूप से 'बाज़ार बैठकी' की वसूली भी कर रहा है और शुल्क लेने के बाद उन्हें अवैध मानकर हटाया जाने को न्यायसंगत बता रहा है। दरअसल नगर निगम का बिना किसी पूर्व सूचना के ठेले जब्त करना और उन पर भारी जुर्माना लगाना गरीब विक्रेताओं की कमर तोड़ना है। अयोध्या तिवारी ने कहा कि नगर निगम प्रशासन का यह दोहरा चरित्र बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एक तरफ आप उन्हें व्यापारी मानकर लोन देते हैं और टैक्स वसूलते हैं, दूसरी तरफ उनकी रोजी-रोटी छीन रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि यदि वेंडिंग एक्ट का पालन नहीं किया गया तो हम उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। वेंडिंग एक्ट के माध्यम से अयोध्या तिवारी ने मांग की कि अतिक्रमण की कार्रवाई को तत्काल प्रभाव से रोका जाए। सबसे पहले टाउन वेंडिंग कमेटी (TVC) बनाई जाए, तदोपरांत TVC के माध्यम से सर्वे कर विक्रेताओं को पहचान पत्र और सर्टिफिकेट ऑफ वेंडिंग दिए जाएं। वेंडिंग और नॉन वेंडिंग जोन निर्धारित किए जाएं। जब्त किए गए ठेले और सामान को बिना जुर्माने के वापस किया जाए। इस अवसर पर पथ विक्रेता और क्षेत्रीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। धन्यवाद।

## पं दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि आज

**प्रातः 10 बजे दीनदयाल चौक स्थित प्रतिमा पर होगा माल्यार्पण कार्यक्रम**

**जबलपुर।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य पं दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के अवसर पर आज बुधवार 11 फरवरी को भारतीय जनता पार्टी जबलपुर महानगर द्वारा प्रातः 10 बजे दीनदयाल चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने बताया पं दीनदयाल जी उपाध्याय की पुण्यतिथि को भारतीय जनता पार्टी समर्पण दिवस के रूप में मनाती है, इस दिन महानगर के सभी 1041 बूथों में पं दीनदयाल जी के तैल्य चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी साथ ही कार्यकर्त्ता समर्पण निधि का अर्पण करेंगे। भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने सभी पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों एवं कार्यकर्ताओ से अपने अपने बूथ में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की है।

## भाजपा करेंगी महानगर के सभी 1041 बूथों में पुष्पांजलि अर्पण

**जबलपुर।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य पं दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के अवसर पर आज बुधवार 11 फरवरी को भारतीय जनता पार्टी जबलपुर महानगर द्वारा प्रातः 10 बजे दीनदयाल चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने बताया पं दीनदयाल जी उपाध्याय की पुण्यतिथि को भारतीय जनता पार्टी समर्पण दिवस के रूप में मनाती है, इस दिन महानगर के सभी 1041 बूथों में पं दीनदयाल जी के तैल्य चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी साथ ही कार्यकर्त्ता समर्पण निधि का अर्पण करेंगे। भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने सभी पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों एवं कार्यकर्ताओ से अपने अपने बूथ में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की है।

### हिंदूवादी संगठनों ने जताया विरोध, किया शुद्धिकरण

# मंदिर में लघुशंका की घटना से गढ़ा में आक्रोश

**जबलपुर।** गढ़ा थाना क्षेत्र में एक मुस्लिम युवक द्वारा शराब के नशे में मंदिर में पेशाब किए जाने की घटना के बाद लोगों में तनाव व्याप्त हो गया। बताया जाता है कि गढा के सिंगरहा मोहल्ला में स्थित शिवमंदिर में बीती रात रिजवान उर्फ रिज्जू नामक युवक ने शराब के नशे में शिवलिंग पर पेशाब कर दी। रिजवान की इस हरकत को देख स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए, देखते ही देखते सैकड़ों लोग पहुंच गए, जिन्होंने जमकर हंगामा किया। घटना की खबर मिलते ही पुलिस अधिकारी दलबल मौके पर पहुंच गए, जिन्होंने लोगों को समझाईश देते हुए आरोपी रिजवान के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरु कर दी है। यहां मंगलवार की सुबह से बजरंग दल व विहिप अन्य हिंदूवादी संगठन के कार्यकताओं ने मंदिर में गंगा जल के साथ शुद्धिकरण किया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार गढ़ा की सिंगरहा बस्ती से लगा मैदान शाम ढलते ही शराब पीने वालों का अड्डा बन जाता है। यहां पर आसपास के असामाजिक तत्व आकर शराब पीकर हंगामा करते है। बीती रात इन्हीं में से एक रिजवान उर्फ रिज्जू भी शराब पी रहा था। शराब पीते हुए रिजवान कुछ दूर पर बने चबूतरे पर पहुंच गया। जहां पर उसने शिवलिंग के पास पेशाब की और वहीं लेट गया। रिजवान को पेशाब करते देख आसपास खड़े युवक आक्रोशित हो गए। थोड़ी देर में ही यह खबर आग की तरह फैल गई और मौके पर देखते ही देखते सैकड़ों लोग एकत्र हो गए, यहां तक कि हिन्दू संगठन के स्थानीय पदाधिकारी भी आ गए। जिन्होंने घटना पर आक्रोश जताते हुए नारेबाजी शुरु कर दी। लोगों का कहना था कि युवक की हरकत से हिन्दुओं की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है। खबर मिलते ही पुलिस अधिकारी भी पहुंच गए थे, जिन्होंने लोगों को कार्यवाही का आश्वासन देते हुए शांत कराया। इसके बाद हिन्दू संगठन के लोग थाना पहुंच गए, वहां पर कार्यवाही को लेकर प्रदर्शन व नारेबाजी करते रहे। बाद में पुलिस ने मामले में रिजवान के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है। वहीं मंगलवार को हिंदू संगठन के कार्यताओं ने मंदिर में पहुंचकर शिवमंदिर की शुद्धिकरण का काम कर पूजा पाठ भी की।

### निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने नागरिकों से सहयोग करने किया अनुरोध

# शहर को स्वच्छ बनाने नागरिकों की सकारात्मक सक्रियता है जरूरी : निगमायुक्त

**जबलपुर।** स्वच्छ सर्वेक्षण की प्रतियोगिता में शहर को अव्वल पायदान पर लाने के लिए नगर निगम ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। इसी कड़ी में आज निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने तड़के सुबह 7 बजे से ही शहर के विभिन्न क्षेत्रों का सघन निरीक्षण कर सफाई व्यवस्थाओं को देखा और अमले को कड़े दिशा-निर्देश जारी किए। निगमायुक्त ने भानतलैया से अपने निरीक्षण की शुरुआत की, जिसके बाद वे सिंधी कैंप, मदार टेकरी, मंडी, बहोराबाग, रद्दी चौकी और करौंदा नाला होते हुए सीधे गोबर गैस प्लांट पहुंचे। इस दौरान उन्होंने न केवल मुख्य सड़कों बल्कि गलियों की सफाई का भी सूक्ष्मता से अवलोकन किया। इस मौके पर निगमायुक्त ने क्षेत्रीय नागरिकों से भी संवाद किया और स्वच्छता अभियान में सहयोग करने अनुरोध किया।



### सार्वजनिक सुविधाओं पर विशेष ध्यान

निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त का मुख्य फोकस सफाई के साथ पब्लिक टॉयलेट्स पर भी रहा। उन्होंने शौचालयों के अंदर और बाहर की स्वच्छता, पानी की उपलब्धता और वहां मौजूद सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने इस मौके पर निर्देशित किया कि सार्वजनिक शौचालयों की बेहतर स्थिति शहर की स्वच्छता रैंकिंग के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

### लापरवाही बरतने वालों पर होगी

सड़क किनारे मलबा फेंकने और खुले में कचरा डालने वालों के प्रति निगमायुक्त ने बेहद सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग और संभागीय अमले को निर्देशित किया कि सड़क किनारे गंदगी फैलाने वालों पर तत्काल जुर्माने की कार्रवाई की जाए।

### कचरा और मलबा डालने वाले हॉटस्पॉट्स की निरंतर मॉनिटरिंग हो

निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने कहा कि सफाई व्यवस्था की नियमित रूप से निगरानी करें अमला, उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि सफाई कार्य में किसी भी स्तर पर ढिलाई अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर अपर आयुक्त, उपायुक्त, स्वास्थ्य अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी के साथ सहायक स्वास्थ्य अधिकारी के साथ संभागीय अधिकारी और मुख्य स्वच्छता निरीक्षक आदि उपस्थित रहे।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240